संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 15 नवंबर 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 305 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



एमपी की रैली में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का गदा देकर अभिनंदन करते हुए पदाधिकारी।

# एमपी विस चुनाव: मोदीमय हुआ इंदौर..

= कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते: पीएम मोदी

**उमड़ा सैलाब**

8 जैसे-जैसे 17 नवंबर की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे कांग्रेस के नेताओं के दांवों की पोल खुलती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**
**इंदौर** में पीएम मोदी का रोड शो हुआ। उनके साथ जीप में भाजपा नेता और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी नजर आए। पीएम ने यहां 55 मिनट का रोड शो किया। इसकी शुरूआत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के बड़ा गणपति मंदिर से हुई थी। वहीं, यह रोड शो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के राजवाड़ा पर खत्म हो गया।

**भीड़ बढ़ने से पीएम की गाड़ी के सामने गिरे बैरिकेड:** रोड शो के दौरान भीड़ के धक्के से पीएम मोदी की गाड़ी के ठीक सामने बैरिकेड गिरे। इस दौरान पुलिस वाले भी सड़क पर गिर पड़े। हालांकि बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि राजवाड़ा चौक पर मोदी के आते ही भीड़ का दबाव बढ़ गया और मोदी की जीप के ठीक सामने बैरिकेड गिर गए। लेकिन चालक ने ब्रेक लगाकर जीप को टकराने से बचा लिया। प्रधानमंत्री का रोड शो राजवाड़ा पर समाप्त हो गया।



मुस्लिम समाज की महिलाओं ने पीएम मोदी को दिया



**धन्यवाद:** इंदौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान

## 'जहां-जहां कांग्रेस आई, वहां-वहां तबाही लाई'

**पीएम मोदी** ने कहा, जैसे-जैसे 17 नवंबर की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे कांग्रेस के नेताओं के दांवों की पोल खुलती जा रही है। आज हमें पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते हैं। नौजवानों, महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर देने का, कांग्रेस के लूट और भ्रष्टाचार के पंजे को फिर कभी भी मध्यप्रदेश की तिजोरी पर हाथ न लगा देने का।

मुस्लिम समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंची। उन्होंने बताया कि तीन तलाक और लाड़ली बहना योजना ने समाज की महिलाओं को मजबूत बनाया है और जीवन जीने की एक नई दिशा दी है।
भाजपा की योजनाओं की वजह से मुस्लिम महिलाओं को सम्मान मिला है। मोदी जैसे ही बड़ा गणपति से थोड़ा आगे पहुंचे तो मुस्लिम समाज के मंच पर बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और बच्चियों ने उनका स्वागत किया। उनके हाथ में धन्यवाद मोदी के पोस्टर थे और सभी ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तय कार्यक्रम यानी रोड शो करने के लिए इंदौर पहुंच गए। यहां भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

## अब हर साल 3.5 लाख करोड़ के मोबाइल बनते हैं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा, जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी, तो भारत में हर साल 20 हजार करोड़ रुपये से कम के मोबाइल फोन बना करते थे। जबकि आज भारत में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के मोबाइल बनते हैं। आज पूरा देश लोकल के लिए वोकल हो रहा है। त्योहारों के अवसर पर भारत में बने उत्पाद, भारतीयों के बनाए उत्पाद खरीद रहा है। लेकिन क्या कांग्रेस के किसी भी नेता ने लोकल के लिए वोकल होने को कहा? ' उन्होंने कहा, जैसे-जैसे 17 नवंबर की तारीख नजदीक आ रही है।

## 'कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया'

**पीएम ने** कहा कि वैसे-वैसे कांग्रेस के नेताओं के दांवों की पोल खुलती जा रही है। आज हमें पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते हैं। ये चुनाव है मध्यप्रदेश के विकास को डबल इंजन की रफ्तार देने का।

**फास्ट न्यूज**

## दारोगा की कुचलकर हत्या: मंत्री बोले ऐसा होता रहता है

**हाजीपुर:** अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने फिर से विवादित बयान दे दिया है। जमुई में बालू माफिया द्वारा एक दारोगा की कुचलकर हत्या कर देने के सवाल पर शिक्षा मंत्री ने मीडिया से पूछा कि ये नई घटना है? ऐसी घटना पहली बार हुई है? इससे पहले कभी नहीं हुई है? उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में नहीं होता है? इस तरह की घटनाएं तो होती रही हैं, बिहार के भीतर।
**शिक्षा मंत्री ने कहा- इस तरह के अपराध होते रहते हैं:** शिक्षा मंत्री ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की घटनाएं होती रहती है। पुलिस-प्रशासन अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देती है। अपराधी कितनी देर तक बच पाते हैं? अपराधी संगीन अपराध करते हैं और उसका प्रतिफल होता है कि वह जेल में होते हैं और उन्हें सजा मिलती है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह के अपराध होते रहते हैं। इसके खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि नीतीश-तेजस्वी के शह पर बालू माफियाओं ने बिहार पुलिस के सब-इंस्पेक्टर पर ट्रैक्टर चढ़ाकर बेमौत मार डाला। बिहार में बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया नंगा नृत्य रहे हैं। वह लगातार टारगेट कर ईमानदार पुलिस वालों की हत्या कर रहे हैं। बिहार में शासन नाम का कोई चीज नहीं है। यहां अपराधियों का शासन है। बालू माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में जब पुलिस सुरक्षित नहीं है, तो जनता कैसे जिंदा बचेगी। ठगबंधन सरकार माफियाओं के हाथों में बिक चुकी है।

## 'मैंने आंदोलन में हिस्सा लिया और जेल भी गया'

**नागपुर:** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बीच 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक समारोह होने जा रहा है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन ने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है, जिसका इतिहास हम कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने आगे कहा, मैंने खुद अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया था और जेल भी गया था। भगवान राम हमारे इतिहास, विरासत और संस्कृति के प्रतीक हैं।

# भूस्खलन: सुरंग में हर सांस के लिए जंग

### 40 जिंदगिंया बचाने के लिए युद्ध स्तर चल रहा कार्य...

**रेस्क्यू अभियान**

8 सलक्यारा सुरंग में बार-बार मलबा गिर रहा है। यहां दोबारा मलबा गिरने से भगदड़ मच गई

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तरकाशी में** यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सुरंग में हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। सुरंग में 12 घंटे की शिफ्ट खत्म कर मजदूर रविवार सुबह करीब आठ बजे दीपावली की छुट्टी मनाने के लिए जाने ही वाले थे, लेकिन ढाई घंटे पहले ही 5:30 बजे सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने से करीब 250 मीटर आगे 35 मीटर हिस्से में भूस्खलन हो गया। सुरंग में उस वक्त 45 मजदूर थे। मलबा धीरे-धीरे गिरता देख पांच मजदूर तो बाहर भाग गए लेकिन 40 सुरंग में ही फंस गए।
**सुरंग में मलबा गिरते ही मची भगदड़:** सिलक्यारा सुरंग में बार-बार मलबा गिर रहा है। यहां दोबारा मलबा गिरने से भगदड़ मच गई। सुरंग में दस मजदूर कर रहे हैं। मलबा गिरते ही भगदड़ मचने से एक मजदूर चोटिल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। एनएचआईडीसीएल (राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम) के गत 6 नवंबर को रिलीव हो चुके महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल को उनके अनुभव को देखते हुए दोबारा भेजा गया है। हालांकि इस बार वह रिलीफ इंचार्ज की भूमिका में यहाँ आए हैं।

## एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल से बढ़ेगी भारत की ताकत

**मॉस्को:** भारत और रूस पारंपरिक रूप से रक्षा सौदे के मामले में सहयोगी देश रहे हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने रूसी समाचार एजेंसी- टीएएसएस के हवाले से बताया कि रूस भारत को इग्ला-एस विमान भेदी मिसाइलों की आपूर्ति करेगा। हाथ से पकड़ी जाने वाली इन विमान भेदी मिसाइलों की आपूर्ति के लिए दोनों देशों ने एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। लाइसेंस के तहत भारत में इग्ला के उत्पादन की अनुमति भी मिली है।

# 'भारत-नेपाल की साझी संस्कृति का प्रतीक है जौलजीबी मेला'

**शुभारंभ**

8 जौलजीबी मेला भारत, नेपाल व तिब्बत के सौहार्द, सास्कृतिक व परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है

**टीम एक्शन इंडिया/ देहरादून/पिथौरागढ़**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को काली और गोरी नदी के संगम पर आयोजित 110 वर्ष पुराने जौलजीबी मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला भारत, नेपाल व तिब्बत के मध्य आपसी सौहार्द, व्यापारिक, सास्कृतिक व परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने जौलजीबी मेले के लोग रुपये 10 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान केएमवीएन ने काली नदी पर युवाओं के लिए आयोजित राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर इ लगाई गई विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर सभी स्टालों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चाकलेट देकर बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सास्कृतिक मेला हमारी विलुप्त होती लोक विरासत को संरक्षण प्रदान कर रहा है और आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति से परिचित कराने का कार्य भी कर रहा है।



# 80 बैठकों के बाद तैयार हुई ई-कॉमर्स पॉलिसी, ठगी से बचेंगे ग्राहक




**नियम**

8 गोयल के अमेरिका से लौटते ही देश में ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं नियमों को लागू कर दिया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार, बहुत जल्द देश में ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं नियमों को लागू करने जा रही है। ई-कॉमर्स व्यापार के लिए काफी समय से लंबित पड़ी ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं नियमों के घोषित होने का फायदा ग्राहकों और रिटेल व्यापारियों को पहुंचेगा। इस पॉलिसी को तैयार करने में लगभग दो वर्ष लगे हैं। वाणिज्य मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय और सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच लगभग 80 बैठकें हुई हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से हुई मुलाकात के बाद यह बात कही है। गोयल ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि उनके अमेरिका से लौटते ही देश में ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं नियमों को लागू कर दिया जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री, इंडो पैसेफिक इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में भाग लेने के लिए 4 दिन की यात्रा पर अमेरिका गए हैं। वे 17 नवंबर को स्वदेश लौटेंगे। बतौर प्रवीण खंडेलवाल, देश में लंबे समय से 'कैट' द्वारा ई-कॉमर्स पॉलिसी एवं उपभोक्ता कानून के अंतर्गत नियमों को लागू करने की मांग की जा रही है। इसके पीछे ई-कॉमर्स बाजार में समानता की प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार करना है। अंतिम पड़ाव तक पहुंचने के लिए वाणिज्य मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय की सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ लगभग 80 बैठकों में विस्तृत बातचीत हुई है। गत दो अगस्त को वाणिज्य मंत्रालय में हुई एक मीटिंग में सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच पॉलिसी एवं नियमों के 6 मुख्य आधारों पर सहमति बनी थी। यह पहला मौका है, जब सरकार द्वारा किसी मुद्दे पर इतना व्यापक कंसल्टेशन किया गया है। मीटिंग में डीपीआईआईटी एवं उपभोक्ता मामलों के सचिवों के अलावा कैट, अमेजन, फि्लपकार्ट, रिलायंस, टाटाक्लिक, मिशो, स्नैपडील व शिपरॉकेट आदि सहित दोनों मंत्रालयों के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# अडाणी एनर्जी के एडवाइजर केंद्र की समिति में




**साधा निशाना**

8 इसी समिति ने अडाणी के 6 प्रोजेक्ट पास किए थे; उद्धव गुट बोला- दोस्ती हो तो ऐसी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी की कंपनियों में से एक है। इसका मौजूदा प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो 20,434 मेगावॉट है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के एडवाइजर जनार्दन चौधरी को मोदी सरकार ने एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी का मेंबर बनाया है।
पर्यावरण मंत्रालय के अंतर्गत काम करती है। इस पर शिवसेना (उद्धव गुट,) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा- दोस्ती हो तो ऐसी। एअउ ने अडाणी के 10 हजार 300 मेगावॉट के 6 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। प्रियंका ने ये भी कहा- एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी के एक मेंबर में सलाहकार हैं। एअउ के अन्य सदस्य कौन हैं? कमेटी के सदस्यों में से केवल एक निजी कंपनी के सलाहकार और आश्चर्यजनक रूप से काम करते हैं। 'अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के कई प्रोजेक्ट्स आए थे, जिनमें 850 मेगावॉट का रायवाड़ा (आंध्र प्रदेश), 1800 मेगावॉट का पेदाकोटा (आंध्र प्रदेश), 2100 मेगावॉट का पटगांव (महाराष्ट्र), 2450 मेगावॉट का कोयना-निवकाने (महाराष्ट्र), 1500 मेगावॉट का माल्शेज घाट भोरांडे (महाराष्ट्र), 1500 मेगावॉट का तराली (महाराष्ट्र) की परियोजनाएं 17 अक्टूबर को पास कर दी गईं।' पर्यावरण मंत्रालय के पोर्टल परिवेश के मुताबिक, पुनर्गठित एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी की पहली बैठक 17-18 अक्टूबर को हुई थी।

# 'मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर न्यूनतम छह महीने की सजा मिले'



**सुझाव**

8 नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम विधेयकों के ड्राफ्ट का विश्लेषण किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसदीय** समिति ने सलाह दी है कि मिलावटी पदार्थ बेचने के दोषी को न्यूनतम छह महीने की सजा मिलनी चाहिए। साथ ही समिति ने 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने की भी सलाह दी है। भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने कहा है कि मिलावटी खाने का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है और इसके लिए जो सजा का मौजूदा प्रावधान है वह अपर्याप्त है।
**समिति ने दी सजा बढ़ाने की सलाह:** समिति का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ जनता को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसके लिए दी जाने वाली सजा नाकाफी है। संसदीय समिति ने मिलावट के दोषी को न्यूनतम छह महीने जेल की सजा और न्यूनतम 25 हजार रुपये जुर्माना लगाने की सलाह दी है। बता दें कि मौजूदा कानून के तहत मिलावटी खाना बेचने की सजा अधिकतम छह महीने या एक हजार रुपये का जुर्माना या दोनों है। बता दें कि संसदीय समिति ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम विधेयकों के ड्राफ्ट का विश्लेषण किया और उसमें जरूरी बदलाव के लिए सुझाव दिए।

# भारतीय सीमा में घुसे म्यामांर के 2000 नागरिक

**टीम एक्शन इंडिया/आइजोल**
**म्यांमार** के चिन राज्य में एयरस्ट्राइक और जबरदस्त गोलीबारी की वजह से पड़ोसी मुल्क से लगभग 2000 से अधिक लोग मिजोरम में दाखिल हो गए।
ये सभी लोग पिछले 24 घंटों में सीमा पार करते हुए मिजोरम में दाखिल हुए। चम्फाई जिले के डिप्टी कमिश्नर जेम्स लालरिंचन ने एएनआई को बताया कि ये सभी लोग ताजा हवाई हमलों के बीच म्यांमार से 2000 से अधिक लो मिजोरम के चम्फाई जिले में प्रवेश कर गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
सेना और पीडीएफ के बीच हुई जबरदस्त गोलीबारी
वहीं, जेम्स लालरिंचन ने आगे जानकारी दी कि म्यांमार की सत्तारूढ़ जुंटा समर्थित सेना और मिलिशिया समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

## स्वामी प्रसाद के खिलाफ लखनऊ में शिकायत दर्ज

**लखनऊ:** सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के लगातार सनातन धर्म के खिलाफ बयानबाजी से आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए हजरतगंज थाने पहुंचे। उनका कहना था कि सनातन धर्म और उसके हिन्दू देवी देवताओं का अपमान करने पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए हजरतगंज इंस्पेक्टर से मिलकर लिखित शिकायत की है। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने बताया कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार हिंदू धर्म के खिलाफ गलत बोल रहे हैं।

**सिफारिश** रिपोर्ट में यह भी तर्क दिया गया है कि संशोधित व्यभिचार कानून को इसे जेंडर न्यूट्रल अपराध माना जाना चाहिए

# एडल्ट्री को फिर से अपराध बनाया जाए: संसदीय पैनल



**रिपोर्ट**

8 कुछ विपक्षी सदस्यों की दलीलों को ध्यान में रखते हुए समिति ने ड्राफ्ट पर और अध्ययन के लिए समय मांगा था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शादीशुदा** महिला/पुरुष के किसी दूसरे से संबंध बनाने (एडल्ट्री या व्यभिचार) को फिर से अपराध बनाया जाना चाहिए, क्योंकि विवाह पवित्र परंपरा है, इसे बचाना चाहिए। एक संसदीय पैनल ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता विधेयक पर अपनी रिपोर्ट में सरकार से यह सिफारिश की है। रिपोर्ट में यह भी तर्क दिया गया है कि संशोधित व्यभिचार कानून को इसे जेंडर न्यूट्रल अपराध माना जाना चाहिए। इसके लिए पुरुष और महिला को समान रूप से उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। पैनल की रिपोर्ट को अगर सरकार मंजूर कर लेती है तो यह सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच के 2018 में दिए उस ऐतिहासिक फैसले के विपरीत होगी, जिसमें कहा गया था कि व्यभिचार अपराध नहीं हो सकता और न ही होना चाहिए।
**विपक्षी सदस्यों ने पढ़ने के लिए समय मांगा था:** यह कमेटी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सितंबर में संसद में पेश किए भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए बनी है। 27 अक्टूबर को संसदीय समिति की बैठक हुई थी, लेकिन ड्राफ्ट रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया।
कुछ विपक्षी सदस्यों की दलीलों को ध्यान में रखते हुए समिति ने ड्राफ्ट पर और अध्ययन के लिए समय मांगा था। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम समेत कुछ विपक्षी सदस्यों ने कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल से डॉफ्ट पर फैसला लेने के लिए दिए गए समय को तीन महीने बढ़ाने का आग्रह किया था। सदस्यों ने कहा कि चुनावी लाभ के लिए इन विधेयकों को उछालना सही नहीं है।

# 9 साल में 500 से ज्यादा लोगों की नकली शराब से मौत हुई : डॉ. अशोक

## यमुनानगर में 20 से 24 लोग नकली शराब से जान गंवा चुके, सरकार अभी भी गंभीर नहीं : डॉ. अशोक तंवर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आम** आदमी पार्टी चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने मंगलवार को हरियाणा में नकली शराब से जा रही जानों को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि जहां पिछले कुछ दिन से पूरा देश दीवाली मना रहा था, वहीं हरियाणा में कुछ परिवारों की दीवाली मातम में गुजरी। यमुनानगर में अभी तक 20 से 24 लोग नकली शराब से जान गंवा चके हैं। हरियाणा में सरकार के संरक्षण में नशे का रैकेट चल रहा है। जिसकी वजह से ये जानें गई हैं। लेकिन इस नकली शराब से जो घर उजड़ रहे हैं, उस पर सरकार अभी भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह के मामले सामने आते



हैं तो सरकार सच्चाई को छुपाने की कोशिश करती है और सही आंकड़ों को छुपाकर गलत आंकड़े पेश करती है। सरकार कहती है कि 2016 से 2023 तक 39 मौतें हुई हैं, जबकि सरकार के 9 साल में 500 से ज्यादा लोगों की नकली शराब के कारण मौत हुई है। यदि सरकार इस मामले में गंभीर होती तो इसको रोका जा सकता था। जब ऐसी घटनाएं घट जाती हैं तो छापेमारी चल रही है और पुलिस प्रशासन भी अपने आपको गंभीर दिखाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा हरियाणा में नशा इतना बढ़ गया है कि लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। कुछ दिन पहले सिरसा के रोड़ी

**साधा निशाना**

**8 जहां पिछले कुछ दिन से पूरा देश दीवाली मना रहा था, वहीं हरियाणा में कुछ परिवारों की दीवाली मातम में गुजरी**

गांव में भी नशे की वजह से एक हत्या हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। क्योंकि पहले की घटनाएं बताती हैं कि जो असली दोषी थे वो आज तक नहीं पकड़े गए हैं। यदि वो पकड़ जाते तो इस सरकार के अंतराल में जो 500 से ज्यादा जानें गई हैं वो नहीं जाती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल यमुनानगर में उन परिवारों से मिलेगा जिनके परिजन की नकली शराब से मौत हुई है। नशे के खिलाफ इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा कि इसमें दूसरी पार्टियों के लोग भी शामिल हैं। कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण में मौत के सौदागर इस खेल को खेल रहे हैं, ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा सीएम खट्टर कह रहे हैं कि युवाओं से संवाद करेंगे। लेकिन सीएम खट्टर हरियाणा में नशे को खत्म करने के लिए भी युवाओं से चर्चा करे और नशे की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा हम उम्मीद करते हैं कि हरियाणा में इस तरह की घटनाएं दोबारा देखने को न मिले।

# हरिओम मंदिर में लगाया अन्नकूट का भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रसाद**

**8 सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने के वाले भक्तों के संकट भगवान क्षण में दूर कर देते हैं**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
शास्त्री नगर सुधा सभा द्वारा शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री नगर सुधार सभा के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। सभा के प्रधान जितेन्द्र शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने के वाले भक्तों के संकट भगवान क्षण में दूर कर देते है, जिस प्रकार संकट के समय भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी मात्र एक



अंगुली पर उठाकर अपने भक्तों की रक्षा की थी। सभा के सचिव सुभाष अरोड़ा, कैशियर प्रवीण गोयल, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, विपिन गुप्ता, पवन गुप्ता, वीरेंद्र शौरी, विमल गर्ग, बीआर पुंज, सुभाष गुप्ता, सारांश पुंज व दीपक बंसल ने प्रसाद वितरण की सेवा करते हुए कहा कि भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे एकता को बढ़ावा मिलता है। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्र ने बताया कि परंपरा के अनुसार गोकुल में जब इन्द्र देवता ने घमंड में आकर अपना भोग लगाने पर मूसलाधार बरसात शुरू कर दी जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर गोकुल वासियों की बरसात से रक्षा की। उसी दिन से भगवान श्रीकृष्ण के निमित विशाल अन्नकूट बनना शुरू हो गया और तभी से यह परंपरा चली रही है कि दिवाली से अगले दिन गोवर्धन की पूजा से पूर्व अन्नकूट बनाया जाता है जिसमें सभी भक्तों द्वारा दिए गए अन्न दान कर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# भाईदूज पर्व पर हजारों बहनों ने नेता संदीप गर्ग के माथे पर तिलक कर की मिसाल कायम

## मैं सदा ही अपनी बहनों की रक्षा व सुरक्षा के लिए तत्पर रहूंगा: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन(दलबीर मलिक)**
लाडवा हल्के के नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने मंगलवार को बाबैन ब्लॉक के गांव गुढ़ा, संघौर व लखमड़ी में हजारों बहनों के साथ भाईदूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया और सैकड़ो की संख्या में महिलाओं से तिलक करवाकर उन्हें उपहार दिये। इतना ही नहीं तिलक करवाते समय संदीप गर्ग बहनों का प्यार देखकर भावुक हो गए और हर साल रक्षाबंधन व भाईदूज लाडवा हल्के की महिलाओं के साथ मनाने की बात कही।

नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की महिलाएं उन्हें इतना भाई के रूप में स्नेह करने लगी है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतने कम है। उन्होंने कहा कि भाईदूज के त्यौहार को लेकर बाबैन ब्लॉक के कई गांवों की सैकड़ो बहनों ने उनके माथे पर तिलक कर उनके लिए लंबी उम्र की कामना की। वहीं बहनों को उपहार भी दिये। उन्होंने कहा कि इससे पहले रक्षाबंधन पर्व पर लगभग सात हजार से भी अधिक बहनों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी थी और अब भाईदूज पर भी लाडवा हल्के की बहनों ने मिसाल कायम कर दी है। जिस प्रकार से उसने वह प्यार और आशीर्वाद उनको लाडवा हल्के की बहनों से मिल रहा है उसके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है।



**उपहार दिए**

**8 हर साल रक्षाबंधन व भाईदूज लाडवा हल्के की महिलाओं के साथ मनाने की बात कही**

उन्होंने कहा कि यदि लाडवा हल्के की बहनों ने उन्हें 2024 के चुनावों में आशीर्वाद दिया तो वह अपनी बहनों के लिए इतने कार्य करेंगे कि आज तक लाडवा हल्का क्या पूरे प्रदेश के किसी भी विधायक ने अपने हलके के लिए और अपने हल्के की बहनों के लिए नहीं किये होंगे। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जो भी प्रमुख समस्याएं हैं वह उनके बारे में अच्छी प्रकार से अवगत है और यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले उन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की बहनों के लिए पहले ही उनकी ओर से कई कार्य किया जा रहे हैं जैसे कि कई गांव में सिलाई सेंटर खोले गए हैं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाईदूज के त्यौहार पर बहनों में उनके प्रति स्नेह व प्यार देखकर लग रहा है कि सभी बहने 2024 के चुनावों का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि वह सदा ही अपनी बहनों की रक्षा व सुरक्षा के लिए तत्पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनावों में उनकी सभी बहनें ही उनका हर एक बूथ संभालेगी और लोगों से वोट डलवाकर उन्हें विजय कर विधानसभा में भेजने का काम करेंगी।

मौके पर कोच कविता, सुनीता, कोमल, हिमानी, लीला, रूलदी, कमलेश, रेखा, राणो, अंग्रेजो, गीता, सोमती, सिन्द्रो, नीलम, सुमन, कमलेश, बालो देवी, परमजीत, सीता, बंतो देवी, दीक्षा, सलोनी, सुशीला, कांता, उर्मिला, शिमला, शीला, संतोष, कविता, प्रीति, ममता, जसमेरो, गुरमेलो, अंगूरी देवी, मनजीत कौर, पूनम, रोशनी, सुनीता, लक्ष्मी देवी, बेबी, रौनकी देवी आदि मौजूद थी।

# 'हर्ष फायरिंग अपराध है, हर्ष फायरिंग से बचें अन्यथा होगी कार्रवाई'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**पुलिस** प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया के निदेर्शानुसार हर्ष फायरिंग को लेकर जिला पुलिस पूरे तरीके से एक्शन में है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने प्रैस विज्ञपति जारी करते हुए जिले के आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि शादी विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करना कानूनी रूप से अपराध है। इसलिए कोई भी ऐसा ना करें यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सृजन के जनक भगवान विश्वकर्मा: नायब सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर)**
भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि निर्माण एवं सृजन के जनक भगवान विश्वकर्मा की देन से करोड़ों लोग अपने हाथ का रोजगार करके परिवार का पेट पाल रहे हैं। उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमेशा पिछड़ा वर्ग कमेरा कामगार को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी गत्त देर सायं कीर्ति नगर में रामगढिया सभा द्वारा भगवान विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले भाजपा



प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया और रामगढिया सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा को याद किया। सांसद ने कहा कि भगवान ने प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे से अलग बनाया है। लेकिन उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को एक अलग तरह की कला दी है।

इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंदर छिपी कला को पहचानना होगा। तभी निरंतर आगे बढ़ा जा सकता है। पिछड़ा वर्ग को मान सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री

**शीश झुकाया**

**8 भगवान विश्वकर्मा की देन से करोड़ों लोग अपने हाथ का रोजगार करके परिवार का पेट पाल रहे हैं: सैनी**

मनोहर लाल ने शीर्ष पदों पर इस वर्ग के लोगों को बिठाया ताकि इस समाज के दबे हुए वर्ग को दूसरों के सामान लाकर खड़ा किया जा सके।
विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कामगार वर्ग के कल्याण के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई।

# केयू में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय के प्रांगण में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के



अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, प्रो. ज्ञान प्रकाश दुबे, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. चेतन शर्मा, लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, कुटा सचिव डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. सोमबीर जाखड़,एक्सईएन राजपाल, अशोक सहित पुस्तकालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# केयू में वर्ल्ड डायबिटीज डे पर निशुल्क हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में वर्ल्ड डायबिटीज डे पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में निःशुल्क हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हेल्थ सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं व उनकी टीम द्वारा लगभग 300 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस कैंप में न्यूरोपैथी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी टेस्टिंग, लिवर स्कैन, ईसीजी और कई अन्य टेस्ट निशुल्क किए गए। कैंप में डॉ. पायल और डॉ. जसकरण द्वारा फिजिशियन एंड ऑर्थोपेडिक कंसल्टेशन भी मरीजों को प्रदान की गई। डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि आज के समय में डायबिटीज होना बहुत आम बात है जिस तरह का आजकल लाइफस्टाइल हो गया है उसमें डायबिटीज बहुत तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है। अधिक उम्र के लोगों को ही नहीं बल्कि आज के समय में युवा और बच्चे भी डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। यह एक ऐसा खतरनाक रोग है जो शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। अगर इसको नजरअंदाज किया जाये तो शरीर के दूसरे अंग निष्क्रिय हो सकते हैं।

**हेल्थ कैंप**

**8 डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि आज के समय में डायबिटीज होना बहुत आम बात है**

इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. अरुण केसरवानी, डॉ. परमेश, डॉ. राजेश सोबती, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, मोहन सिंह, नरेंद्र सिंह, अवतार सिंह, रूपेश, सुरेश शर्मा, वरुण, वीरेंद्र, अमित, पारस, पार्थ, देवेंद्र, अशोक, मनीषा व रितिका आदि उपस्थित रहे।

# बाल भवन में मनाया गया जिला स्तरीय बाल महोत्सव, विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बाल भवन प्रांगण में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि एडीसी वैशाली सिंह रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुसविन्द्र यादव मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी तथा विपिन कुमार शर्मा नोडल अधिकारी नैतिक मूल्यों की शिक्षा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित करके व दीप प्रजलवित करके किया गया। इसके पश्चात आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर मुख्यअतिथि का स्वागत किया।
इसके पश्चात जिला बाल कल्याण



अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि व विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों व उनके अभिभावकों का स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जिनमें आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की छात्रा दिव्यांशी ने एकल क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुती दी। यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के

**मंत्रमुग्ध**

**8 यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के बच्चों ने समूह नृत्य और हरियाणवी नृत्य पेश कर समारोह में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया**

बच्चों ने समूह नृत्य और हरियाणवी नृत्य पेश कर समारोह में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डा. पंकज गौड़ हिन्दी प्रवक्ता ने किया।
बाल दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग 546 विजेता बच्चे एवं जिला बाल कल्याण परिषद की वित्तिय स्थिति मजबूत करने में सहायता करने वाले सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, कालेजों के प्राचार्यो व प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर एकता ताई क्वांडो खिलाड़ी को 17वीं राज्य स्तरीय ताई क्वांडो प्रतियोगिता अंबाला में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।
इस मौके पर संदीप कुमार पूर्व जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, परियोजना निदेशक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र रोहताश सिंह रंगा, लेखाकार मनीष कुमार, आर्चरी कोच सुरेन्द्र शर्मा, लिपिक बलवान सिंह के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

# बेवजह के दिखावें से पैसा बचा कर उस पैसे से करते हैं जरूरतमंद की मदद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
देशभर में दीपावली का त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर सभी ने अपने परिचितो, शुभचिंतकों को मिठाई व गिफ्ट दिए। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी रह गए जोकि गरीबी के कारण त्योहार मना ही नहीं पाते , अपनो को तो सब उपहार दे ही रहे थे वहीं कुछ लोग ठिठुरती ठंड में बिना गर्म कपड़ों के रहने को मजबूर हैं उनकी तरफ शायद ही किसी का ध्यान गया हो , जो लोग आजीविका के लिए शहर से दूर कहीं भट्टों पर रहते हैं जिनका बाजार से कोई नाता नहीं है उनके लिए शायद त्योहार उतना मायने नहीं रखता। युवा चेतना क्लब समालखा की टीम पिछले 5 वर्षों से प्रत्येक त्योहार किसी न किसी जरूरतमंद के



साथ मनाकर अन्य लोगो के लिए मिशाल पेश कर रही है। क्लब द्वारा हर खुशी नशा या अन्य दिखावा करने की बजाए उस पैसे को ऐसी जगह लगाया जाता है ताकि किसी भूखे को खाना मिल सके , ठंड से ठिठुरते बच्चो , माताओं ,बूढ़ों को कपड़े मिल सकें । इस दीपावली भी क्लब द्वारा ऐसा ही किया गया, त्योहार के मौके पर टीम द्वारा ईंट भट्टे पर जहां प्रवासी मजदूर काम करते हैं वहां जाकर भंडारा लगाया व सबको भरपेट भोजन कराया । इसके साथ ही टीम द्वारा सैकड़ों बच्चो ,माताओं , बूढ़े आदमियों को गरम कपड़े दिए गए ताकि वो बीमारी से बच सकें । निश्चित तौर पर क्लब की मेहनत रंग लाएगी

**दायित्व**

**8 क्लब द्वारा हर खुशी नशा या अन्य दिखावा करने की बजाए उस पैसे को ऐसी जगह लगाया जाता है**

और इससे वो लोग बीमारी से बचेंगे । इसके अलावा क्लब द्वारा बच्चो के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रथम , द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चो को इनाम दिए गए। दहिया ने बताया की इसके अलावा क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा , रक्तदान आदि क्षेत्रों में भी क्लब की टीम द्वारा सेवा की जाती है।

# विद्यालय खैरी के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में फहराया परचम

**प्रदर्शन**

**8 अर्चना ने तृतीय स्थान तथा कक्षा 9 के अरमान ने आधारित लघु नाटिका में द्वितीय स्थान प्राप्त किया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी के विद्यार्थियों ने खंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी ,जिसका आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा में




किया गया ,में भाग लिया।विभाग द्वारा निदेशित विभिन्न पांच विधाओं (पर्यवरण, स्वास्थ्य , कृषि ,संचार तथा गणित)के प्रदर्श विद्यार्थियों द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रदर्शित किए गए।आदर्श विद्यालय खैरी के कक्षा 8 के आर्यन ने विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वी के भारत ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान, कक्षा 10 की अर्चना ने तृतीय स्थान तथा कक्षा 9 के अरमान ने विज्ञान आधारित लघु नाटिका में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।









# आईसीयू में सांसें गिन रहा...दिल्ली का एक्यूआई

## दिवाली की रात दिल्ली और आसपास के इलाके में हुई आतिशबाजी से राजधानी के कई इलाकों हवा की गुणवत्ता गंभीर प्लस कैटेगरी में पहुंच गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिवाली** की रात दिल्ली और आसपास के इलाके में हुई आतिशबाजी से राजधानी के कई इलाकों हवा की गुणवत्ता गंभीर प्लस कैटेगरी में पहुंच गई, जिससे 24 घंटे बाद भी दिल्लीवासियों को राहत नहीं मिली है। मंगलवार सुबह भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आसमान में धुंध की मोटी चादर छाई रही, जिससे लोगों को सांस लेना दूभर हो गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के राष्ट्रीय राजधानी में अभी-भी गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह छह बजे आईटीओ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 430 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में एक्यूआई 428 दर्ज किया गया। आरके पुरम 417, जबकि पंजाबी बाग में 410 दर्ज किया गया है। दीवाली से पहले प्रदूषण की मार झेल रहे गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में वर्षा ने राहत की सांस दी थी, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद दीवाली पर दिन-रात पटाखों की धूम-धड़ाम ने एक बार फिर से वातावरण में धुआं भर दिया है। स्माग बढ़ने से गले में खराश, आंखों में खुजली, खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या में अचानक फिर से तेजी आई है। प्रदूषण बढ़ने से वायु गुणवत्ता सूचकांक भी तेजी के साथ बढ़ा है।





**धुंध की चादर**

8 मंगलवार सुबह भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आसमान में धुंध की मोटी चादर छाई रही

**हानिकारक है इस तरह की हवा:** पीएम-2.5 की सांद्रता, सूक्ष्म कण जो श्वसन तंत्र में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं और श्वसन समस्याओं को ट्रिगर कर सकते हैं, इन क्षेत्रों में 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से छह से सात गुना अधिक दर्ज की गई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार, आधी रात को आनंद विहार के वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन ने पीएम-2.5 की सांद्रता 1,985 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। पिछले साल की तुलना में दीवाली पर पीएम-2.5 और पीएम-10 की सांद्रता क्रमशः 45 प्रतिशत व 33 प्रतिशत बढ़ गई।

## आपके पास तो पुलिस थी, फिर आप कैसे हुई फेल... गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा के नेताओं पर दिवाली पर पटाखे फोड़ने को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिसके कारण पूरी दिल्ली के प्रदूषण में खतरनाक स्तर की बढ़ोतरी हुई है।

**भाजपा चाहती थी कि पटाखे फोड़े जाएं:** गोपाल राय ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी अपनी गलतियों को छुपाने की कोशिश कर रही है। मैंने हाल ही में कई बीजेपी नेताओं के बयान सुने हैं और सभी अलग-अलग तरीकों से अपने बयानों को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। कल कोई त्योहार नहीं था तो कल पटाखे क्यों फोड़े जा रहे



थे? वे कहां से आए? बीजेपी के एक नेता ने कहा कि आप सरकार पटाखों पर रोक लगाने में विफल रही। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखे फोड़ने पर रोक लगाई थी, आपके हाथों में दिल्ली पुलिस है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा पुलिस भी आपके हाथ में है फिर फेल कौन है? इसका मतलब है कि आप चाहते थे कि पटाखे फोड़े जाएं।

**ग्रेप-4 के प्रतिबंध अभी रहेंगे लागू:** गोपाल राय ने कहा, दिवाली के बाद हवा की गति धीमी होने की उम्मीद थी और इसके कारण धुंध की स्थिति पैदा हुई है। कल भी पटाखे फोड़े जाने के बाद प्रदूषण का स्तर कल की तुलना में आज बढ़ गया है। उन्होंने आगे घोषणा की कि दिल्ली में निजी वाहनों पर प्रतिबंध आगे भी जारी रखा जाएगा। हमने कल तय किया था कि ग्रेप-4 के नियम अभी भी लागू रहेंगे। धूल के कणों को दबाने के लिए दोपहर 12 बजे से पानी छिड़काव का अभियान शुरू होगा।

# दिल्ली में बनेगी 10 और फैमिली कोर्ट...

## लंबित मामलों को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली में 10 और फैमिली कोर्ट बनाने की मंजूरी दे दी है। अब राजधानी में कुल 31 फैमिली कोर्ट हो जाएंगी। खास बात है कि 2019 में दिल्ली में फैमिली कोर्ट बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। इसके चार साल बाद 10 और फैमिली कोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

**10 जजों के पदों को होगा सृजन:** उपराज्यपाल के इस फैसले से कोर्ट के प्रमुख के लिए 10 जजों और 71 अन्य पदों के सृजन पर का असर पड़ेगा।

10 और फैमिली कोर्ट बनाने की मंजूरी 5-10 साल से अधिक समय से लंबित मामलों को देखते हुए आई है। खास बात है कि दिल्ली में फैमिली कोर्ट में लगभग 46,000 मामले लंबित हैं। सबसे कम 1321 प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, साकेत के पास लंबित हैं। रोहिणी कोर्ट में



**पंजीकृत**

8 फैमिली कोर्ट में प्रतिदिन औसतन लगभग 150-200 पारिवारिक न्यायालयों में पंजीकृत होते हैं

सबसे ज्यादा मामले लंबित इसके अलावा सबसे अधिक 3654 मामले रोहिणी फैमिली कोर्ट में लंबित हैं। पारिवारिक न्यायालय, द्वारका के अनुसार, प्रतिदिन औसतन लगभग 150-200 पारिवारिक न्यायालयों में पंजीकृत होते हैं और इन न्यायालयों में लगभग 80% कर्मचारी विभिन्न अन्य विभागों से भिन्न क्षमता पर काम कर रहे हैं।

# दिल्ली में छठ पूजा के लिए बनाए गए 900 से ज्यादा घाट

## कार पर दोनों तरफ से टक्कर मारने की कोशिश की गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिवाली के** बाद अब छठ पूजा को लेकर तैयारी तेज हो गई है। दिल्ली में छठ पूजा के लिए 900 से अधिक घाट तैयार किए गए हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को कहा कि छठ त्योहार के लिए 900 से ज्यादा घाट तैयार किए गए हैं।

**17 नवंबर से शुरू होगा छठ पूजा:** दिल्ली के मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए तंबू, लाइटें, बाजे समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बता दें कि इस बार छठ पूजा 17 नवंबर से शुरू होगा। छठ पर लोग उपवास रखते हैं और दो दिन सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम चाहते हैं कि श्रद्धालुओं को इस बार छठ का अच्छा अनुभव हो।

**900 से ज्यादा घाट बनाए गए:** उन्होंने कहा कि इसके लिए दिल्ली में 900 से ज्यादा घाट बनाए गए हैं। घाटों पर लाइटों, तंबू और बाजे की व्यवस्था की जाएगी। सभी को खुशी-खुशी सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए और छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। ध्यान देने वाली बात है कि छठ पूजा दिवाली के छह दिन बाद मनाई जाती है। खास बात है कि यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में अन्य राज्यों या अन्य देशों में बसे इन राज्यों के मूल निवासियों द्वारा मनाया जाता है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर साल अर्घ्य देने के लिए यमुना के तट पर जुटते हैं। हालांकि, यमुना नदी काफी जहरीली नजर आ रही है। यमुना और हरनंदी दोनों के जल और किनारों की स्थिति ऐसी नहीं है कि यहां छठव्रती आचमन कर सकें। इसलिए, कई परिवार इसे पार्कों, बगीचों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मनाते हैं जहां अस्थायी घाट तैयार किए जाते हैं और भक्तों को अनुष्ठान करने के लिए पानी भरा जाता है।



**तैयारी**

8 तंबू, लाइटें, बाजे समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस बार छठ पूजा 17 नवंबर से शुरू होगा

## दिल्ली सचिवालय से विशेष जल छिड़काव अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। आज वायु गुणवत्ता में गिरावट के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विशेष जल छिड़काव अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दिल्ली सचिवालय से शुरू हुआ है। बीते सोमवार को प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। बैठक में गोपाल राय भी मौजूद रहे थे। उन्होंने कहा था कि मंगलवार से 14 दिसंबर तक दिल्ली में खुले में आग जलाने के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत 611 टीम तैनात की गई है।

# छह दोस्तों संग घूमने गए शुभम की घर लौटी लाश, अगले महीने थी शादी

**हादसा**

8 एक ही गली में रहने वाले चार युवकों की मुजफ्फरनगर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रामनगर** इलाके में त्योहार पर मातम पसरा हुआ है। एक ही गली में रहने वाले चार युवकों की मुजफ्फरनगर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी बहने इस आस में थी भाई मसूरी घूमकर वापस लौटेंगे और वह उनके साथ भाईदूज मनाएंगी। एक युवक घोड़ी चढ़ने से चंद दिन पहले दुनिया को अलविदा कह गया। पारस शर्मा अपने परिवार के साथ रामनगर में रहते थे। परिवार में पिता दीपक शर्मा, मां संगीता शर्मा व एक बहन है। इसी मकान में पारस के ताऊ नवीन शर्मा रहते हैं। सोमवार रात 12 बजे पारस अपने मामा की कार लेकर अपने ताऊ के बेटे कुणाल शर्मा, पड़ोसी दोस्त शुभम त्यागी, धीरज और अशोक नगर निवासी विशाल, मेरठ निवासी अमन के साथ मसूरी के लिए निकला था। तभी दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कार पीछे से ट्रक में घुस गई, जिससे कार में सवार छह युवकों की मौत हो गई।



**मंगलवार रात को वापस आना था दिल्ली:** पारस की बहन आकांशा ने बताया कि उनके भाई और उसके दोस्तों को मंगलवार रात घर वापस आना था। वह एक दिन के लिए घूमने गए थे। बुधवार को भाई दूज मनाना था। वह इस त्योहार को लेकर काफी खुश थी। पारस, कुणाल, धीरज और शुभम अपने-अपने परिवार में इकलौते बेटे थे। मंगलवार तड़के पांच बजे परिवार को मुजफ्फरनगर पुलिस ने फोन करके हादसे की जानकारी दी। शुभम के परिवार में पिता योगेंद्र, मां और एक बहन है। परिवार ने बताया कि शुभम पेशे से इन्श्योरेंस एडवाइजर थे।

**9 दिसंबर को होनी थी शादी**

**शादी** बागपत में होनी थी। पांच दिसंबर को सगाई थी, नौ दिसंबर को बारात थी। शादी के कार्ड बटने शुरू हो गए थे। इस सड़क हादसे के बारे में जानकारी देते हुए सीओ विनय गौतम ने बताया कि सियाज कार अनियंत्रित होकर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की तरफ जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुस गई।

**9 दिसंबर को होनी थी शादी:** उनकी शादी बागपत में होनी थी। पांच दिसंबर को सगाई थी, नौ दिसंबर को बारात थी। शादी के कार्ड बटने शुरू हो गए थे। इस सड़क हादसे के बारे में जानकारी देते हुए सीओ विनय गौतम ने बताया कि सियाज कार अनियंत्रित होकर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की तरफ जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुस गई, जिसमें कार सवार सभी छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त शिवम पुत्र योगेन्द्र त्यागी, पार्श पुत्र दीपक शर्मा, कुनाल पुत्र नवीन शर्मा, धीरज, विशाल व एक अन्य दोस्त समस्त निवासीगण शाहदरा, दिल्ली के रूप में हुई। थाना छपार पुलिस द्वारा मृतकों के स्वजन को सूचित करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एम्स: शुगर रोगियों को मुफ्त मिलेगा इंसुलिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एम्स** गरीब मधुमेह के रोगियों को मुफ्त इंसुलिन उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए न्यू राज कुमारी अमृत कौर ओपीडी के सामने अमृत फामेर्सी में दो नए काउंटर खोले हैं। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर मंगलवार से इस सुविधा की शुरूआत हो गई। पहले दिन कई मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इस सेवा का शुभारंभ करते हुए एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने




कहा कि यह उन मरीजों को राहत देगा, जिन्हें एम्स के डॉक्टरों ने इंसुलिन के लिए लिखा हो। मुफ्त इंसुलिन देने के लिए काउंटर रोजाना सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुलेगा। यहां इंसुलिन की शीशियों को सुरक्षित ले जाने व रखने के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। वहीं दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को बर्फ का पैक भी दिया जाएगा जिनमें इन्हें सुरक्षित रखा जा सकेगा। इन मुफ्त इंसुलिन को हासिल करने के लिए एम्स के डॉक्टरों को मरीज के पर्ची पर लिखना होगा कि उन्हें कहीं और से दवा नहीं मिल रही है। शुरूआती दौर में मरीजों को एक माह के लिए इंसुलिन उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसे आगे चलकर दो से तीन माह तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**उपलब्ध**

8 इंसुलिन उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसे आगे चलकर दो से तीन माह तक के लिए बढ़ाया जा सकता है

# चीफ सेक्रेटरी मामले में सीएम को सौंपी 650 पन्नों की रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार की विजिलेंस मंत्री आतिशी ने चीफ सेक्रेटरी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को साढ़े छह सौ पन्नों की प्राथमिक रिपोर्ट सौंप दी है। आतिशी द्वारा सीएम केजरीवाल को सौंपी प्राथमिक रिपोर्ट में पाया गया है कि चीफ सेक्रेटरी ने अपने बेटे की कंपनी को 850 करोड़ का नाजायज फायदा पहुंचाया है। कंपनी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास साल 2015 में ये जमीन मात्र 75 लाख रुपये में खरीदी थी, लेकिन अब इस जमीन का महंगे रेट पर अधिग्रहण हुआ है। जिससे कंपनी को साढ़े आठ सौ करोड़ रुपये का अनावश्यक फायदा हुआ है। इससे पहले भी चीफ सेक्रेटरी ने बेटे की कई अन्य कंपनियों को भी सरकारी ठेके दिलाए थे। अब इन कंपनियों की जांच की जा रही है।

**क्या है मामला**

बामनोली में जमीन अधिगृहीत किए जाने के मामले में भूमि मालिक को 315 करोड़ का लाभ पहुंचाने की कोशिश का मुख्य सचिव नरेश



कुमार पर आरोप लगाया जा रहा है। आरोप है कि जिस कंपनी को लाभ पहुंचाया जा रहा था, उसी में उनका बेटा नौकरी करता है। इस आरोप का मुख्य सचिव खंडन कर चुके हैं।

इसके बाद मंडलायुक्त अश्वनी कुमार ने सोमवार को इस मामले में प्रेसवार्ता कर अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस कंपनी की जमीन अधिगृहीत की जा रही थी, उस कंपनी में मुख्य सचिव का बेटा नौकरी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के बच्चे कहीं-न-कहीं तो काम करेंगे और यह कोई अपराध नहीं है।

# हवा ही नहीं दिल्ली-एनसीआर में नदियां भी हुईं जहरीली, छठ पूजा में तीन दिन बाकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**

**हरनंदी** और यमुना, दोनों ही छठ के दौरान व्रतियों के लिए आस्था का सबसे बड़ा केंद्र होती है। दोनों स्थानों पर हजारों छठव्रती जल में खड़े होकर सूर्य उपासना करते हैं। इस समय यमुना और हरनंदी दोनों के जल और किनारों की स्थिति ऐसी नहीं है कि यहां छठव्रती आचमन कर सकें। जिन श्रद्धालुओं को जल में खड़े होकर व्रत पारण करना है, उनके लिए स्थिति अच्छी नजर नहीं आ रही है।

**तीन दिन शेष और तैयारियां...**



छठ व्रत शुरू होने में तीन दिन शेष हैं, लेकिन अब तक जिले से गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे प्रशासन की तरफ से अब तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई सुविधा मिल सके। 16-17 नवंबर में बेदी बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। जिससे नदी किनारे पूजा का स्थान सुनिश्चित किया जा सके। 17 नवंबर को होगी छठ की शुरूआत 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत 17 नवंबर को नहाय खाय के साथ शुरू होगा। 18 नवंबर को खरना की पूजा से होगी। 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। 20 नवंबर को उदीयमान भास्कर को अर्ध्य देने के बाद बेदी पर पूजा कर व्रत पारण किया जाएगा। व्रत शुरू किए जाने से पहले घाट बनाने के साथ वहां बेदी बनाने का कार्य किया जाता है। जिस करने के लिए श्रद्धालुओं ने स्वयं ही नदी किनारे सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर में कई स्थानों पर कृत्रिम घाट बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है, लेकिन इसमें अब तक प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिली है। श्रद्धालुओं का मानना है कि नदी किनारे घाट बनाने के साथ बेदी बनाकर वहां पूजा करना बेहतर होता है।

# शकरपुर में घर में लगी भीषण आग, महिला की नहीं बच सकी जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के शकरपुर एफ ब्लॉक में सोमवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां तेज आग लग गई। जिसमें एक 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इलाके से सामने आए वीडियो के अनुसार तारों में शॉट सर्किट होने से घर में आग लग गई थी। आग लगते ही इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि वह एक बुजुर्ग की जान नहीं बचा सके। आग लगने से घर में धुआं भर गया था, जिससे 55




वर्षीय अनिता का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई।

**10 लोग हुए घायल:** आग की चपेट में आकर 10 लोग घायल हुए, जिनमें से 55 वर्षीय अनीता सिंह की मृत्यु हो गई। ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी चार कार और 11 मोटरसाइकिलें जलकर खाक हो गई हैं। पीड़ित देव सिंह अधिकारी ने बताया है कि रात करीब 12:30 बजे उन्हें पता चला कि फ्लैट में आग लग गई है। पूरा घर धुएं से भर गया था। ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी थी, जो बढ़ते-बढ़ते चौथे फ्लोर तक पहुंच गई।

# शिकंजा क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा नंदू गैंग का शार्प शूटर

**काबू**

8 जांच के दौरान सोनू चौधरी और प्रवीण गर्ग नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने नंदू गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। टीम आरोपी के पास से एक लोडेड पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अक्टूबर को आरोपी मुकेश, विक्की सन्यासी और अन्य साथियों ने जमीन विवाद को लेकर थाना पालम गांव के क्षेत्र में एक महिला पर गोलीबारी करने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सोनू चौधरी और प्रवीण गर्ग नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में मुकेश फरार था, जिसे अब क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन अलग-अलग मामलों में वांछित था अपराधी




साथ ही बदमाश तीन अलग-अलग मामलों में भी वांछित था। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय मुकेश निवासी सुभाष नगर, बहादुरगढ़, हरियाणा के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी मुकेश ने खुलासा किया कि वह 'नंदू गैंग' का शूटर है और अब गैंग के सदस्य के रूप में काम करता है। हाल ही में उसे योजना को क्रियान्वित करने में सहायता करने के लिए नंदू गिरोह के सदस्य विक्की सन्यासी से मिलने के लिए कपिल सांगवान उर्फ नंदू से निर्देश मिले। इसके बाद वह विक्की सन्यासी से मिला और जमीन विवाद को लेकर थाना पालम गांव के इलाके में एक महिला पर गोली चला दी।

## न्यूज फ्लैश

### हृदय रोग से जूझ रहे समरा नकवी के बच्चे के लिए धन जुटाने का अभियान केस्रूं३ऋ४१४ॢड्ढं पर शुरू किया गया

**गाजियाबाद।** एक हार्दिक पहल में, नरजिस नकवी ने जन्मजात सायनोटिक हृदय रोग से जूझ रहे समरा नकवी के बच्चे का समर्थन करने के लिए केस्रूं३ऋ४१४ॢड्ढं के साथ एक धन जुटाने का अभियान शुरू किया है। टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट और एक अनुपस्थित फुफ्फुसीय वाल्व से पीड़ित शिशु का वर्तमान में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत, नई दिल्ली में इलाज चल रहा है। 7 जुलाई को जन्म के बाद से, बच्चे को गंभीर श्वसन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण अपोलो अस्पताल में एक सप्ताह तक भर्ती रहना पड़ा। 5 सितंबर को सांस लेने में तकलीफ बढ़ने के कारण समरा नकवी के बच्चे को मैक्स अस्पताल, साकेत ले जाया गया। उच्च जोखिम वाली ओपन-हार्ट सर्जरी के बाद, शिशु वर्तमान में वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर है, जो लगभग एक महीने तक बढ़ने का अनुमान है। परिवार पहले ही इलाज पर लगभग 7 लाख रुपये खर्च कर चुका है, जिससे उनके संसाधन खत्म हो गए हैं। अभियान के पीछे की प्रेरक शक्ति नरजिस नकवी कहते हैं, "वेंटिलेटर अब उन माता-पिता के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने पिछले दो महीनों में अपने बच्चे को बचाने के लिए अपना हर संभव प्रयास किया है।"

### हवा, हवा की बात सै भाइयो

कृष्ण कुमार निर्माण

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरयाणवी म्ह एक गाणा सै अक म्हारै गाम म्ह मरजाणी तेरी हवा कसूती सै। मतलब घणा कसूता रुक्का सै। पर जब बात हवा की चाली त्यो बात वा भी याद आग्यी अक भाई फलांणे माणस त्ये कति ए बात ना करियो, उसकी त्यो हवा घणी खराब सै। मतलब बेड़ा गर्क हो लिया जमा कति उसका। हरयाणा म्ह एक और कहावत भी सै अक फलाणा घणी हवा ल्ये रया सै मतलब घणा उड़ा-उड़ा हांडे सै। इस्स बात त्ये भी घणे लोग उसत्ये चिड?ा करै जो घणी हवा ल्ये रया हो। बड्डे-स्याणे न्यू भी कहंदये सुणे सै अक बाहर की हवा घणी ना लेणी चईये, मतलब बाहर की घणी हवा लेंण त्ये खुद की हवा भी खराब हो ज्याया करै। कई बार त्यो न्यू कहया जा सै अक इसक्ये त्यो बाहर की हवा लाग्य रयी सै, ज्यांत्ये घणा माच्चा-माच्चा हांड रया सै। हाँसी-मखौल म्ह कोये कति ए कमजोर सा हो, उस ताहीं भी कह दिया करै सै अक इसक्यी त्यो कति ए हवा सी लिकडनी पड़ी सै। बात हवा की चाल रयी सै या बैरण राजनीति म्ह भी घुस्सी देख्यी गई सै, मतलब न्यू अक जिसका पूरा जोर सा हो अर जीतण की पूरी आस हो, न्यू कह दिया करै अक भाई इसक्यी तो पूरी हवा सै, यो नहीं हार सकदया। जुकर पाछले टेम त्ये आप्पा देखण भी लाग्य रये सां पर राजनीति म्ह न्यू भी सुणा सै अक हवा कदयै भी पलटी मार ज्याया करै, बैरा ना लाग्या करदया। या त्यो भाई हवा की मर्जी वा कै करये, हवा की मर्जी वा क्यूकर चालै, हवा की मर्जी वा कित लिकड?ा अर कित बड?ा। अर साइंसदान त्यो न्यू भी कहैं सै अक हवा त्यो निराकार सै, या दिखदयी त्यो सै ए कोन्या बस जब चालै सै त्यो फील होवै सै। अर एक और कमाल सुणो हवा ओपरी भी होया करै, किसे म्ह किमैं गड़बड़ हो अर वा गड़बड़ डॉक्टर क्ये भी समझ म्ह ना आवै त्यो फेर लोग न्यू कहया करै अक भाई इसके भीतर त्यो ओपरी हवा सै, किसे स्याणे-सपटे त्ये दिखाल्यो ना त्ये हवा किमैं भी कर सकै सै। हवा-हवा की बात सै भाई, कई आदमी त्यो हवा-हवा म्ह बात करै ज्यां सैं। मतलब उनके लौवे धौरे धांस ना होंदयी पर बात हवा म्ह करदये पावेंग्ये। अर हवा का आपणा कमाल सै भाई। हवा प्ये मुहावरे भी घणे बणे होये सै अर कहावत भी। मतलब म्हारै त्ये त्यो या हवा आछी जो इतणी फेमस सै। अक इतणी फेमस त्यो आपणी सपना चौधरी भी ना होयी अर ना दादा लखमी। पर दोनूंआ की हवा कसूती सै। अर टीबी आलै बता रये थ्ये अक आजकाल त्यो हवा ऊँ भी कसूती सै, अर इतणी कसूती सै अक जिसन्ये भी देख्यो वोहयै खस-खस करदया हांडण लाग्य रया सै, अर सांस लेणा भी मुश्कल हो रया सै, टीबी आलै न्यू बता रये थ्ये अक अक दिल्ली म्ह इस हवा न्ये कति ए चाल्या पाड़ राख्या सै, जमी मारण न्ये हो रयी सै। अर आपणे ये राजनीति आले एक दूसरे प्ये इल्जाम ला-लाक्ये आपणी हवा बणाण लाग्य रये। अर हाड़े माणसा की हवा बंद होण लाग्य रयी सै पर सबन्ये आपणी-आपणी हवा की पड़ रयी सै। अर म्हारे ये नेतागण घणी हवा लेण लाग्य रये सै, जबकि ये आछी तरियां जाणे सै घणी हवा ना लिया करदये, मतलब घणी हवा लेणा भी आच्छा ना होंदा। पर एक बात याह भी सै, बिना हवा आदमी का आज काल के टेम म्ह काम भी ना चालदया, बिना हवा होवै कोये पूछदया ए कोन्या। अर इब्ब आली हवा त्यो न्यू बता रये थ्ये अक घणी कसूती जहरीली सै, इतणी जहरीली सै अक बस जी सा काढ़ दये सै।

पर एक बात और सुणी अक या जो हवा घणी खराब होयी सै, या त्यो माणसां न्ये खुद ए मिल-मिलाक्ये करयी सै, सुआद लेण खातर और भटकाओ बम्ब, पटाखे अर फुलझड़ी। अर और करयो कुदरत गैल्या खिलवाड़, अर और लाओ बसदये होये लोगयां धौरे कारखाने, और खरीदो एक-एक घर म्ह तीन-तीन कार, अर स्कूटर अर स्कूटी और करयो पाणी न्ये गंदा अर सारये रोण लाग्य रये सै। अर सुणो रोण त्ये काम कोन्या चालै या हवा त्यो खुद ए सुधारणी होग्यी, ना त्ये फेर जिंदगी आली हवा खराब होण म्ह बार कोन्या। देखल्यो,सोचल्यो अर यो कुदरत गैल्या खिलवाड़ बंद कर दयो। अर बात सुणो हवा प्ये बोहत सारयी बात त्यो रहैग्यी होंगी फेर कदये टेम-टूम पर करांग्ये बस फिलहाल त्यो इतणा बोहत सै, जै मानोग्ये त्यो। आच्छा जै राम जी की।

# सहकारिता मंत्री ने की 48वें पिराई सत्र की शुरूआत

## मनोहर सरकार 386 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दे रही देशभर में सर्वाधिक गन्ने का दाम : बनवारी लाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने मंगलवार को करनाल शुगर मिल के 48वें पिराई सीजन की शुरूआत की। हवन-यज्ञ के बाद मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने पिराई के लिए गन्ने डालकर मशीन को शुरू किया और किसानों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसान का एक-एक गन्ना खरीदेगी और समय से पेमेंट भी देगी।
डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि 9 साल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास की भावना से हर वर्ग के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 14 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का दाम बढ़ाकर 386 रुपये देने का काम किया है, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इसके लिए उन्होंने किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने



अगले साल के पिराई सीजन के लिए गन्ने के दाम 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की पहले ही घोषणा कर दी है।
**मुख्यमंत्री की सोच घाटे से निकले शुगर मिल:** मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि शुगर मिलों को घाटे से निकाला जाए इसलिए उन्होंने मिलों की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया है। पुराने शुगर मिलों में मरम्मत का कार्य ज्यादा होता था, ऐसे में किसानों को उत्तरप्रदेश में गन्ना लेकर जाना पड़ता था लेकिन मुख्यमंत्री ने मिलों की क्षमता बढ़ाई। आज हमारे किसानों का गन्ना दूसरे प्रदेश में नहीं जाता। उन्होंने कहा कि शुगर मिलों में चीनी के साथ-साथ एथनॉल प्लॉट व बायोगैस प्लॉट भी शुरू किए गए हैं। आज जो भी सुधार हो रहे हैं, इससे किसान को फायदा होता है। मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने काफी सुधार किए हैं। पैक्स के कंप्यूटराईज्ड होने से लोगों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह सहकारी से समृद्धि का संदेश देते हैं। इससे रोजगार पैदा होंगे और बेरोजगारी दूर होगी।
**किसानों के लिए मिल में काफी व्यवस्था:** मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करेंगे कि करनाल शुगर मिल निर्बाध रूप से चले। किसान को आनलाइन सर्विस के माध्यम से जानकारी मिल रही है, इसके अतिरिक्त मिल के बाहर भी किसानों के लिए हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है। कैंटीन में काफी सुधार किए गए हैं, यहां 10 रुपये में खाना उपलब्ध है। उन्होंने करनाल शुगर मिल में व्यवस्थाओं के लिए एमडी शुगर मिल हितेंद्र कुमार की भी प्रशंशा की। करनाल शुगर मिल के कर्मचारियों की मांग को लेकर मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही कोई सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी।
**शुगर मिल के नवीनीकरण पर मुख्यमंत्री का दिल की गहराईयों से आभार : हरविंद्र कल्याण:** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दिल की गहराईयों से आभार है, जो करनाल शुगर मिल का नवीनीकरण किया गया है। इससे किसानों को काफी राहत मिली है। पहले किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब नया प्लॉट लग जाने से राहत मिली है। उन्होंने 48वें पिराई सीजन की शुरूआत पर सभी किसानों व शुगर मिल प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों को पिराई सीजन के दौरान किसी तरह की परेशानी व दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसके लिए अच्छी प्लॉनिंग की जाए। उन्होंने किसानों से भी गन्ने के पैदावार बढ़ाने का आह्वान किया।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया बाल मेले का शुभारंभ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल आश्रम के सौजन्य से बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री जसबीर द्वारा किया गया।
सीजेएम ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला में विभिन्न स्थानों पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में बाल आश्रमों के बच्चों ने बाल आश्रम को रंगोली बनाकर सजाया व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर खेलों को आयोजन भी किया गया। सभी बच्चों के लिए अलग अलग प्रकार के स्नैक्स व मिठाईयों के स्टाल भी लगाए गए। बाल आश्रमो में रह रहे बच्चों द्वारा



दीपावली के उपलक्ष में दिये, मोम्बती, पेंटिंग, वाल हैंगिंग, बंदरवार जैसे सजावटी समान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सीजेएम जसबीर ने बच्चों के साथ सभी स्टालों पर स्नैक्स व मिठाईयां चखी व आयोजित इनडोर गेम्स मे भाग लेकर बच्चों का हौसला बढाया बच्चों ने बाल मेला का भरपूर आनंद उठाया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 नवंबर तक बढ़ाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित जाएगा। इसके लिए आवेदन की तिथि को एक नवंबर से बढ़ाकर 30 नवंबर किया गया है। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कुल 86 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें से 11-11 हजार के 47 पुरस्कार व 39 पुरस्कार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए दिए जाएंगे।
विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं संबंधित जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में 30 नवंबर तक आवेदन जमा करवा सकती हैं।

## आज से प्रारम्भ होगा शहरी कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिले के हर** घर में दस्तक देकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगी। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के अन्तर्गत जिले के 13 सामुदायिक एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के तत्वाधान में शहरी कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा। जिला स्तर पर सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. सिम्मी व पैरा मेडिकल वर्कर वन्दना आर्या द्वारा कार्यक्रम को निर्देशित किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ.कृष्ण कुमार ने बताया कि यूएलसीपी 15 से 28 नवम्बर तक करनाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तरावड़ी, नीलोखेड़ी, इन्द्री, घरौण्डा, असंध



व नीसिंग तथा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों-शिव कालोनी, रामनगर, इंदिरा कालोनी, धोबी मौहल्ला, सेक्टर-13, सेक्टर-6 व वसंत विहार के क्षेत्रों में संचालित होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग की कुल 85 टीमें, जिनमें एक आशा वर्कर व एक पुरूष कार्यकर्ता होंगे, घर-घर जाकर कुष्ठ संभावित व्यक्तियों की पहचान करेंगे। कुल 17 एमपीएचडब्ल्यू टीम सुपरवाइजर टीमों का पर्यवेक्षण करेंगे।
उप सिविल सर्जन, कुष्ठ रोग विभाग डॉ. सिम्मी कपूर ने बताया कि यूएलसीपी के अन्तर्गत 14 दिनों में 33 हजार 320 घरों में, 1 लाख 66 हजार 600 लोगों से सम्पर्क का लक्ष्य रखा गया है।

## गौशाला में दुधारू गाय खरीदने की खुली बोली 16 को: अरूण भार्गव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** की देखरेख में संचालित फूसगढ़ स्थित गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था गाय खरीदने की खुली बोली 16 नवंबर गुरूवार को गौशाला परिसर में की जाएगी। इससे पहले भी बोली करवाई जा चुकी है। कोई भी व्यक्ति बोली में भाग लेकर अपनी पसंद की गाय खरीदकर उसका मालिक बन सकता है।
उप निगमायुक्त अरूण भार्गव ने बताया कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में गायों की संख्या बढ? के कारण बोली के माध्यम से इनकी ब्रिकी करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि इनकी देखरेख के



लिए गौशाला में सभी इंतजाम मौजूद हैं। इनमें दुधारू व गर्भवती गाय हैं, जितनी गाय बिकती रहेंगी, उनकी जगह सडक पर भटकती गायों को उठाकर इसमें रखा जा सकता है।
उन्होंने बताया कि अब तक कुल 48 गाय, करीब 5 लाख 26 हजार रुपये में बिक गई हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में अभी भी करीब 45 दुधारू व गर्भावस्था की गाय मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि बीते माह गायों की बोली करवाने को लेकर तिथियां निर्धारित की गई थी। इसके तहत आगामी बोली 16 नवंबर व 20 दिसंबर को गौशाला परिसर में की जाएगी। बोली का समय प्रातः 10 बजे रहेगा।
बोली को लेकर तय किए गए नियमो की जानकारी देते उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकता है। इसके लिए 5 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी। रिजर्व प्राईस भी 5 हजार रुपये रखा गया है। एक सिक्योरिटी पर 2 गायों की बोली दे सकते हैं। बाकि के नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। लेकिन बोली के बाद गाय लेने से मना करने पर सिक्योरिटी राशि वापिस नहीं दी जाएगी।
गायों की बोली के लिए कमेटी गठित- उन्होंने बताया कि गायों की बोली को लेकर जो प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी, उसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें वरिष्ठद लेखा अधिकारी, सचिव, मुख्य सफाई निरीक्षक व गौशाला के केयर टेकर शामिल गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फूसगढ़ स्थित गौशाला में इस समय करीब 650 गाय और 450 नंदी मौजूद हैं व सभी स्वस्थ्य अवस्था में हैं।

## सुआ मारकर हत्या करने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस चौकी** सदर बाजार की टीम द्वारा होटल पर खाना खाते समय हुई मामूली कहासुनी में सुआ मारकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने मामूली कहासुनी को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।
शिकायतकर्ता सौरभ पुत्र भोलाराम वासी शिवाजी कॉलोनी करनाल, संदीप उर्फ काला पुत्र शिवकुमार वासी ओल्ड बहादुर चंद कालोनी और त्रिवेणी पुत्र गौरव महतो वासी शिवाजी कॉलोनी तीनों सफेदी व रंग रोगन का काम करते हैं। 9 नवंबर को काम करके समय रात 8 बजे रिकित होटल एसपीएस स्कूल हांसी रोड करनाल पर खाना खाने चले गए। वहां पहले से ही तीन अन्य व्यक्ति भी खाना खा रहे थे। शिकायतकर्ता सौरभ मेज के पास खड़ा था और उन तीनों में से एक व्यक्ति आया और शिकायतकर्ता को एक थप्पड़ मारा। शिकायतकर्ता ने उस व्यक्ति से थप्पड़ मारने का कारण पूछा, जिससे शिकायतकर्ता के दोस्त संदीप और त्रिवेणी भी उसके पास आ गए और आरोपी पक्ष के दोस्त भी आ गए और हाथापाई शुरू हो गई। इसके पश्चात आरोपी पक्ष में से एक व्यक्ति ने सुआ के साथ संदीप उर्फ काला के सिर और कमर में कई वार किए।

## बॉलीबॉल रनरअप चैंपियनशिप जीतने पर हुआ शानदार स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा करवाए गए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बॉलीबॉल प्रतियोगिता में एमएसडी पब्लिक स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ रनर अप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल पहुंचने पर स्कूल मैनेजमेंट द्वारा टीम का शानदार स्वागत किया गया।
स्कूल के प्रिंसीपल देवी चरण शर्मा ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने खुद मेहनत करते हुए जिला स्तर पर शानदार प्रर्दशन कर स्कूल का नाम चमकाया है। उन्होंने टीम के कप्तान रमन तथा अन्य खिलाडि?ों छविकेश, कार्तिक, कृश लविश, तरुण, उदयपाल, मेहताब, रितेश, विशु सैनी, तिलक तथा विशु को मेडल देकर सम्मानित किया।

## भाजपा में संगठनात्मक बदलाव एक सहज प्रक्रिया: सुभाष

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय जनता** पार्टी सिद्धांतो वाली पार्टी है और यहां राष्ट्रीय एकता व राष्ट्र ही सर्वोपरि का विचार प्रमुख है। सभी नेता व कार्यकर्ता इसी भाव से कार्य करते हुए अपने अपने दायित्व मे लगे रहते हैं। यह बात स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कही।
उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पूर्व तक प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व वरिष्ठ भाजपा नेता ओपी धनखड़ के पास था और वे स्वयं व सभी कार्यकर्ता पुरी निष्ठा से पार्टी की



मजबूती के लिए कार्य कर रहे थे। अभी दायित्व परिवर्तन कर केन्द्रीय नेतृत्व ने ये जिम्मेदारी कुरुक्षेत्र सासंद नायब सिंह सैनी को दी है। अब वह भी उसी निष्ठा से पार्टी की मजबूती के लिए दिन रात कार्य में लग गए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में यह एक सामान्य प्रक्रिया है और सभी कार्यकताओं में उतना ही जोश है जितना पहले था। न तो पूर्व अध्यक्ष की ओर से कोई बयान आया जिनका दायित्व परिवर्तन किया और न ही किसी कार्यकर्ता का, जबकि विपक्ष स्वयं ही अनाप शनाप बयान बाजी कर रहा है।
सुभाष चंद्र ने कहा कि अन्य किसी भी राजनीति दल या पार्टी में ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है, क्योंकि इन पारिवारिक पार्टियों के सभी नेता केवल अपने नाम व हित के लिए कार्य करते हैं। ओपी धनखड़ आज भी उसी जोश के साथ अपने नए दायित्व पर लगे हुए है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अब नायब सिंह सैनी से भी संगठन व कार्यकर्ता ऐसी ही अपेक्षा कर रहे हैं।

# तीन हथियारबंद नकाबपोश शराब के ठेके से 40 हजार और शराब लूटकर फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** रामगढ़ छानो गांव में एक शराब के ठेके पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने तेजधार हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बदमाश ठेके की फाइबर काटकर अंदर घुसे थे और आते ही ठेके में मौजूद कारिंदे को हथियार की नोक पर ले लिया। बदमाशों ने अंग्रेजी व देसी शराब की पेटियां ठेके से उठा ली और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीडित ने मामले की जानकारी ठेकेदार को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया और लिखित शिकायत की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पंजाब के लालडू गांव का रहने वाला मोनू इंद्री के रामगढ़ छानो में शराब के ठेके पर काम करता है। ठेका बिंद्र पोसवाल का है। बीती आधी रात को करीब 12 बजे तीन अज्ञात बदमाश ठेके की फाइबर काटकर अंदर घुसे। मोनू ने बताया कि वह ठेके के अंदर ही सो रहा था। बदमाशों की आहट से उसकी आंख खुल गई। उसने चिल्लाने की कोशिश भी की, लेकिन उसे तेजधार दिखाकर वहीं चुपचाप बैठने के लिए कहा। बदमाशों ने कहा कि अगर चिल्लाया तो अपना नुकसान करवा लेगा। उसके बाद वह चुपचाप बैठ गया।
मोनू ने बताया कि तीनों बदमाशों ने ठेके के अंदर से दो पेटी बीयर, एक पेटी अंग्रेजी और एक पेटी देसी शराब उठा ली। साथ ही ठेके में रखे 40 हजार रुपए भी लूट लिए। इतना ही नहीं आरोपी उसका मोबाइल भी उठाकर ले गए। तीनों बदमाश मुंह ढके हुए थे। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। मोनू ने बताया कि घटना के वक्त एक आरोपी ने दूसरे को रोहित नाम लेकर बुलाया था। बदमाशों के जाने के बाद उसने ठेकेदार को पूरी वारदात की जानकारी दी और ठेकेदार मौके पर पहुंचा। पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
इंद्री थाना के जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि रामगढ़ छानो में ठेके पर तीन बदमाशों द्वारा नगदी व शराब की पेटियां लेकर फरार होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पंजाब के व्यापारी से 3 लाख की ठगी, पुलिस की वर्दी में आए थे दो आरोपी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा** असंध में पंजाब के व्यापारी के साथ 3 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कैथल के युवक ने व्यापारी को कपड़ा लेने के लिए पंजाब से असंध बुलाया था। व्यापारी का आरोप है कि साजिश के तहत युवक ने वहां पर पुलिस की वर्दी में दो अन्य आरोपियों को बुलाया और उसे डरा धमकापर 3 लाख रुपए छीन लिए। व्यापारी का आरोप है आरोपियों ने उसे धक्का देकर गाड़ी से बाहर फेंक दिया। इसके बाद आरोपी गाड़ी को लेकर फरार हो गए।
पंजाब निवासी कपड़े के व्यापारी लखविंदर ने असंध थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास तीन दिन पहले कैथल के विकास का फोन आया। विकास ने बताया कि उसकी कपड़े की फैक्ट्री है। अगर उसे कपड़े लेने हैं तो उसे असंध आना होगा। वह आरोपी के कहे अनुसार कल असंध पहुंच गया। इसके बाद आरोपी विकास को फोन किया तो उसने लोकेशन भेज दी। इसके बाद आरोपी ने उसे मुंड रोड बुला लिया। वह लोकेशन के अनुसार अपनी गाड़ी में वहां चला गया।
इस दौरान जब वह गाड़ी लेकर वहां पर पहुंचा तो आरोपी विकास अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पर आया। उसने अपने साथी को गाड़ी लेकर पीछे-पीछे आने को कहा और मुझे कहा कि चलो फैक्ट्री चलते हैं। वहां पर माल देख लेना और पैसे दे देना। जब वह गाड़ी स्टार्ट करने लगा तो वहां पर दूसरी गाड़ी में चार से पांच अन्य लोग आए, जिनमें से दो लोगों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी।

## संपादकीय

# लोकतंत्र के सही परीक्षण की आवश्यकता

**आजादी** के 75 वे वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमें स्वतंत्रता अनथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे।

# मध्य प्रदेश में नहीं चली मत वाली हवा

ऋतुपर्ण दवे

> "अब कुछ भी हो अब इस चुनाव में और घोषणाओं का वक्त निकल गया है वरना संभव है कि प्रदेश में दोनों ही दलों की ओर से हुई घोषणाओं में काश कुछ और जोड़ा जा सकता तो जुड़ जाता। बस अब तो इंतजार है कि ईवीएम में तेज बीप के साथ रजिस्टर्ड वोट किसको सिंहासन तक पहुंचाता है या फिर कहीं 2018 सरीखे कशमकश वाली स्थिति तो नहीं बनेगी? क्योंकि पूरे मध्यप्रदेश को देखें करीब 50 सीटों पर कांटे का संघर्ष दिख रहा है जो कि निश्चित रूप से होगा और यही सत्ता का द्वार बनेगा। बस इंतजार है तो 3 दिसंबर को जब प्रदेश के भाग्य का फैसला होगा कि सत्ता का ताज किसके सर सजेगा"

**पहले** नवरात्रि फिर दशहरा अब धनतेरस, दिवाली, गोवर्धनपूजा, भाई दूज और तुरंत बाद थमता प्रचार। मध्यप्रदेश में इस बार लगभग आधी से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव जैसा कुछ लगा नहीं। बीच में खामोशी को चीरते एकाध प्रचार वाहन में लगे लाउड स्पीकर से प्रत्याशी के समर्थन में रिकॉर्डेड गीत व अपील क्या पता कितना असर डाल पाए? इस बार वाकई में विधानसभा चुनाव बिल्कुल कोलाहल विहीन रहा।लेकिन प्रदेश में सभी सीटों पर लड़ रही दोनों दिग्गज पार्टियों भाजपा-कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के बांह सिकोड़ अंदाज में खबरिया चैनलों में आ रहे बयानों से मतदाताओं का रुख समझ पाना बड़ा टेढ़ा काम रहा। नामांकन भरने से लेकर नाम वापसी तक जरूर थोड़ी सक्रियता दिखी लेकिन बाद में यह सक्रियता सिवाय बड़े नगरों के गांव-गांव, डगर-डगर नहीं दिखी। इसका मतलब यह नहीं कि मतदाता खामोश है। हवा का रुख भांपने वाले राजनीतिक पण्डित भी इस बार अलग ही दिखे।बावजूद इसके न तो भाजपा और न ही कांग्रेस यह मानने को तैयार नहीं कि सत्ता के सिंहासन में वह पीछे है। कौन जीतेगा, कौन हारेगाइसको लेकर प्रत्याशी चयन का सर्वे कहां हुआ किसने किया, किससे पूछा गया कुछ नहीं पता।बस पता है तो इतना कि चंद घण्टों बाद ईवीएम की बीप के साथ मत मशीन मेंदर्ज जाएगा लेकिन मत वाली हवा पहले तेज चलीफिर एकाएक ठण्डी पड़ गई। न कोई तूफान दिखा न ही राजनीतिक मौसम में मध्यप्रदेश के चुनावी सागर में कोई बिपरजॉय आया और न ही मोका। चुनाव बिना किसी लहर के होते दिख रहे हैं। कहां इस बार कुछ इस तरह का माहौल शुरू-शुरू में बना कि लगा चुनाव में एन्टी इन्कम्बेन्सी दिखेगी लेकिन त्योहारों के दौरान जिस तरह की शांति और उदासीनता खासकर कांग्रेस में दिखी उससे सत्ता के समीकरण का गणित हल करने वाले भी अब थोड़ा सशंकित हैं। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों को लेकर अलग-अलग कयासहैं। प्रदेश की राजधानी और भोपाल-नर्मदापुरम संभाग का सियासी पारा मिला जुला सा लग रहा है। यहां 36सीटें है जिस पर सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। इनमेंभाजपा 12तो कांग्रेस 10 विधानसभामें पूरे दमखम से लगी है जबकि 14 सीटों पर बहुत ही संघर्षपूर्ण स्थिति है।ग्वालियर-चंबल क्षेत्र



का अपना अलग राजनीतिक रसूख है।यहां विधानसभाकी 34 सीटों में 19 पर कांग्रेस तो 6 पर भाजपा और 2 पर बसपा चुनौती देती दिख रही है जबकि बांकी7 पर कांटे का मुकाबला है। यहां बसपा में बढ़ोत्तरी के साथ सीटें 2018 जैसी आएं तो हैरानी नहीं होगी। इन्दौर संभाग की 37 सीटों पर काफी रोचक स्थिति दिख रही है। यहां 24 सीटों पर फिफ्टी-फिफ्टी वाली स्थिति है तो 8 सीटों पर संघर्षपूर्ण स्थिति और 4 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस दोनों को भितरघातियों से डर है। जबकि 1 सीट पर बागी प्रत्याशी कांग्रेस के लिए मुश्किल बना है। उज्जैन संभाग की 29 विधानसभा सीटों पर भी स्थिति काफी कुछ साफ सी दिख रही है।यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 10 और 3 पर कांटे की स्थिति बनी हुई है। इस तरह मालवा-निमाड़, ग्वालियर चंबल, उज्जैन और भोपाल-नर्मदापुरम की 136 सीटों पर ऊंट किस करवट बैठेगा समझ आ रहा है। इस बार महाकौशल यानी जबलपुर संभाग की 38 सीटों को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही आशान्वित हैं। लेकिन जनता का रुख और बागियों व भितरघातियों का खेला अलग ही कर दिखाने पर आमादा हैं। शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस-भाजपा दोनों ने ही उम्मीदें पाल रखीं हैं।यहां कांग्रेस 16 भाजपा 11 और 1 पर निर्दलीय जबकि 10 पर स्थिति अस्पष्ट है। इसी को लेकर तेज गुफ्तगू सुनाई दे रही है। सागर संभाग में 26 विधानसभा सीटें हैं। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 8 तो सपा-बसपा 1-1 पर चुनौती देती दिख रही है। आप पार्टी भी एक या दो सीटों पर कांग्रेस-भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है। विन्ध्य अंचल जिसमें रीवा और शहडोल संभाग आते हैं यहां पर विधानसभा की 30 सीटें हैं। जिसमें 22 रीवा संभाग में तो 8 शहडोल संभाग में आती हैं। यदि रीवा पर नजर डालें तो वहां भाजपा 6 कांग्रेस 10 और 1 पर आप मजबूत दिख रही है। जबकि 5 पर कांटे की टक्कर झलक रही है। वहीं शहडोल संभाग में 3 पर कांग्रेस 2 पर भाजपा तो 3 में संघर्षपूर्ण नजारा बना हुआ है। जहां तक राजनीतिक तापमान की बात है ठण्ड के मौसम के बावजूद दिन मे गर्मी के अहसास के बीच राजनीतिक तपन वैसा नहीं है जैसा कि अब तक के विधानसभा चुनावों के दौरान दिखा। नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप यहां तक कि कुछ सीटों पर निजी छींटाकशी के बयानों के चलते कभी-कभी लगा कि चुनाव हो रहे हैं वरना बड़े और मझोले शहरों और जिला मुख्यालयों पर स्टार प्रचारकों की रैलियां के सिवाय कुछ नहीं दिखा। चुनाव के दौरान भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्मृति ईरानी तो कांग्रेस में प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे वहीं सपा में अखिलेश यादव बाहर से आए स्टार प्रचारकों में शुमार रहे। प्रदेश से भाजपा के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया तो कांग्रेस के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खासहित कई दिग्गजों ने पसीना बहाया। कांग्रेस का चुनावी संचालन प्रदेश के बाहर आए लोगों द्वारा संभालना जरदस्त चचाओं में रहा।

यदि भाजपा और कांग्रेसे के वायदों को देखें तो लगता है कि नया कुछ भी नहीं है। कई घोषणाएं वहीं रहीं जो नेता काफी पहले से कहते आ रहे हैं। निश्चित रूप से धार्मिक वायदों की झड़ी है। दोनों ही दलों ने प्रदेश से निकलने वाली और प्रदेश की जीवन रेखा कहलाने वाली नर्मदा पर कई वायदे किए लेकिन किसी भी दल को नहीं लगा कि उसी नर्मदा उद्गम जगह वाले संभाग की पहचान भी नर्मदा से हो? तेजी से शहरों व गांवों के बदलते नामों के दौर में भी काश शहडोल संभाग अमरकण्टक संभाग हो जाता और अनूपपुर जिला नर्मदा उद्गम के चलते रेवांचल जिला, शहडोल ऐतिहासिक-पुरातात्विक महत्व के विराट नगर के नाम पर और उमरिया विश्व प्रसिध्द बांधवगढ़ उद्यान के नाम पर बांधवगढ़ जिला होता तो कुछ और ही होता। दोनों ही दलों ने पत्रकारों के कल्याणार्नार्थ कुछ घोषणाएं कीं। वहीं महिला संबल और कल्याण पर भी काफी कहा। ऐसे तमाम लुभावने वायदों के बीच युवाओं को यह जरूर अखर रहा है कि कृषि, किसान-कल्याण, बिजली बिल, तमाम परियोजनाओं, जनजातीय समाज के कल्याण, उत्तम शिक्षा,वरिष्ठ नागरिकों सहित कई मुद्दों पर भाजपा ने 96 पृष्ठों का घोषणा पत्र तो कांग्रेस ने 116 पृष्ठों का वचन पत्र जारी किया।युवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी फीस माफी की कांग्रेस ने बात तो की लेकिन नौकरी कब देंगे सही-सही दोनों दल साफ-साफ नहीं बता पाए।पुरानी पेंशन, विधान परिषद पर कांग्रेस भारी दिखी। कांग्रेस ने भाजपा पर कट पेस्ट का आरोप लगाया तो भाजपा ने इसेसिरे से खारिज किया। अब कुछ भी हो अब इस चुनाव में और घोषणाओं का वक्त निकल गया है वरना संभव है कि प्रदेश में दोनों ही दलों की ओर से हुई घोषणाओं में काश कुछ और जोड़ा जा सकता तो जुड़ जाता। बस अब तो इंतजार है कि ईवीएम में तेज बीप के साथ रजिस्टर्ड वोट किसको सिंहासन तक पहुंचाता है या फिर कहीं 2018 सरीखे कशमकश वाली स्थिति तो नहीं बनेगी? क्योंकि पूरे मध्यप्रदेश को देखें करीब 50 सीटों पर कांटे का संघर्ष दिख रहा है जो कि निश्चित रूप से होगा और यही सत्ता का द्वार बनेगा। बस इंतजार है तो 3 दिसंबर को जब प्रदेश के भाग्य का फैसला होगा कि सत्ता का ताज किसके सर सजेगा।

## कविता

नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता
लालच,लोभ से कोई नही वास्ता बनता।

जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,
ऐसे में कोई सच्चा नही रिश्ता बनता।

कौन किसी का दुखड़ा सुनता है यहां,
ऐसे में कोई किसी से नही वास्ता बनता।

ऊपरी तौर पर मिलते , सब अच्छे से,
दिलों से दिल का रास्ता नहीं मिलता।

हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,
भाई भाई से खास नही रिस्ता रखता।

रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा हो गई ,
दो मीठे शब्द बोलने वाला नही सच्चा मिलता।

कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं,
अपनों से सच्चा कोई नही वास्ता रखता।

प्यार, मोहब्बत,नाते, रिश्ते खो गए सब।
मोहब्बत का कोई शब्द अब सस्ता नहीं मिलता।

बूढ़ा आदमी भी तरसता सुनने को बच्चों के शब्द,
मौत तो आनी ही है,पर जिंदगी का नही रास्ता मिलता।

संजीव

## कैसे खून से लथपथ होने से बचें हमारी सड़कें

**आर.के. सिन्हा**

**एक बार** फिर से देश में सड़क हादसों पर आई एक सरकारी रिपोर्ट को पढ़कर कोई भी इंसान डर जाता है। समझ नहीं आता कि आखिर कैसे हम अपने यहां होने वाले सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों पर काबू कर पाने में सफल होंगे। फिलहाल तो स्थिति सच में बेहद चिंताजनक है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। ये वास्तव में एक बहुत ही बड़ा आंकड़ा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए। हम जिस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं उसे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ही जारी किया है। हादसों का वे अभागे लोग खासतौर पर शिकार हुए जो सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते। मेरा मानना है कि हमारे यहां निजी कारों और दूसरे वाहनों को चलाने वाले ड्राइवरों को जितना काम करना पड़ता है उसके चलते भी बहुत सारे हादसे होते हैं। एक औसत ड्राइवर दिन में 14-15 घंटे ड्यूटी करता है। उसे सोने का सही से मौका नहीं मिलता। उसकी कायदे से नींद पूरी ही नहीं हो पाती। चूंकि उसे अपने बीवी- बच्चों का पेट भरना होता है इसीलिए उसे दिन-रात गाड़ी चलानी पड़ती है। अमृत मान ने 1986 से लेकर 1991 तक अपनी सेकेंड हैंड एंबेसेडर कार को टैक्सी के रूप में चलाया। उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे कई टैक्सियां खरीद कर अपनी ट्रांसपोर्ट कंपनी खोल ली। अमृत मान कहते हैं कि वे मन से अब भी ड्राइवर हैं। वे कहते हैं- ह्लड्राइवरी के पेशे में सिर्फ खटना होता है। ड्राइवर के सुख-दुख से किसी को कोई सरोकार नहीं होता। उसके जीवन में जिल्लत और अपमान ही है। उसने कब खाना खाया या नहीं खाया, वो कहां सोया या नहीं सो पाया, इससे आमतौर पर किसी कोई को लेना-देना नहीं होता। आप कभी किसी सरकारी या अन्य बिल्डिंग की पार्किंग को देख लें। वहां पर सैकड़ों कारें खड़ी मिलेंगी। किसी एक कार के बोनट पर चार-पांच ड्राइवर ताश खेल रहे होते हैं। उन्हें उनके कुछ साथी देख भी रहे होते हैं।

अचानक से बॉस का फोन आया। एक ड्राइवर ने अपने ताश के पत्ते साथी को दिए और निकल पड़ा बॉस को लेने। यही ड्राइवर की जिंदगी है। कब कहां जाना है, कुछ पता नहीं। उसे सवाल पूछने तक का हक नहीं है। उसकी ड्यूटी का कोई समय नहीं। आपको देश के बहुत सारे शहरों में सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड मिलेंगे। वहां पर कुछ ड्राइवर चारपाई पर बैठे होते हैं। पीछे एक छोटा सा टेंट लगा होता है। इन टेंटों के आसपास ही ड्राइवरों की जिंदगी गुजर जाती है। टेंट में चाय बनाने वाला एक स्टोव भी रखा होता है। कई ड्राइवरों से बात हुई। सबका कहना था कि जब किसी को लेकर शहर से बाहर जाते हैं, तो रात को गाड़ी में ही सो जाते हैं।

## विचार

# राज्यपालों और सरकार के बीच तनातनी ठीक नहीं

**राजेश माहेश्वरी**

**देश के** कई राज्यों हाल के वर्षों में राज्य सरकारों व राज्यपालों के बीच गहरे टकराव के मामले प्रकाश में आए हैं। विडंबना यह है कि ये मामले उन राज्यों में सामने आए जिन-जिन राज्यों में बीजेपी सरकार नहीं है, वहां-वहां बीते सालों में सरकारों और राज्यपालों के बीच गंभीर तनातनी देखने को मिली है। इन राज्यों में सरकारें शिकायत करती रही हैं कि बिलों को मंजूरी देने में देरी की जाती है। फिर मामला पंजाब का हो या केरल, तेलंगाना, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का। इनके विवाद की जड़ में राज्य वधिानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल की ओर से पारित न किया जाना या इन्हें रोक कर रखना रहा है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी राज्यपालों के रुख पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुका है। यह विवाद इतना बढ़ा कि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि राज्यपालों को आत्मावलोकन करना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय पंजाब और तमिलनाडु के राज्यपालों से इस बात पर नाराज है कि वे विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे। ऐसे में वैचारिक मतभेद तो स्वाभाविक हैं किंतु विधायी कार्यों में राजभवन और सरकार में टकराव लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। संघीय ढांचा होने से केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दल की सरकार होना स्वाभाविक है।

हालांकि ये कोई पहला मामला नहीं है जब इस तरह के मतभेद सामने आए हैं। भारत में राज्यपाल की नियुक्ति केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति करते हैं। किसी भी स्टेट में राज्यपाल राष्ट्रपति और केंद्र सरकार का प्रतिनिधि होता है। राज्य में उसकी भूमिका एकदम स्पष्ट है। राज्य सरकार की सलाह से अपने दायित्वों का निर्वहन करना राज्यपाल का मुख्य काम है। राज्य में कुछ भी असामान्य होता है और राज्यपाल किसी बिल से सहमत नहीं हैं तो उसे नामंजूर कर सकते हैं लेकिन सरकार उसे दोबारा भेज देगी तो नियमानुसार उसे मंजूरी देना होगा। राज्यपाल के पास यह भी अधिकार है कि वे असहमत होने पर बिल राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। अधिकार यह भी है कि राज्यपाल बिल पर कोई फैसला ही न लें। इस मुद्दे पर कानून भी मौन है और इसीलिए राज्य सरकारें राज्यपाल के पास बिल लटकने की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट पहुंचती हैं। इतिहास के पन्ने पलटे तो केरल की नंबूदरीपाद सरकार को 1959 में राज्यपाल की सिफारिश पर महज इसलिए भंग कर दिया था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को देश की वह एकमात्र गैर कांग्रेस सरकार नापसंद थी। उसके बाद से राज्यपाल के जरिए प्रदेश सरकारों को बर्खास्त किया जाना मामूली बात हो गई। यद्यपि अब वह चलन बंद हो चुका है किंतु राज्यपाल और मुख्यमंत्री में खींचातानी बढ़ती जा रही है। बाकी बातें अपनी जगह हैं किंतु विधानसभा द्वारा स्वीकृत विधेयकों को रोके रखना निर्वाचित सरकार के अधिकारों पर अतिक्रमण है। वैसे राज्यपाल का ये दायित्व जरूर हैं कि वे विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक की जांच करें। यदि वे संतुष्ट नहीं है तब उसे पुनर्विचार हेतु लौटा सकते हैं। लेकिन दोबारा पारित होने के बाद उस पर स्वीकृति देने की बाध्यता भी है और इसीलिए राजभवनों में विधेयकों को रोकने का सिलसिला शुरू हुआ। केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने पर तो दिक्कत नहीं आती किंतु विरोधी विचारधारा की सरकारें होने पर इस तरह की रस्साकशी आम हो गई है। राज्यपाल विधेयक को स्वीकृति हेतु कब तक रोके रख सकता है इसकी कोई समय सीमा नहीं है। हालांकि कुछ राज्यों में विरोधी मानसिकता वाले राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच काफी सौहार्दपूर्ण संबंध भी रहे। दरअसल राजभवन में बैठे ज्यादातर लोग सक्रिय राजनीति से रिटायर होते हैं या सेवानिवृत्त नौकरशाह। कुछ पूर्व सैन्य अधिकारियों को भी महामहिम बनाया जाता रहा है। इनमें से ज्यादातर निजी स्वार्थवश केंद्र सरकार को खुश करने में जुटे रहते हैं। हालांकि अनेक मुख्यमंत्री भी जानबूझकर टकराव के हालात पैदा करते हैं, जिसका उद्देश्य अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाना होता है। पंजाब, दिल्ली, तामिलनाडु, केरल, पष्चिम बंगाल इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जेईई मेन्स 2024 की तैयारी के लिए मार्गदर्शन

विजय गर्ग

जेईई मेन 2024 के लिए एक महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले साल के प्रश्नों का प्राथमिकता के आधार पर अभ्यास करें उम्मीदवारों ने पहले ही जेईई मेन 2024 की तैयारी शुरू कर दी है, और हालांकि ऐसा लग सकता है कि अभी बहुत समय है, लेकिन समय का प्रबंधन और शेड्यूल का विवेकपूर्ण तरीके से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए समय प्रबंधन एक महत्वपूर्ण कौशल है, और जब संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी की बात आती है, तो यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इस क्षेत्र में अपने अनुभव के आधार पर, मैं इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्रों की चुनौतियों को समझता हूं। जेईई को दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) सहित देश के कुछ शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश मिलता है। जबकि लगभग 11 लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए तैयारी करते हैं, केवल कुछ ही इन प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश ले पाते हैं। इन चयनित छात्रों में कुछ सामान्य कौशल और ताकतें हैं। सबसे आम और महत्वपूर्ण कौशलों में से एक परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान अपने समय का अच्छी तरह से प्रबंधन करने की क्षमता है। समय प्रबंधन का महत्व उत्पादकता में वृद्धिः समय प्रबंधन छात्रों को अपने अध्ययन के घंटों को अधिकतम करने की अनुमति देता है। वे विशिष्ट विषयों और कार्यों के लिए समय आवंटित करके पूरे पाठ्यक्रम को व्यवस्थित रूप से कवर कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी महत्वपूर्ण या उच्च प्राथमिकता वाला विषय अप्राप्य न रह जाए। उदाहरण के लिए, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री को तभी समझा जा सकता है जब हमने जनरल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री (जीओसी) और रिएक्शन मैकेनिज्म पर अच्छा काम किया हो। कभी-कभी, छात्र ऑर्गेनिक की बुनियादी बातों पर अधिक ध्यान केंद्रित किए बिना सभी ऑर्गेनिक अध्यायों को समान समय देते हैं। यदि आपके बेसिक्स मजबूत नहीं हैं, तो आपको ऑर्गेनिक को समझने के लिए कम से कम दोगुना प्रयास करना होगा।

## कचरे को कचरा मत कहो

**डॉ. सुरेश**

**आह, कचरा!** हमारी आधुनिक दुनिया का गुमनाम नायक। यह वास्तव में अविश्वसनीय है कि कैसे पूरी तरह से और पूरी तरह से बेकार कोई चीज हमारे जीवन में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आइए कचरे की व्यापक सुविधा की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें। मेरा मतलब है कि इसके बारे में सोचें। जब हमारे घर बेतरतीब और अनावश्यक वस्तुओं से अव्यवस्थित हो जाते हैं, तो हम उन्हें देखते ही देखते कूड़ेदान में फेंक देते हैं! समस्या हल हो गई। यह जादू की तरह है, सिवाय इसके कि एक खरगोश को टोपी से बाहर निकालने के बजाय, हम पुराने केले के छिलके और खाली चिप बैग को एक बदबूदार प्लास्टिक बैग में भर रहे हैं और इसे खत्म कर रहे हैं। और आइए कचरे के पर्यावरणीय प्रभाव को न भूलें। यह बहुत ही हृदयस्पर्शी है, है ना? मेरा मतलब है, किसे सुरम्य नदी में तैरती हुई प्लास्टिक की बोतलों का दृश्य, या अपशिष्ट कचरे से गुजरते समय बगुले की चीख की आवाज पसंद नहीं होगी? यह प्रकृति द्वारा इतनी सुंदर गंदगी पैदा करने में किए गए सभी प्रयासों के लिए "धन्यवाद" कहने का एक तरीका है।

लेकिन कचरे के बारे में मेरी सबसे पसंदीदा चीज वह तरीका है जिससे यह लोगों को एक साथ लाता है। कुछ भी "सामुदायिक बंधन" नहीं कहता है, जैसा कि पड़ोसियों को इस बात पर बहस करते हुए देखना कि कूड़ा उठाने की बारी किसकी है, या सुबह होते ही सड़क पर कूड़ा उठाने वाले ट्रकों की मधुर ध्वनि। यह एक दैनिक अनुस्मारक की तरह है कि हम सब एक साथ हैं, बस अपने परिवेश को अच्छा और साफ-सुथरा रखने की कोशिश कर रहे हैं। और आइए गंध को न भूलें। ओह, गंध. उत्साह बढ़ाने और इंद्रियों को जगाने के लिए सड़ते भोजन और गीले कार्डबोर्ड की आनंददायक सुगंध से बेहतर कुछ नहीं है। यह गंधों का कचरागान की तरह है, प्रत्येक पिछले से अधिक तीखा और आक्रामक है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कचरा बीनने वाले हमारे समय के सबसे कम सराहे गए नायकों में से कुछ हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मुहूर्त ट्रेडिंग पर एनएसई के सीईओ आशीष कुमार चौहान ने इन्वेस्टर्स को दी शुभकामनाएं



**नोएडा।** नेशनल स्टॉक एक्प्चेंज में मुहूर्त ट्रेंडिंग, हमारी साझा वित्तीय आकांक्षाओं का प्रमाण है। इस हलचल भरे बाजार में, दिवाली की रोशनी के बीच, हम सावधानीपूर्वक विकल्प चुनने और रणनीतिक निवेश का सफर शुरू करते हैं। इस शुभ समय के दौरान किया गया हर सौदा निवेशकों के बीच वृद्धि और एकता की भावना का प्रतीक होता है। एनएसई की सलाह है कि निवेशक केवल पंजीकृत मशस्थों के साथ सौदा करें और गैर-विनियमित उत्पादों में सौदा करने से बचें। शेयर बाजार का उपयोग दीर्घकालिक धन सृजन के लिए किया जाना चाहिए। निवेशकों को यदि एक बार बुरा अनुभव होता है तो वे दोबारा शेयर बाजार में प्रवेश नहीं करना चाहते हैं। डेरिवेटिव में जोखिम का स्तर बहुत अधिक होता है, इसलिए खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव में ट्रेड करने से बचना चाहिए। दीर्घकालिक निवेशक बनें। यह भारत की विकास गाथा में भाग लेने का सबसे अच्छा तरीका है। आपके सौदे आपकी उम्मीदों के अनुकूल हों, निवेश लाभदायक हो, और दिवाली की मूल भावना हमें समृद्धि और वित्तीय सफलता की ओर ले जाए। नेशनल स्टॉक एक्मचेंज में मुहूर्त ट्रेंडिंग के लिए शुभकामनाएं, जहां हर सौदा एक मजबूत, समृद्ध भविष्य के निर्माण के हमारे सामूहिक संकलप का प्रतीक है। आशीषकुमार चौहान, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, नेशनल स्ट्रॉक एक्सचेंज।

### यूएसवी ने बायोजेनोमिक्स के साथ की साझेदारी

**नोएडा।** यूएसवी प्रा. लिमिटेड और बायोजेनोमिक्स ने भारत के पहले बायोसिमिलर इन्सुलिन एस्पार्ट इन्सुक्विक के लॉन्च की घोषणा की है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए इलाज की सुलभता में सुधार लेकर आएगा। इन्सुक्विक ह्यमेक इन इंडियाह्व प्रोडक्ट है, जिसका विकास और निर्माण 100 फीसदी स्वदेशी टेक्नोलॉजी से किया गया है। सशक्त क्लिनिकल प्रोग्राम के द्वारा इसकी विश्वस्तरीय गुणवत्ता को सुनिश्चित किया गया है। यह सभी महानगरों तथा पहले एवं दूसरे स्तर के शहरों में उपलब्ध है। श्री प्रशांत तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर, यूएसवी प्रा. लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यहम डायबिटीज के मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना चाहते हैं। ओरल एंटी-डायबिटीज सेगमेन्ट में लीडर होने के नाते इन्जेक्टेबल सेगमेन्ट में प्रवेश डायबिटीज मार्केट में हमारी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा। हमने डायबिटीज के मरीजों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता का इन्सुलिन एस्पार्ट उपलब्ध कराने के लिए बायोजेनोमिक्स के साथ साझेदारी की है। डॉ संजय सोनार, सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष बायोजेनोमिक्स ने कहा, ह्यह्यइन्सुलिन एस्पार्ट रैपिड-एक्टिंग इन्सुलिन कैटेगरी में पहला बायोसिमिलर है और सालों के अनुसंधान एवं विकास का परिणाम है। डॉ अर्चना कृष्णन, सह-संस्थापक एवं निदेशक, बायोजेनोमिक्स ने बताया कि यह 100 फीसदी मेड इन इंडिया है, जिसे फिंगरप्रिन्ट जैसी समानता के साथ स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने गाजियाबाद, एनसीआर में पहला रीटेल असेट सेंटर खोला

**गाजियाबाद।** भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनैंस बैंकों में से एक उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी/बैंक) ने एनसीआर के गाजियाबाद में अपना पहला आधुनिक रीटेल असेट सेंटर खोला है। यह रीटेल असेट सेंटर ऋण वितरण की प्रक्रिया को संरेखित एवं तीव्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सेंटर के माध्यम से उज्जीवन उपभोक्ताओं को बैंकिंग के व्यक्तिगत समाधान उपलब्ध कराते हुए उन्हें उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा। नया रीटेल सेंटर होम लोन और एमएसएमई लोन ऐप्लीकेशन्स के लिए सेंट्रल प्रोसेसिंग हब की भूमिका निभाएगा। यह सेंटर लोन ऐप्लीकेशन और आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाकर उपभोक्ताओं के लिए ऋण सुविधाओं को सुलभ बनाएगा। सेंटर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इससे संचालन की दक्षता बढ़ेगी। श्री इत्तिरा डेविस, एमडी एवं सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहा, ह्यह्यहमारे उपभोक्ता हमारी बिजनेस स्ट्रैटेजी का आधार हैं और यह जरूरी है कि हम उनकी बदलती जरूरतों को पूरा करें। गाजियाबाद में रीटेल असेट सेंटर लोन की प्रोसेसिंग को तीव्रकर उपभोक्ताओं की बदलती फाइनैंशियल जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपने इन प्रयासों के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं।

### हीरा रांझा में रुशा और ब्लिजा संगीत की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़े: एक म्यूज़िकल ओडिसी



**नई दिल्ली।** डांस फ्लोर का उत्साह बढ़ाने के लिए मशहूर, रुशा और ब्लिजा, अपने नए गीत हीर रांझा के साथ संगीत प्रेमियों को एक मनोरम सफर में ले जा रहे हैं। यह गीत शेफाली अल्वारेज के आकर्षक वोकल्स के साथ बना है। इसमें भारत के शास्त्रीय लोक संगीत में आधुनिक तत्वों को मिश्रित कर एक ऐसा समृद्ध अनुभव पेश किया गया है, जिसकी मधुरता श्रोताओं का मन मोह लेगी। हीर रांझा पारंपरिकता और आधुनिकता के बीच एक सेतु स्थापित करता है, जिसमें सामंजस्यपूर्ण स्वर लहरियाँ मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यह ट्रैक अपने हर स्वर और तान के साथ श्रोताओं को आध्यात्मिकता का अहसास प्रदान कर सामान्य दुनिया से ऊपर ले जाता है। शेफाली अल्वारेज के साथ रुशा और ब्लिजा ने एक अविस्मरणीय संगीत रचना पेश की है, जो संगीत की दुनिया में हलचल मचा देगी। इस रिलीज के बारे में रुशा (पौरुष कुमार) ने कहा, मैं और ब्लिजा हीरा रांझा में ऐसा गहन अनुभव पेश करना चाहते थे, जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दे। इस गीत की आकर्षक तानें और दिलकश स्वर लहरियाँ हमारे श्रोताओं को एक रोमांचक यात्रा पर ले जायेंगी। मैं इस ट्रैक को श्रोताओं से मिलने वाली प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूँ। इसका मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, और मुझे उम्मीद है कि श्रोताओं को भी यह बहुत पसंद आएगा। ब्लिजा (अमन खरे) ने कहा, हीरा रांझा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसमें वो अपनी आँखें बंद कर संगीत के एक ऐसे सफर में निकल जाएंगे, जो मैंने और रुशा ने उनके लिए बहुत तत्परता से तैयार किया है। रुशा के साथ यह ट्रैक बनाने का अनुभव बहुत रोमांचक था। इसमें हमें बहुत मजा आया।

# श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला भर में** भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जगह-जगह भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर भंडारे लगाए गए। जिसमें प्रातः हवन यज्ञ करने के बाद भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई तत्पश्चात लंगर का आयोजन किया। वहीं आज गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में पंडित नेतराम कौशिक द्वारा हवन यज्ञ कराया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं पार्षद विजय जैन रहे। जबकि अध्यक्षता सभा के प्रधान रघुवीर धीमान ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि सुरेश कुमार जांगड़ा रहे। सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मुख्यअतिथि विजय जैन ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि का निर्माण किया है। आज उन्हीं की बदौलत हम उद्योग जगत में आगे बढ़ रहे हैं। जबसे उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना शुरू की है तब से उनके कारोबार में अपार वृद्धि हुई है। सुरेश कुमार जांगड़ा द्वारा लंगर व्यवस्था में सहयोग देने पर विशेष रूप से सम्मान किया गया। मुख्य यज्ञमान रहे सुरेश जांगड़ा व धीरज धीमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर संरक्षक विनोद पांचाल, रोशन लाल धीमान, डा.राजकुमार जांगड़ा, प्रधान रघुबीर धीमान, रमेश धीमान, राजकुमार पांचाल माजरी, रामकरण जांगड़ा, जगदीश जांगड़ा, अनिल धीमान एडवोकेट, सुभाष जांगड़ा, अंतू राम धीमान, परमानंद धीमान, रामपाल जांगड़ा, दिनेश धीमान, अजय जांगड़ा, राजेन्द्र भण्डारी, भीम सिंह धीमान, धर्मसिंह धीमान,सतबीर जांगड़ा, अमित धीमान, पालेराम धीमान, संजय धीमान, सोमनाथ धीमान, ओमकार पांचाल व कृष्ण बबैल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा ने मनाया श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस

**नूरवाला** की हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा द्वारा श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर हवन यज्ञ किया गया। श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में प्रातःहवन यज्ञ पंडित हेमंत शुक्ला ने किया। जिसमें मुख्य यजमान ऋषिपाल पांचाल सप्तनीक रहे। जबकि मुख्य अतिथि विधायक महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा रहे। अतिथियों का यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा जहां फूल मालाओं से स्वागत किया गया वहीं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। यहां पर बोलते हुए मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि तरक्की उन्नति के दाता भगवान श्री विश्वकर्मा जी हैं। आज उन्हीं की बदौलत हमारा समाज देश में तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज शिक्षा की सीढ़ी पर चढकर ही आगे बढ़ सकता है इसलिए बच्चों को आधुनिक शिक्षा दिलवाएं। सभा के प्रधान ईश्म पांचाल, तेलू राम पांचाल ,चेयरमैन विनोद पांचाल, संस्थापक सतपाल पांचाल बालू, राजकुमार माजरी, डा.इंद्रपाल, जितेंद्र पटवा, सुभाष बिराल, रविन्द्र मंडावर, जयपाल मंडावर, सचिन, अंकुर, भूपेन्द्र पांचाल, बिजेन्द्र पांचाल, राजपाल पांचाल, मौजी पांचाल, नीरज पांचाल, शिव कुमार, सत्येंद्र, रत्न जेहरा, मोहन लाल, सुमित, सुंदर पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं प्रसिद्व टीवी कलाकार मनोज पांचाल ने बाबा श्री विश्वकर्मा जी पर अपनी विशेष प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बनारसी दास बावा, प्रेम तोमर, डा.रफल कश्यप, विक्रम चौहान, जेई बिल्लू, जयभगवान बबैल, विनय कुमार, रामकुमार शर्मा, पूर्व सरपंच जयसिंह सैनी, बंसीलाल शर्मा, हेंमत शर्मा, अनिल शर्मा, अमन शर्मा एवं पुजारी हेंमत शुक्ला को सम्मानित किया गया।

## अंकुश यादव का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल। गांव** खासपुर निवासी डा. अंकुश यादव का नेशनल काउंसिल आफ एजुकेशनल रिसर्च नई दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजू प्रधान ने बताया कि एनसीईआरटी से पूर्व डा. अंकुश यादव हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर (गेस्ट) के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने अपनी एमएससी तथा पीएचडी की पढ़ाई भी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से पूरी की है। पीएचडी के दौरान अंकुश यादव ने अपने शोध क्षेत्र में 26 शोध प्रकाशित किए थे, जिसमें रिसर्च पेपर, पेटेंट व बुक चैप्टर आदि है।

डा. अंकुश यादव का चयन होने का श्रेय अपने माता-पिता, चाचा-चाची तथा गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्में अंकुश की इस उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है तथा समस्त ग्रामवासियों ने अंकुश को जीवन में आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी है।

## भगवान विश्वकर्मा कौशल विकास के जनक : मोहनलाल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत राई**

हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करें। भगवान विश्वकर्मा कौशल विकास के जनक हैं। हमें भी कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए इसे अपनाना चाहिए, जिससे स्व-रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा।



विश्वकर्मा सभा के तत्वावधान में ककरोई रोड स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में मंगलवार को विश्वकर्मा दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा विज्ञान के देवता हैं, जिन्होंने एक से बढकर एक आविष्कार कर मानव जीवन को सुगम बनाया। मनुष्यों की सुविधा व कल्याण के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण आविष्कार किये, जिनका लाभ युगों से मानवजाति को मिल रहा है।

विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश में कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को खुद के रोजगार शुरू करने के काबिल बनाया जा सके। हरियाणा के पलवल जिला में तो भगवान विश्वकर्मा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जो पूर्ण रूप से कौशल विकास को समर्पित है। युवाओं को भी कौशल विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ाते हुए स्व-रोजगार अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर कैथल के रामकुमार जांगड़ा, बिचपुरी के जगदीश जांगड़ा, अतुल गर्ग दिल्ली और विश्वकर्मा सभा के प्रधान राज सिंह जांगड़ा ने विशिष्टद्द अतिथियों के रूप में समारोह में हिस्सा लिया। विश्वकर्मा धर्मशााला के पूर्व प्रधान दयानंद धीमान, जगदीश चंद्र जाँगिड़, ओमप्रकाश धारा, रामेहर, अतर सिंह, मोतीराम धीमान, प्रेम सिंह, उदयभान, राजेंद्र कुमार, रमेश जांगड़ा, कमल दिवान, नरेंद्र जांगड़ा, सुरेश कुमार शर्मा, दीनदयाल शर्मा तथा मेहर सिंह जांगड़ा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## राधा कृष्ण मंदिर में बंटा अन्नकूट का प्रसाद, लोगों की उमड़ी भारी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। जिला** में विभिन्न मंदिरों में अन्नकुट आयोजन धूमधाम से मनाया गया। शहर के आदर्श नगर स्थित शिव मंदिर में लोगों रोहतास जी प्रधान की अगुवैमें अन्नकुत प्रसाद ग्रहण किया , वहीं नंगल चौधरी के ठाकुर जी महाराज मंदिर , बाबा मुकंददस मंदिर सहित प्राचीन लड्डू गोपाल मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अटेली मंदिर के राधा कृषण मंदिर में अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ पहुंची। पूरे दिन प्रसाद लेने वालों की भीड़ लगी रही। हजारों की संख्या में लोग मंदिर में पहुंचकर प्रसाद चखा। इस बार गोवर्धन का पर्व 2 दिन तक मनाया गया।



सोमवार को भी शहर के कुछ मंदिरों में अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया गया था, जबकि अधिकांश जगह आज मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया है।

गोवर्धन का पर्व वैसे तो दीपावली से अगले दिन मनाया जाता है, लेकिन इस बार अमावस्या के चलते आज शहर में गोवर्धन पर्व मनाया गया है।

## बाल भवन में मनाया गया जिला स्तरीय बाल महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल। जिला** बाल कल्याण परिषद द्वारा जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बाल भवन प्रांगण में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि एडीसी वैशाली सिंह रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुसविन्द्र यादव मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी तथा विपिन कुमार शर्मा नोडल अधिकारी नैतिक मूल्यों की शिक्षा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित करके व दीप प्रजलवित कर-के किया गया।

## बच्चों को सर्दी, खांसी, जुकाम व निमोनिया से बचाने के लिए सांस कार्यक्रम का शुभांरभ



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल। स्वास्थ्य विभाग** की ओर से बच्चों को सर्दी, खांसी, जुकाम व निमोनिया के बारे में जागरूक करने के लिए सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने आज सांस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम जिला में 29 फरवरी तक चलाया जाएगा। डा. रमेश चंद्र आर्य ने निमोनिया फेफडों में रोगाणुओं के संक्रमण से होता है। यह एक गम्भीर बीमारी है। देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का ये एक बड़ा कारण है। निमोनिया ग्रसित रोगी के खांसने या छिंकने से हवा में फैलता है। उन्होंने बताया कि निमोनिया के बचाव के लिए बच्चों के शरीर को ढककर रखें। सर्दियों में उनी कपडें पहनाएं, 6 महीने तक सिर्फ मां का दूध पिलाएं, बच्चें का पूरा टीकाकरण करवाएं तथा घर के अन्दर धूम्रपान से बचें। इस मौके पर उप सिविल सर्जन प्रतिरक्षण डा. नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान आशा वर्कर व एएनएम घर-घर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों का सर्वे करेगी और निमोनिया के बारे में बच्चों के अविभावकों को जागरूक किया जायेगा। यदि किसी बच्चे को निमोनिया के लक्षण मिलते हैं तो उसको तुरन्त स्वास्थ्य केन्द्र पर रैफर किया जाएगा। अर्बन नोडल अधिकारी डा. जगमोहन ने बताया कि छोटे बच्चों में यदि निमोनिया के लक्षण शुरूआत में पता चल जाते हैं तो बच्चा जल्दी ठीक हो जाता है और अस्पताल में भर्ती होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपचार में समय ना गवाएं। निमोनिया के लक्षण पहचान कर बच्चों को तुरन्त स्वास्थ्य केन्द्र पर लें जाएं। इस मौके पर उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. रामनिवास डहिनवाल, सुनिता यादव, कंवरपाल, ऋषि कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## 'शराब मामले में हर लीड पर हो रही कार्रवाई, तह तक हो रही जांच'

### हमने इस मामले में आरोपी पकड़े, इनके (कांग्रेस) राज में तो कभी आरोपी पकड़े नहीं जाते थे, राहुल गांधी अनर्गल बयानबाजी कर रहे: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने यमुनानगर शराब मामले में कांग्रेस नेताओं द्वारा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि इस मामले में ह्यहमने आरोपी पकड़े हैं, इनके (कांग्रेस) राज में तो कभी आरोपी पकड़े नहीं जाते थेह्न। पत्रकारों से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि यमुनानगर मामले में हर लीड पर कार्रवाई हो रही है और



अधिकतर आरोपी पकड़े जा चुके हैं। हम तह तक पूरी कार्रवाई कर रहे हैं कि कौन-कौन इस मामले में कहां-कहां तक संलिप्त था और पूरी चेन को पकड़ कार्रवाई की जाएगी। श्री विज ने कहा कि पूरे हरियाणा में नकली शराब के खिलाफ अभियान चलाकर पूरी कार्रवाई की जा रही है, यदि जांच में कुछ संदिग्ध आता है तो बुलडोजर की कार्रवाई भी होगी। उन्होंने बताया कि इस केस में मौत के मामलों पर नजर रखी जा रही है और उन्हें अधिकारी लगातार अपडेट कर रहे हैं।

**मध्य प्रदेश में जितना काम भाजपा सरकार के समय हुआ उतना आज तक नहीं हुआ - विज** गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार के लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में जितना काम भाजपा सरकार के समय में हुआ है उससे पहले उतना आज तक नहीं हुआ है। भ्रष्टाचार का एक भी केस ऐसा नहीं कि अगर सामने आया और उस पर कार्रवाई न की गई हो।

## गाजियाबाद में नई शाखा के साथ स्टार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने उपस्थिति को बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।**

**एन.सी.**आर. ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित एच.एफ.सी., स्टार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (स्टार एच.एफ.एल.) (बी.एस.ई. स्क्रिप कोडः 539017) गाजियाबाद, एन.सी.आर. में अपनी नई शाखा का शुभारंभ करने के साथ उत्तर भारत के बाजार में प्रवेश करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। स्टार हाउसिंग फाइनेंस के लिए यह विस्तार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह एन.सी.आर. में रहने वाले लोगों को गृह ऋण के बहुग्राही एवं सुलभ समाधान प्रदान करते हुए नए क्षेत्रों तक अपनी पहुँच को बढ़ाता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की विशेष प्रकार की



आवश्यकताओं को पूरा करने की अपनी तटस्थ प्रतिबद्धता के साथ, स्टार एच.एफ.एल. का लक्ष्य विशेष तौर पर तैयार किए गए उत्पाद एवं व्यक्तिकृत सेवायें प्रदान करके गाँवों के गृह ऋण में अंतर को दूर करना है। बी 12, पहली मंजिल, आर.डी.सी., विजय सेल्स के पास, गाजियाबाद - 201002 में स्थित गाजियाबाद शाखा एन.सी.आर. के नागरिकों के लिए घर खरीदने का सपना सच करते हुए भविष्य में घर खरीदने वाले लोगों के लिए एक विशेष केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

एन.सी.आर. वाली शाखा के खुल जाने के साथ, स्टार एच.एफ.एल. ग्रामीण क्षेत्रों को सेवा प्रदान करने और उत्तर भारत में वित्तीय समावेशन को प्रेरित करने हेतु अपने समर्पण की पुष्टि की है। यह कंपनी अपने ग्राहकों की बढ़ती हुई संख्या की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभिनवकारी और ग्राहकों पर आधारित अनेक प्रकार के आर्थिक समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गोवर्धन पूजन व अन्नकूट का पर्व श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाया

**सोनीपत, 14 नवंबर**

**पुरानी महावीर** कालोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनीपत के पूर्व विधायक स्वर्गीय देवराज दीवान की धर्मपत्नी समाजसेविका श्रीमती बिमला दीवान व उनके पुत्र कमल दीवान एवं पुत्रवधु श्रीमती मेघा दीवान एवं प्रियंका दीवान द्वारा गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति प्रधान सुरेश भारद्वाज द्वारा की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सोनीपत मेयर निखिल मदान व समाजसेवी संजय कुकड़ेजा ने शिरकत की। मुख्यतिथि कमल दीवान ने अपने संबोधन में सभी क्षेत्र वासियों को गोवर्धन पूजन, भैया दूज की बधाई



दी। मुख्यतिथि द्वारा मंदिर परिसर हाल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र देवता के घमंड को तोड? के लिए व ब्रज वासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठा लिया । क्योंकि दिन रात लगातार सात दिन गोकुल वासियों पर भीषण बारिश के रूप में बरस रहे थे। श्री कृष्ण भगवान ने इन्द्र देवता को सबक सिखाने के लिए सभी ब्रज व गोकुल वासियों को गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर उनकी रक्षा की। इसी उपलक्ष्य में गोवर्धन पूजन महोत्सव व अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया जाता है। अतिथियों का मंदिर समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज द्वारा पटका,चुन्नी व बेज पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। प्रधान सुरेश भारद्वाज ने भी सभी क्षेत्र वासियों को गोवर्धन पूजन, भैया दूज पर्व की मंदिर समिति की तरफ से बधाई दी। पूरा मंदिर परिसर जयघोष से गूंज रहा था। हर भक्त की जबान पर राधे राधे जय श्री कृष्ण जय श्रीराम श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा का नाम गूँज रहा था । इस अवसर पर बाला जी मंदिर समिति द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे को प्रसाद स्वरुप हजारो लोगो ने गृहण किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक पदम्‌ सिंह दहिया, विकास खत्री, राजकरण शर्मा, संजीव बत्रा, अशोक अरोड़ा, मेहरचंद मानिक, राजेश भारद्वाज, आनंद लाकड़ा, मुकेश भोला, हरगोविंद गंभीर, संदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, प्रंशात शर्मा, प्रेम धमीजा, सतीश, चरणजीत सहगल, पीके बाली, बनवारी लाल , केसी बत्रा , सुदर्शन बत्रा , रिंकू खतरेजा , रामलाल संधुजा , केसी डुडेजा , सुरेश खुराना, अमित भारद्वाज, अशोक शर्मा, रमेश बजाज, पीके बाली, संजीव बत्रा, राम मदान, विनोद लाकड़ा, भोजराज पहलवान, सोनू, करण सिंह लाकड़ा, प्रेम धमीजा, ओम कुवर खत्री , ओम कुवार प्रधान , सतीश खतरेजा, प.ओमप्रकाश पुजारी, राजेश कालूपुर , सतीश कालूपुर , जतीन भारद्वाज, वीना भारद्वाज, पुष्पा झाम, बनासरी देवी, पूनम शर्मा , सुनीता लकड़ा, लक्ष्मी शर्मा, सुशीला खत्री ,दया बहन जी,परमेश्वरी देवी, दयावंती, किशनी, डॉ शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### खेत से बिजली की तार व स्टार्टर चोरी

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव उदेशीपुर में खेत में ट्यूबवैल लगवा रहे किसान की बिजली की तार व स्टार्टर चोरी हो गया। किसान की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उदेशीपुर गांव के किसान सुरेश ने बताया कि वह अपने खेतमें ट्यूबवैल लगवा रहा था। 12 नवंबर की रात को वह खेत के पास ही किसी काम से गया था। जब वह वापिस आया तो उसके खेत से बिजली की तार व स्टार्टर चोरी हुआ मिला। पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रदेश में 265 मार्गो पर परमिट देने की योजना के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाएगा सांझा मोर्चा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश ग्रेवाल, जयबीर घणघस, डिपो प्रधान मनजीत पहल ने बताया कि 10 मार्च 2023 व 23 जून 2023 को प्रदेश परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में व सांझा मोर्चा शिष्टमंडल की कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान करने के लिए मांग पत्र पर मीटिंग हुई थी। मीटिंग में अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन सहित सभी उच्च अधिकारी भी मौजूद थे। दोनों मीटिंगों में माननीय परिवहन मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन द्वारा अनेक मांगों पर सहमति जताई व जल्द ही मानी गई। वहीं मांगों को जल्द से जल्द लागू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी मानी गई मांगों के परिपत्र जारी नहीं किए जा रहे है। सरकार व उच्च अधिकारियों की इस कार्यशैली से कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों की मांगों को लागू नही किया जा रहा है। पूंजीपतियों के हित मे परमिट देने के पॉलिसी बनाकर रोडवेज विभाग को निजी हाथों में देना चाहती है। जिसे कर्मचारी किसी भी सूरत में सहन नहीं करेंगे। सांझा मोर्चे ने आन्दोल का आगाज किया है। जिसमें प्रथम चरण में 26 व 27 अक्टूबर को सभी बस अड्डों पर 265 मार्गो पर परमिट योजना के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम जनता को बताया जाएगा कि सरकार सुरक्षित व सस्ती परिवहन सेवा का निजीकरण करके पूंजीपतियों के हाथों में देना चाहती है। द्वितीय चरण में परिचालक,चालक, लिपिक, मैकेनिक सहित सभी प्रकार की वेतन विसंगतियों को दूर करवाने व मानी गई मांगो को लागू करवाने के लिए 26 नवम्बर 2023 को करनाल में हजारों कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास को घेरकर प्रदर्शन करेंगे।

### मामूली कहासुनी क चेलते बोलेरों सवार युवकों ने कैंटर चालक पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सेरसा के पास मामूली कहासुनी के बाद बोलेरो सवार युवकों ने कैंटर चालक पर हमला कर दिया। आरोप है कि उनका पैर भी टूट गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सेरसा निवासी अजय ने बताया कि वह दिवाली के दिन कैंटर लेकर अपने गांव आ रहे थे। गांव के पास बोलेरो सवार युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। उसके बाद जब अपने गांव सेरसा में पंचायत घर के पास आकर रुके तो तीन-चार युवक लाठी-डंडे लेकर आए। युवकों ने आते ही उन्हें पीटना शुरू कर दिया। युवकों ने डंडा मार कर उसका पैर तोड़ दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो वह मारने की धमकी देकर भाग गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सोमबीर ने बताया कि जल्द से जल्द हमलावरों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### फ्लैट में चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना पुलिस ने फ्लैट से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित शिवम वासी फसकाबाद उत्तर प्रदेश कुंडली व प्रदीप चौहान निवासी अटेरना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दिल्ली निवासी दीपक गुप्ता ने गत 10 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि किसी ने सके फ्लैट से सामान चोरी कर लिया।

# गोवा नेशनल गेम्स में एथलीट में गोल्ड व रजत पदक जीतने पर गांव में सम्मान

## जो खिलाड़ी खेलों में मेडल जीतकर प्रदेश व गन्नौर का नाम रोशन करेगा, उनको वे सम्मानित करेंगे : कादियान



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गोवा में आयोजित हुई 37 वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक्स चैम्पिनशिप में सरढाना गांव में राजमिस्त्री मदन सिंह के बेटे अजय ने स्वर्ण व रजत पदक जीतकर अपने गांव, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। मंगलवार को अजय की जीत की खुशी में गांव के सरकारी स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ी अजय का भव्य स्वागत किया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। कादियान ने बताया कि अजय ने नेशनल गेम्स में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5000 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल और 900 मीटर शूट एन्ड रिले रेस में रजत पदक जीता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जिन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है वह बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा था कि जो खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में मेडल जीतकर प्रदेश व गन्नौर का नाम रोशन करेगा, उनको वे सम्मानित अवश्य करेंगे। वहीं, पिता मदन सिंह ने बताया कि बेटा अजय सुबह-शाम दौड़ लगाता है। उसी मेहनत का नतीजा है कि उसने नेशनल में मेडल जीतकर गांव व परिवाजनों का नाम चमकाया है। उन्होंने दावा किया कि अजय का स्टेमिना करीब 50 किलोमीटर रेस लगाने का है। इस अवसर पर अजय भुक्कर, यशपाल, सतपाल, महेंद्र सिंह, शक्ति मलिक, सुंदर, सुधीर धनखड़ आदि मौजूद रहे।

## गाड़ी वाले के साथ हुआ था झगड़ा, युवक को किया घायल

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना क्षेत्र में गाड़ी वाले के साथ झगड़ा होने के बाद युवक को पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव सेरसा निवासी अजय ने बताया कि वह गाड़ी चालक है। रात करीब 12.30 बजे अपनी गाड़ी टाटा 409 को लेकर दिल्ली से सेरसा गांव में जा रहा था। रास्ते में बुलेरो गाड़ी के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। जोकि जाटी सड़क मार्ग पर हुई थी। वह कुछ देर बाद गांव के पंचायत घर के पास पहुंचा। उसी दौरान पीछे से तीन-चार युवकों ने लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके सिर, पैरों पर काफी चोटें आई। उसका बांया पैर टूट गया। भीड़ इक्ठ्ठी होती देख आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे निजी अस्पताल में परिजन ले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सोमबीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सुई से लेकर आज के संचार क्रांति के जनक भगवान विश्वकर्मा है : देवेंद्र




**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में मंगलवार को भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन देवेंद्र कादियान, समाजसेवी किशन लाल पांचाल विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार, जगदीश जांगिड़, सतीश जांगिड़ ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। समारोह की अध्यक्षता रिटायर्ड सूबेदार मेजर रामेश्वर जांगिड़ ने की। जबकि दीप प्रज्वलित रामपाल जांगिड़, ध्वजारोहण कृष्ण धीमान और भंडारा सेवा हरिओम पांचाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन राम जांगिड़ पुगथला ने किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि विश्वकर्मा कोई जाति नहीं है अपितु एक समाज है। जिसमें हर वर्ग समाहित है। भगवान विश्वकर्मा के बिना सभ्यता की भी कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आज जिस युग की हम कल्पना कर रहे हैं और जिस युग में जी रहे हैं वह भगवान विश्वकर्मा की ही देन है। सुई से लेकर आज के संचार क्रांति के जनक भगवान विश्वकर्मा हैं। इस दौरान आयोजकों ने गेस्ट को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर सोमदत्त जांगड़ा, प्रवीन पांचाल, नरेश जांगड़ा, विनोद जांगड़ा, नफे सिंह, जोगिंद्र धीमान, जगदीश जांगड़ा, सतीश, रमेश जांगड़ा, बिट्टू आदि मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जिला एंटी नारकोटिक सैल सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रविंद्र निवासी टिकौला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई।जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सरकारी स्कूल गांव टिकौला के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक लड़का संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास पॉलीथिन में संदिग्ध पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर 81 ग्राम मादक पदार्थ मिला। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचले जाने से व्यक्ति की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
घरौंडा में सब्जी उत्कृष्टता केंद्र के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। व्यक्ति अपने साथियों के साथ सर्विस रोड पर पैदल पैदल घरौंडा बस अड्डे से बिहार के लिए बस पकड? जा रहा था। वह छठ पर्व मनाने घर जा रहा था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज में भेज दिया।
मृतक की पहचान 45 वर्षीय काशीलाल निवासी किशनगंज बैरिया (बिहार) के रूप में हुई। काशीलाल कुटेल में एक प्राइवेट कंपनी में ठेकेदार महादेव के पास लेबर का काम करता था। ठेकेदार महादेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि सोमवार शाम को उसने लेबर का हिसाब किताब किया। इसके बाद काशी लाल, उसके भाई आगाम लाल व आसारूदीन के साथ अपनी कंपनी से घरौंडा बस अड्डे की तरफ पैदल जा रहा था। इस बीच करनाल की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली आई और उसने काशीलाल को कुचल दिया। गंभीर अवस्था में काशीलाल को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ने थोड़ी दूर जाकर अपना ट्रैक्टर रोक लिया। वह घटनास्थल पर भी आया, लेकिन उसके बाद वह अपना ट्रैक्टर मौके पर ही छोडकर फरार हो गया। आरोपी ने अपना नाम सुमित बताया था, जो कि करनाल का रहने वाला है। महादेव ने कहा कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण ही काशी लाल की जान गई है। शिकायत पुलिस को कर दी गई है।

## ऐस आर जी एक्यूप्रेशर व एक्युपंचर थेरेपी सेंटर द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित

**प्राकृतिक चिकित्सा**

**8 हरियाणा योग आयोग की ओर से गुलशन ग्रोवर ने रोगियों को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया**



**कुरुक्षेत्र /टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा योग आयोग, पंचकूला द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस, 18 नवंबर के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा प्रांत में आयोजित किए जा रहे मासिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अमीन रोड़ पर ब्रह्मा चौक के निकट स्थित एस. आर. जी. एक्युप्रेशर एंड एक्युपंचर थेरेपी सेंटर द्वारा अन्नकूट के उपलक्ष्य में ब्रह्म सरोवर तट स्थित श्री व्यास गोड़ीय मठ में निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । चिकित्सा केंद्र की संचालिका सरोज ने बताया कि उनके केंद्र पर बिना किसी दवाई के एक्यूप्रेशर व एक्यूपंचर की मशीनों द्वारा शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रूप से कर के शरीर की सभी बीमारियों का इलाज सफलतापूर्वक किया जाता है । केंद्र संचालिका सरोज ने बताया कि हाल ही में उनके केंद्र में एक कांसी थाली वाली पादाभ्यंग मशीन आई है जो रोगी के पैरों से शरीर के विशाक्त तत्व बाहर निकाल देती है और सभी बीमारियों के मरीज धीरे-धीरे ठीक होने लगते हैं । उपचार के लिए रोगियों से नाम मात्र शुल्क लिया जाता है । उनके केंद्र से उपचार करवा कर लकवा, उच्च रक्तचाप, थायराइड, शुगर, कमर दर्द, वेरीकोज वेंस सहित सभी बीमारियों के रोगी लाभ प्राप्त कर चुके हैं । उनके केंद्र पर नाड़ी रोग विशेषज्ञया आचार्या सारंधा ठाकुर मरीजों का नाड़ी परीक्षण करके आयुर्वेदिक औषधीयों द्वारा उनका इलाज करती हैं ।
हरियाणा योग आयोग की ओर से भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने उपस्थित सभी रोगियों का अभिनंदन किया और उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया ।
उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा एलोपैथी का सही विकल्प है ।
उन्होंने बताया कि हरियाणा योग आयोग आम जनता को प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति प्रेरित करने के लिए पूरे हरियाणा प्रांत में संचालित प्राकृतिक चिकित्सा केंद्रों के सहयोग से प्राकृतिक चिकित्सा माह का आयोजन कर रहा है
जिसके अंतर्गत प्राकृतिक चिकित्सा शिविर व अन्य जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

## अगवानपुर गांव में डंडो व राड से युवक पर हमला, युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
अगवानपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते 23 वर्षीय युवक पर गांव के ही परिवार के सदस्यों ने घर में बुला कर डंडो व राड से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की मां ने गांव के छह लोगों के खिलाफ थाना गन्नौर में हत्या का मामला दर्ज करवाया है। जिसमें एक महिला भी शमिल है। शिकायत में अगवानपुर गांव की कविता ने बताया कि उसका बेटा सन्नी 13 नवंबर की रात करीब 9 बजे दुकान से सामान लाने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन वापिस नहीं आया। मंगलवार को उसे पता चला कि उसके बेटे सन्नी की गली से जाते समय गांव के ही राकेश, राकेश की पत्नी अंजू, अनिल, रिंकू, सुरेश व दिनेश ने उसका रास्ता रोक लिया और उसे अपने मकान के अंदर खींच ले गए। इसके बाद सभी ने मिल कर उसके बेटे पर डंडो व राड से हमला कर दिया। इस हमले में उसके बेटे की सिर पर गंभीर चोटें आई। जिसके बाद गन्नौर थाना पुलिस ने उसे इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर चोट लगने की वजह से चिकित्सकों ने उसे रोहतक मेडिकल में रैफर कर दिया। रोहतक मेडिकल में इलाज के दौरान उसके बेटे की मौत हो गई। सन्नी का मां का आरोप है कि राकेश, राकेश की पत्नी अंजू, अनिल, रिंकू, सुरेश व दिनेश ने पुरानी रंजिश के चलते उसके बेटे की बुरी तरह से पिटाई की, जिससे उसके बेटे की मौत हो गई।

## खेत से रोटावेटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मिमारपुर में खेत में बने कमरे से रोटावेटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
बुटेला दिल्ली निवासी विकास ने बताया कि उसने मिमारपुर में छह एकड़ जमीन ले रखी है। वह खुद ही खेती करता है। उसने खेत में चार दीवारी के अंदर कमरा व बरामदा बनाया हुआ है। चार दीवारी के अंदर ट्रैक्टर का रूटावेटर खड़ा किया हुआ है। किसी ने उसका रूठावेटर चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एचसी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## बहन की गोली मारकर हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में बहन की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित विजय निवासी बड़ौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से हथियार के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपित ने अपनी बहन पर तीन गोलियां चलाई थी। जिसमें उसे दो गोलियां लगी थी। जानकारी मिली है कि युवती चण्डीगढ़ में रहना चाहती थी, लेकिन विजय को यह पसंद नहीं था। जिसके चलते उसने वारदात को अंजाम दिया।

**यह था मामला-**
गांव बड़ौली निवासी रणजीता ने गत 10 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी राखी (27) चण्डीगढ़ में दो साल पहले एमबीए की पढ़ाई करने के लिए गई थी। करीब एक साल पहले उसकी बेटी के खिलाफ पंजाब के खरड़ थाना में अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें वह गिरफ्तार होने के बाद जेल में भेज दी गई थी। करीब डेढ महीने पहले ही उसकी जमानत हुई थी। उसके बाद से लगातार वह घर पर रह रही थी। गत 6 नवंबर को उसके जेठ दरियाव सिंह की मौत हो गई थी। उसका लड़का विजय मसूरी में नौकरी करता है। वह अपने ताऊ की मौत की बात सुनकर घर पर आया हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे उसका लड़का व परिवार के सदस्य जेठ के क्रियाक्रम की प्रक्रिया में लगे हुए थे। जहां से उसका बेटा व बेटी दोनों घर पर आ गए। वहीं अपने जेठ के घर से करीब 6.30 बजे घर पर वापिस आई तो उसने दरवाजा खोला। उसकी लड़की राखी बेड और दीवार के बीच में खुन से लथ-पथ हालत में पड़ी हुई थी। उसके माथे पर गोली लगाने का निशान था। उसका लड़का विजय घर पर मौजूद नहीं था। महिला ने बताया कि राखी पर केस होने की वजह से वह नाराज चल रहा था। उसे शक है कि उसके बेटे विजय ने राखी की हत्या की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस व क्राइम यूनिट टीम सहित एफएसएल की टीमें मौके पर पहुंची।

## आईएमटी में टैंडर की प्रक्रिया डेढ़ माह से चली लेकिन काम नही हो रहा:दहिया



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
आईएमटी के विकास कार्य सड़क निर्माण, बिजली, पानी आदि सुविधाओं की मांग करते हुए काम शुरू करने की मांग करते हुए आईएमटी खरखौदा इंडस्ट्रीज के प्रधान राजीव दहिया के नेतृत्व में एसोसिएशन एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों से मिली और ज्ञापन सौंपा। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में दहिया ने बताया कि उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि जो टैंडर एनएनटी कंपनी के लिए छोड़ा गया है, उस पर अभी तक काम शुरू नही हुआ है। उन्होंने चेताया कि अगर जल्दी काम शुरू नही हुआ तो वे धरना- प्रदर्शन भी कर सकते है। उन्होंने कहा कि आईएमटी में टैंडर करने की प्रक्रिया पिछले करीब डेढ़ माह से चली हुई है। लेकिन जब सभी विवादों का निपटारा होने के बाद जब अ?ैंडर ओपन किए गए तो आईएमटी में सभी सुविधा देने का एनएलटी कंपनी द्वारा 776 करोड़ में देने का वायदा करते हुए सभी सुविधाएं देने की सहमति जताई थी। लेकिन टैंडर ओपन होने के बाद भी 2 महीने का समय हो गया है। अभी तक काम शुरू नही हुआ है। जिससे उद्योगपतियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। आईएमटी खरखौदा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान राजीव दहिया ने विभाग और सरकार से आईएमटी खरखौदा में प्लाट धारकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विभाग अनदेखी कर प्रोपर्टी डीलर की तरह व्यवहार कर रहा है। छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योगपतियों के हितों पर कुठाराघात करने का काम कर रहा है। उद्योगपतियों को केवल आश्वासन दिया जा रहा है कि टैंडर परमिशन के लिए भेज रखा है। अलाटी अपने खून पसीने की कमाई लगाकर ठगा हुआ सा महसुस कर रहा है। विभाग और सरकार की अनदेखी के कारण उद्योगपतियों को आन्दोलन का रास्ता उठाना पड़ेगा। प्रधान राजीव दहिया ने कहा कि एचएसआईआईडीसी के अधिकारी आईएमटी खरखौदा के विकास के लिए उचित कदम उठाए। सरकार भी हस्तक्षेप करके इस काम को जितना जल्द हो सके अधिकारियों को आदेश देकर पूरा करवाएं। दहिया ने कहा कि वे एसोसिएशन बार- बार मांग कर रही है। उद्योगपति अपने प्लांटो की पैंमेट दे चुके है अब कहा जाए। इतना बड़ा मारूति जैसे प्लांट लगने की प्रक्रिया के बाद काम नही पकड़ रहा। जब हमें प्लाट मिले तो तुरन्त सुविधा मिलने का दावा किया था लेकिन अब तक कोई सुविधा नही मिली है। व्यापारी की हालत खराब है। वे दूसरी जगह जाने की सोच रहे है। पास के प्रदेश यूपी में उद्योगपतियों को पूरी सुविधा देने के वायदे किए जा रहे है।

## करनाल में 4 महिलाओं से हुई स्नैचिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सीएम सिटी करनाल में बाइक सवार स्नैचरों का आतंक फैलता जा रहा है। हर रोज किसी न किसी महिला के गले से सोने की चेन, पर्स छीनकर फरार हो जाते हैं। पिछले तीन दिन में 2 बाइक सवार बदमाश चार महिलाओं को अपना निशाना बना चुके हैं। सोमवार देर शाम को पल्सर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला का रास्ता रोककर उसके गले से सोने की चेन स्नैच कर ली। तीन दिन पहले भी इन्हीं पल्सर बाइक सवार बदमाशों ने तीन महिलाओं के साथ वारदात को अंजाम दिया।
सेक्टर-4 निवासी निधि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार देर शाम को वह सेक्टर-7 में खरीदारी करने गई थी। वहां से लौटते समय मेन मार्किट के सामने ही पल्सर बाइक सवार दो युवकों ने पहले उसकी स्कूटी के आगे अपनी बाइक को लगा दिया और एक युवक फोन पर बात करने की एक्टिंग करने लगा। दूसरे लडके ने उससे मकान का पता पूछा। जब एक बदमाश उससे बात कर रहा तो दूसरे बदमाश ने पीछे से उसके गले से सोने की चेन पर झपटा मार दिया और बाइक पर फरार हो गए। इस दौरान महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन किसी ने भी बदमाशों को नहीं पकड़ा। आरोपी उसकी दो तोले की सोने की चेन ले गए हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी दो पल्सर बाइक सवार बदमाशों ने सेक्टर 13 में महिला सुषमा, सेक्टर 6 में सरोज नाम की महिला व सेक्टर 16 में एक अन्य महिला को अपना शिकार बनाया था। तीनों महिलाओं के गले से बदमाश सोने की चेन झपट कर फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी सलिन्दर कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपी तब तक फरार हो चुके थे। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# विश्वकर्मा पूजा व अन्नकूट का पर्व मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत में** विश्वकर्मा पूजा और अन्नकूट का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मिस्त्रियों ने भगवान विश्वकर्मा को याद किया और उनकी पूजा अर्चना की। उन्होंने अपनी दुकानों को बंद रखा व औजारों की पूजा की। सोनीपत के ककरोई रोड सिथत विश्वकर्मा धर्मशाला में पूजा का विशेष आयोजन किया गया । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए और सभी प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की मुबारकबाद दी और कहा कि भगवान विश्वकर्मा का सभी पर आशीर्वाद बना रहे।

उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे बड़ा शिल्पकार बताया । उन्होंने कहा कि संयंत्रों और उपकरणों के देवता



भगवान विश्वकर्मा की महिमा अपरंपार है । उनके बताये रास्ते पर चलकर ही आज देश व समाज लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है । इस अवसर पर प्रधान राज सिंह जांगड़ा, राजू प्रधान, रामबीर, सुभाष, संजय, रंजीत, सतपाल, मुकेश एंडी, बागड़ी, सतबीर और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इसके बाद राजीव जैन शहर में विभिन्न स्थानों पर अन्नकूट वितरण में शामिल हुए और अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया यहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद भंडारे लगाए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गोवर्धन पर्वत, गोधन यानि गाय और भगवान श्री कृष्ण की पूजा का विशेष महत्व है। गोवर्धन पूजा को अन्नकूट का पर्व

**मुबारकबाद**

**8 राजीव जैन ने विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए और सभी प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की मुबारकबाद दी**

भी कहा जाता है । अन्नकूट का प्रसाद देव नगर, सरदारों वाली गली, इंडस्ट्रियल एरिया, चिंतपूर्णी मंदिर, अग्रसेन भवन, अग्रवाल सदन, कच्चा बाग मंदिर और अनेकों जगहों पर वितरित किया गया । इस मौके पर रामचंद्र, राकेश मिंटा, नवीन गर्ग, अजय मंगला, टिका राम मित्तल, ओंकार दास गर्ग, सतपाल गुप्ता, पवन अग्रवाल आदि सैंकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे । श्री अग्रसेन धाम (कुंडली) में गोवर्धन पूजा में भी सम्मलित हुए, धाम के पदाधिकारियों द्वारा किये गए स्वागत के लिए धन्यवाद करते हुए कहा की भगवान गोवर्धन सभी भक्तो की मनोकामनाएं पूरी करें। जैसा कि सभी को विदित ही है कि यहाँ पर पिछले कई वर्षों से 3100 किलो गोबर से 31 फीट के विशाल भगवान गोवर्धन बनाये जाते हैं जोकि पुरे भारत वर्ष में प्रसिद्ध हैं। भगवान बांके बिहारी जी की छवि में गोवर्धन की प्रतिमा तैयार करके पुष्प मोतियों से सजाया जाता है खास बात यह है की भगवान कृष्ण ने बरसाना गोकुल वासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर लगातार 7 दिन तक उठाया था इसलिए श्री अग्रसेन धाम कुंडली में भगवान गोवर्धन की 7 दिन तक निरंतर पूजा होती है और प्रतिदिन 8 भोग प्रसाद अर्पण किए जाते हैं।

# कासंडी में बने ट्रीब्यूटरी ड्रेन नंबर 4 और अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हरियाणा तालाब** प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा ने गांव कासंडा और कासंडी में बने ट्रीब्यूटरी ड्रेन नंबर 4 और अमृत सरोवरों का निरीक्षण करते हुए उसके रख रखाव के लिए दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के पश्चात कार्यकारी उपाध्यक्ष ने तालाबों के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता लाने के लिए जिला में बने सरोवर सेवा समूहों के साथ बैठक की, जिसमें उनको सरोवर सेवा समूह द्वारा तालाबों पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी एवं उनकी भूमिका बताई गई।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को तालाबों की साफ सफाई और रख रखाव के विषय में जागरूक किया गया। उन्होंने हरियाणा सरकार की तालाबों के रख रखाव की योजना के तहत तालाबों पर तय किए गए अलग-अलग प्रकार के राष्ट्रीय व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को सभी सरोवर सेवा समूह अपने अपने तालाबों पर सरोवर सेवा दिवस मनाएंगे।

इस दौरान कार्यकारी उपाध्यक्ष के आग्रह पर गांव वालों ने सरोवर सेवा दिवस मनाने का का संकल्प लिया और सभी ने तालाबों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य को ठीक से करने का निर्णय लिया। इस दौरान सीएमजीजीए जतिन, पंचायती राज विभाग के एक्सईएन कुलबीर फौगाट सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

इसके पश्चात हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा ने हरियाणा तालाब प्राधिकरण द्वारा दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन, सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्ट विभाग के छात्रों और शिक्षकों के लिए हरियाणा के तालाबों के जीर्णोद्धार पर आयोजित कार्यशाला में शिरकत की। उन्होंने कहा कि तालाब जीर्णोद्धार की प्रक्रिया के साथ-साथ ग्रामीणों में तालाबों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों को जागरूक कर इस अभियान में भागीदारी भी बढ़ाई जा रही है। मीटिंग

कार्यकारी उपाध्यक्ष ने इस दौरान एक विडियों के माध्यम से छात्रों और संकाय सदस्यों को हरियाणा में तालाबों पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों और गतिविधियों के बारे में तालाब प्राधिकरण द्वारा किए गए कार्यों को दिखाया और उनसे इस जागरूकता अभियान में भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि अगले चरण में समूहों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक समूह में एक संकाय शिक्षक और 04 छात्रों सहित 5 सदस्य होंगे। सभी समूहों से बातचीत कर उन्हें उनके कार्य बाएं जाएंगे। इस दौरान आर्किटेक्कर विभागाध्यक्ष प्रो० रवि वैश, प्रो० विजय शर्मा सहित अन्य विभागाध्यक्ष और छात्र मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सारथी ट्रस्ट द्वारा मधुमेह (डायबिटीज) जागरूकता एवं नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया

**सोनीपतः** सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि सोनीपत द्वारा विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर व मधुमेह के मरीजों की देखभाल करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण शिक्षा समिति सोनीपत द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम, वेदवाटिका वेस्ट राम नगर



सोनीपत में आयोजित किया गया। इस जांच शिविर में जिले की मशहूर डॉ दिव्या सक्सेना की देखरेख में सक्सेना मल्टीस्पेशलिटी हस्पताल की टीम ने वृद्ध आश्रम में रहने वाले व आसपास के बुजुर्गों की बी पी, शुगर, व स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की। इस अवसर पर डॉ दिव्या सक्सेना ने बुजुर्गों को मधुमेह के प्रति जागरूक करते हुए बताया की विश्व मधुमेह दिवस एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में मधुमेह के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्थिति की बेहतर रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। मधुमेह के बारे में मुख्य तथ्य टाइप 1 मधुमेह को रोका नहीं जा सकता। टाइप 2 मधुमेह को अक्सर स्वस्थ आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, शरीर के सामान्य वजन को बनाए रखने और तंबाकू के सेवन से बचने के माध्यम से रोका जा सकता है। मधुमेह अंधापन, गुर्दे की विफलता, दिल के दौरे, स्ट्रोक और निचले अंग विच्छेदन का एक प्रमुख कारण है। नियमित जांच और उपचार से मधुमेह का इलाज किया जा सकता है और इसकी जटिलताओं से बचा जा सकता है। मधुमेह से पीड़ित लोगों को समस्याओं का शीघ्र पता लगाने में सहायता के लिए नियमित जांच करानी चाहिए। इसमें गुर्दे की बीमारी की जांच, नियमित आंखों की जांच और पैरों का मूल्यांकन शामिल है।

धूम्रपान छोड़ने से टाइप 2 मधुमेह विकसित होने का खतरा 30-40% कम हो जाता है। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा बुजुर्गों का आशीर्वाद सबसे बड़ी सौगात है। हमें उनकी स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए और उनके अच्छे स्वास्थ्य के साथ उनके अनुभवों का लाभ मार्गदर्शक के रूप में प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ अभिमन्यु, मधुमेह आहार सलाहकार रितु व लैब सहायक अजय, वृद्ध आश्रम के संचालक आनंद कुमार दहिया, ओमपाल, आदि मौजूद रहे।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार; 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना पुराना औद्योगिक पुलिस टीम ने बतरा कॉलोनी में दुकान के बाहर अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 13 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि सोमवार को देर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की एक टीम शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान बतरा कॉलोनी के नजदीक मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की बतरा कॉलोनी में दुकान के बाहर एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर दुकान के बाहर शराब बेच रहे युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अजय पुत्र श्री ठाकुर निवासी गोपाल कॉलोनी के रूप में बताई। आरोपी के पास मौके से 13 बोतल अवैध देसी शराब मार्का रसीला बरामद हुई। इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी अजय के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

# डाबर कॉलोनी घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, टीवीएस मोपेड (विक्की) बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन सीआईए** टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक अनाज मंडी कट पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दंबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अशफाक पुत्र अकबर निवासी राजीव नगर मंडौली दिल्ली के रूप में बताई। गहनता



से पूछताछ करने पर आरोपी ने 24 अक्तूबर को दिन के समय डाबर कॉलोनी में एक मकान से नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना किला में मनीष निवासी डाबर कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। थाना किला में डाबर कॉलोनी निवासी मनीष पुत्र कस्तूरी लाल ने शिकायत देकर बताया था कि 24 अक्तूबर को दिन में करीब 12 बजे गली में टीवीएस विक्की पर में एक युवक खिलोने व कास्मेटिक सामान बेचने के लिए आया था। उसकी माता जी ने युवक से कुछ सामान खरीदा। युवक सामान रखने के लिए घर के अंदर आया तो ड्रेसिंग टेबल पर रखे 30 हजार रूपए चोरी कर ले गया। मनीष की शिकायत पर थाना किला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अशफाक ने पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने चोरीशुदा नकदी में से 20 हजार रूपए खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी अशफाक के कब्जे से बचे 10 हजार रूपए व वारदात में प्रयुक्त टीवीएस विक्की बरामद कर मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# कानूनी स्वयंसेवक विजय सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजनीश बंसल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अधिकारी शैलजा गुप्ता तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष नागर ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कानूनी स्वयंसेवक विजय सिंह को सम्मानित होने पर बधाई दी।विगत दिनों 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उपमंडल विधिक सेवा समिति महेंद्रगढ़ के कानूनी स्वयंसेवक विजय सिंह को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए पंचकूला (चंडीगढ़) में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रितु भार्या व जज मिस्टर अरूणपल्ली ने अवार्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कानूनी स्वयंसेवक विजय सिंह आज महेंद्रगढ़ कोर्ट परिसर में पहुंचने पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान बंसी लाल यादव एडवोकेट, गौरी शंकर, शमशेर सिंह, सत्येंद्र सिंह शेखावत, नवीन जोशी, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार, एडवोकेट सुजाता शेखावत, सीमा रानी अधिवक्ता मौजूद थी।

# शिक्षा के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**महिला** एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को उपायुक्त जिला सचिवालय में पीएम केयर्स के लाभार्थी बालकों के साथ उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने मुलाकात करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य तथा अन्य आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल की व सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के डब्ल्युसीडी को निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि इन बच्चों की किसी भी तरह से पढाई नहीं रूकनी चाहिये। उपायुक्त ने बच्चों को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए कहा कि शिक्षा के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जिन्होंने समय पर पढ़ाई की तरफ ध्यान दिया है उन्होंने बुलंदियों को छुआ है। हमें इतिहास से यह सब सीखाना चाहिये व उसको जीवन में धारण करके आगे बढना चाहिये। उपायुक्त ने कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के पालन-पोषण के लिए लागू की गई पीएम केयर्स योजना के तहत पानीपत के पांच लाभार्थी बच्चों का उपायुक्त ने जिला सचिवालय में बैठक करके उनका हालचाल जाना व उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने बच्चों के सुखद भविष्य निर्माण के लिए उन्हें आधिकारिक शिक्षा अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने बताया कि बच्चों के पालन पोषण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उन्हें लगातार मिल रहा है। उपायुक्त ने बच्चों को आयुष्मान-चिरायु योजना का पूर्ण लाभ देने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जिन बच्चों के आयुष्मान-चिरायु कार्ड नहीं बने है बनाये जायें, ताकि उन्हें बेहतरीन उपचार की सुविधा मिल सके।

### नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 नवम्बर तक चलेगा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला : उपायुक्त

**पानीपतः उपायुक्त** डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हो चुका है जो 27 नवम्बर तक चलेगा। इस व्यापार मेले का विषय वसुधैव कुटुम्बकम है, जो सतत विकास और समृद्धि के लिए व्यापार-क्षेत्र में आपसी संपर्क और सहयोग पर जोर देता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 14 दिनों तक चलने वाले इस व्यापार मेले में देश-विदेश के व्यवसायी भाग लेंते और अपनी सामग्री प्रदर्शित करते हैं। मेले में अन्य प्रदेश का भी भांति प्रदेश का पंडाल भी लगाया जाता है।

# पावर लूम वर्कर सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा डे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पावर लूम** वर्कर सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा डे प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक हल्का ग्रामीण से बने मुख्य अतिथि

आज विश्वकर्मा पावर लूम वर्कर सेवा समिति ने 22 वां विश्वकर्मा दिवस मनाया गया।

इस संचालन में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक को आमंत्रित किया गया और स्मृति चिंदेकर सम्मानित किया



गया। इस मौके पर सभी वर्कर भाइयों ने मिलकर पूजा अर्चना याचना की हवन किया तथा भगवान विश्वकर्मा को याद किया। सभी पावर लूम वर्करों के सहयोग एवं प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक के सहयोग से एक भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी आम आदमी पार्टी सुखबीर मलिक ने कहा विश्वकर्मा भगवान सृष्टि के निमार्ता हैं उन्होंने इस सृष्टि को बहुत बारीकी से बनाया है। उनका काम हमारे देश के आर्किटेक्ट लोगों के लिए उदाहरण है। भगवान विश्वकर्मा ने सभी को रोजगार देने के लिए औजारों को सम्मान देने के लिए आज का दिन निश्चित किया है। भगवान विश्वकर्मा में के अनुसार हर व्यक्ति को अपना रोजगार मिलना चाहिए। हर व्यक्ति के पास अपना हुनर होना चाहिए। जिससे वह अपनी रोजी-रोटी कमा सके और अपने परिवार का लालन पालन कर सकें। उन्होंने कहा हमें भगवान विश्वकर्मा से प्रेरणा लेनी चाहिए कि जितना हो सके लोगों की सेवा करें।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सूफी संवाद महा अभियान कार्यक्रम किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमल हुसैन**

**पानीपत** के मदरसा गौस अली शाह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सूफी संवाद महा अभियान आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी रहे सूफी संवाद महाभ्यान की अध्यक्षता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा क बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने की। इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस अकरम राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य असलम खान भी मौजूद रहे। मोर्चा के पानीपत जिला अध्यक्ष रफाकत हसन के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी ने सभी अतिथियों का पानीपत पहुंचने पर फूल माला व ढोल नगाड़ों के साथ गुलदस्ता देकर स्वागत किया, कई घंटे चले सूफी संवाद कार्यक्रम में देश व प्रदेश में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे सभी संवाद अभियान के लिए । पानीपत में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में भारी जो सोचा देखने को मिला राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने सूफी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते कहा के पूरे देश में सूफी संवाद महा अभियान चलाया जा रहा है। तथा अल्पसंख्यकों व मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश और भाजपा सरकार के लाभकारी योजनाओं व नीतियों को पहुंचना कार्य किया जा रहा है। इस अभियान से अल्पसंख्यक ज्यादा से ज्यादा भाजपा की सबका साथ सबका विकास के नारे में प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने का काम करेंगे, उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को बखूबी निभा रही है, मोर्चा के सभी पदाधिकारी पार्टी के विस्तार को लेकर दिन रात प्रयास रतन है। तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्धिक ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश व अल्पसंख्यकों से बहुत लगाव है। सूफियों ने देश के आपसी भाईचारे और शांति कायम करने में अहम भूमिका निभाई इसलिए उनके प्रयास और उनके सोच को हमें भूलना नहीं चाहिए। हरियाणा में भी इसे बढ़-चढ़कर आयोजित किया जा रहा है।

# बाल अधिकारों का संरक्षण करना ही आयोग का पहला उद्देश्य : अनिल

**बाल मजदूरी रोकने के लिए बेहतरीन तालमेल के साथ उठायें हर संभव कदम, ई अधिगम योजना के तहत सरकारी स्कलों में वितरित किए टैबलेट**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हरियाणा राज्य** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण करना आयोग का पहला उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही विशेष रूप से आयोग गठित किया गया है जो इस दिशा में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्यरत है। हमें मिल-जुलकर बाल अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। हम सबका दायित्व बनता है कि हम बच्चों को उनके अधिकारों की प्राप्ति सुनिश्चित करवायें।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने मंगलवार को लघु सचिवालय में बच्चों से संबंधित विभागों के साथ पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, बाल श्रम व बाल विवाह विषयों पर बैठक लेते हुए सभी एक्टों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। ताकि अगर किसी बच्चे के प्रति होने वाले अपराधों पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए संबंधित इकाइयों व विभागों को एकजुटता के साथ प्रयास करने चाहिए। किसी भी



सूरत में बाल अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।

आयोग के सदस्य श्री लाठर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ाने वाले सभी अध्यापकों की जानकारी से संबंधित बोर्ड को स्कूल प्रांगण में ऐसी जगह लगवाना सुनिश्चित करे। जिसे अभिभावक व बाहर से आने वाले व्यक्ति को भी संबंधित विषय के अध्यापकों के बारे में जानकारी मिल सके। इसके अलावा हरियाणा ई-अधिगम योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिले टैबलेट की समय-समय पर चैकिंग अवश्य करवाएं कि कहीं बच्चा उस टैबलेट में पढ़ाई से संबंधित अन्य कोई एप तो प्रयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार उनके सामने यह बात आई है कि बच्चे उस टैबलेट का लॉक तुड़वाकर उसको अन्य कार्यों के लिए प्रयोग कर रहे है तो ऐसे में उन दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई करें तो इन टैबलेट के लॉक तोड ? का कार्य कर रहे हैं। आयोग सदस्य ने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों की निरंतर काउंसिल करवाई जाए ताकि अगर किसी बच्चे के साथ कोई अपराध हो रहा है तो उसे तुरंत रोका जा सके।

बैठक में एसीपी राहुल देव, महिला एवं बाल विकास विभाग की पीओ प्रवीण कुमारी, डिप्टी डीईओ जितेन्द्र छिक्कारा, बाल कल्याण संमिति की चेयरपर्सन अनीता शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी(संस्थानिक) ममता शर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी(गैर-संस्थानिक) आरती, बबीता शर्मा, डीएलएसए से एडवोकेट अरूण शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एलजी दौरे के बाद भी आजादपुर मंडी के नहीं सुधरे हालात





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एशिया** की सबसे बड़ी आजादपुर सब्जी व फल मंडी में कुछ दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल ने दौरा किया था, लेकिन आज भी आजादपुर मंडी के हालात में कुछ सुधार देखने को नहीं मिल रहा है, जहां एक और मंडी में जाम की समस्या बनी रहती है, वहीं आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

**जगह-जगह गंदगी का लगा है अंबार:** आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिस कारण से मंडी में आने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**मंडी में आवारा पशुओं से लोग परेशान:** आजादपुर मंडी के लगभग सभी ब्लॉक व शैडों के बाहर आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। जिसके चलते यहां पर आने वाले लोगों को परेशानी होती है।

**सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें प्रशासन:** आजादपुर मंडी में सब्जी खरीदने आये दीपक कुमार ने बताया कि मैं अक्सर आजादपुर मंडी से फल व सब्जी लेकर जाता हूं लेकिन यहां पर प्रशासन की लापरवाही की वजह से जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे रहते है, जिस कारण से हम लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है।

**मंडी में जाम की समस्या का भी हो हल:** आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों की विशेष रूप से मांग है कि यहां पर जाम की समस्या का प्रशासन हल निकले। जिससे की यहां पर आने वाले लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

## आजादपुर मंडी में सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें प्रशासनः पंकज भरेजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने आजादपुर मंडी की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी का अंबार



लगा हुआ है, जिसके चलते मंडी में आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।
उन्होंने आगे बताया कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह अतिक्रमण होता जा रहा है, जिसके चलते मंडी में जाम की समस्या और अधिक होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को मंडी में जो अतिक्रमण है, उसे हटाना चाहिए, जिससे यहां पर आने वालो लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की जयंती पर अपने आफिस में कांग्रेसी साथियों के साथ उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
श्री जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरु ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और देश को आजादी मिलने के बाद आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।
उन्होंने योजना आयोग का गठन किया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और तीन लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उनकी नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का एक नया युग शुरू हुआ।
पंडित नेहरू ने भारत की विदेश नीति के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभायी। उन्होनें भारत की बुनियादी एकता पर फोकस किया और चिकित्सा के क्षेत्र में विकास के लिये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की। इस अवसर पर हरी किशन जिन्दल के साथ आदर्श नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव, प्रदीप शौकीन सुरेंद्र सैनी अमरीश भाई, इंद्रपाल, अनिल कुमार, होतम सिंह, बिजेंदर राणा, साहिल सलमानी व अन्य साथी उपस्थित थे।

## जनता सुविधाओं से त्रस्त, पार्षद हैं बैठकों में मस्तः गंगवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर का वार्ड नंबर-62 स्थानीय निगम पार्षद की लापरवाही के चलते गंदगी का शिकार हो गया हैं।



क्षेत्र में चहुंओर गंदगी फैली हुई है। कदम-कदम पर दुश्वारियों का बोलबाला है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सुविधाओं के अभाव में लोग:** वार्ड में सुविधाओं का अभाव है। गंदगी से लोगों में संक्रामक बीमारियां फैलने का भय बना रहता है।
इसके साथ ही त्रीनगर विधानसभा के अध्यक्ष अशोक गंगवाल ने कहा कि भाजपा पार्षद किशन बेमाड़ की लापरवाही क्षेत्र की जनता के लिए अब शापित साबित हो रही हैं। शकूरपुर वार्ड के लोग सुविधाओं से वंचित हैं, तो वहीं पार्षद किशन बेमाड बेखबर बन मौन बने बैठे हैं।

**वार्ड में सफाई व्यवस्था लचर:** वार्ड में नियमित सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जाम नालियां बजबजा रही है।
उन्होंने बताया कि यहां नियमित सफाई न होने से कचरा बिखर रहा है जिससे संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार उन्होंने कई बार मौखिक शिकायत के अलावा शिकायत पत्र भी सौंपा लेकिन सुधार की दिशा में कोई प्रयास अभी नजर नहीं आया है।

## सत्य के पथ पर चलकर ही मिलेगी सफलताः अजय वीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उल्लास और दीपों का त्योहार दीपावली देशभर में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों को सजाया। श्रद्धा से कुबेर और मां लक्ष्मी की पूजा की और मिठाइयों का आनंद लिया। हालांकि इस बार पर्व पर महंगाई का असर दिखाई दिया। इसके चलते बाजार में अपेक्षाकृत कम रौनक रही। लोग तैयार होकर अपने परिचितों को बधाई देने के लिए घर से निकल पड़े। लोगों ने मिठाई व उपहार देकर एक-दूसरे को त्योहार की शुभकामना दी। शाम होते होते गली-गली मोहल्ला-मोहल्ला प्रकाश में नहाया नजर आया। लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों को फूलों, दीपों व बिजली की झालरों से सजाया। शाम को पारंपरिक ढंग से लक्ष्मी गणेश का पूजन किया गया। इसके बाद लोगों ने बच्चों के साथ आतिशबाजी का आनंद लिया। इसी मौके पर राजकीय



विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने अपने शिक्षक साथियों के साथ त्योहार का आनंद लिया व इस दौरान उनके निवास पर सुबह से ही उनके चाहने वाले शिक्षकों का बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। इस मौके पर यादव ने संदेश देते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दीपावली को पारस्परिक सौहार्द्र, सद्भाव और उल्लास के



साथ ही मनाना चाहिए। इसी मौके पर अध्यापक शक्ति मंच के अध्यक्ष बीरेंद्र डबास ने कहा कि भगवान श्री राम के प्रति उनके अन्नय भक्त अटूट विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का 14 वर्ष वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे और उनके आने की खुशी में पूरे अयोध्या वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया था, घी के दीए जलाकर इस त्योहार को मनाया था,आज भी यह परंपरा उस समय से कायम है।

# आजादपुर मंडीः धूमधाम से मनाया गया राजू कोहली का जन्मदिन

### राजू कोहली को हजारों लोगों ने दी जन्मदिन की बधाई, भजन कीर्तन व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन









**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**एपीएमसी** (एमएनआई) आजादपुर मंडी, दिल्ली सरकार के सदस्य राजू कोहली का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जहां एक और उनको लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी, वहीं कई लोगों ने उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

**सुबह से बधाई देने वालों का लगा रहा तांता:** सुबह से ही राजू कोहली को जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता उनके निवास पर लगा रहा। इस मौके पर उनके समर्थको ने उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

**जन्मदिन पर आजादपुर मंडी में भव्य कार्यक्रम आयोजित:** एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी के टमाटर शैड में टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक एवं चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन ने उनके जन्मदिन पर बड़ा ही भव्य कार्यक्रम किया और जहां पर बहुताय की संख्या में लोगों ने राजू कोहली को जन्मदिन की बधाई दी।

**मंडी के मजूदरों ने किया भजन कीर्तन का आयोजन:** राजू कोहली के जन्मदिन पर आजादपुर मंडी के मजदूर व पल्लेदार भाईयों ने भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ किया और उनकी दीघार्यु की कामना की।

**जन्मदिन पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन:** आजादपुर मंडी में छोटा टैम्पू एसोसिएशन ने टमाटर मंडी चौक पर राजू कोहली के जन्मदिन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया।

**कई मंडी के व्यापारियों ने राजू कोहली को दी जन्मदिन की बधाई:** आपको बतादें कि जहां एक और आजादपुर मंडी में राजू कोहली के समर्थकों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये। वहीं दिल्ली की कई मंडियों के व्यापारियों व कई एसोसिएशनों ने उनको जन्मदिन की बधाई दी।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व प्रवक्ता विनोद नागर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विजेन्द्र यादव, जिला प्रभारी भाजपा राज कुमार भाटिया, पूर्व चेयरमैन एपीएमसी राजेन्द्र शर्मा, चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के उपप्रधान विजय मलिक, महासचिव अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष तरूण सचदेवा, नवनियुक्ति सदस्य एपीएमसी अशोक कौशिक, यशपाल, नरेला मंडी के वरिष्ठ नेता परविन्दर, गाजर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह बीरा जी, कश्मीर एप्पल मरचेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कालरा, टमाटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मिन्टू चौहान, शिमला सोलन एसोसिएशन के प्रधान सोनू एवं महेश आनन्द व उनकी पूरी एसोसिएशन, गर्लिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, गर्लिक एसोसिएशन के उपप्रधान राजू खुराना, विजय राठौर, ईश्वर सिंह सैनी गाजर एसोसिएशन, तरबूज-खरबूजा एसोसिएशन के प्रधान दुष्यंत सिंह, महासचिव पाल सिंह, अमरूद एसोसिएशन के अध्यक्ष बॉबी सिंह, सरीफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा भाई एवं उनकी टीम, लोकल एसोसिएशन के राजबीर, चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के महासचिव महेन्द्र शर्मा, दीपक, अदरक एसोसिएशन विमल तलवार, अनिल गोयल, विशाल गोयल एवं उनकी टीम, आजादपुर मंडी मजदूर संघ के अध्यक्ष साबिर अली, गौरी शंकर, पवन पल्लेदार, महासचिव नवनीत सिंह लाम्बा, अमित गुप्ता, पपीता एसोसिएशन के प्रधान हाजी असलम, महासचिव हाजी यूसूफ भाई एवं उनकी पूरी टीम, नारियल मंडी से महासचिव समीम भाई, कल्ब पंजाबियां दा के अध्यक्ष राम कुमार बरार एवं उनकी पूरी टीम, केवल पार्क श्मशान घाट के अध्यक्ष पवन गोयल, महासचिव सुनील खन्ना, टाईगर आई सिक्योरिटी कम्पनी के चेयरमैन भाई राजेश शर्मा, अध्यक्ष साहिल वैद्य व उनकी टीम, सराय से शिव पहलवान, बिट्टू भाई, नवीन भाई, नितिन भाई, एडवोकेट जितेन्द्र कोहली अपनी यूथ टीम के साथ, प्रथम त्यागी, तेजस्वी, मोनू, शिवम्, अभिषेक चौधरी, राजस्थान घिया एसोसिएशन के प्रधान भाई कालू त्यागी, राकेश शर्मा, नमन शर्मा, अनार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश व उनकी टीम, पपीता एसोसिएशन के युवा साथी मुसीन खान, तिलक नगर से भाई प्रवीन काला व उनकी टीम व तमाम दिल्ली की कई मंडियों से लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।





# छठ पूजा से पहले पूर्वांचल समाज की बहनों को भेजा माँ गंगा स्नान के लिए हरिद्वार: गोयल

**पूजा अर्चना**

**8 विपुल गोयल ने बताया कि छठ पूजा से पहले महिलाएं गंगा जल ग्रहण कर पूजा अर्चना करती है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने अपने सेक्टर 16 स्थित कार्यालय सागर सिनेमा से कार्तिक माह के पावन अवसर पर फरीदाबाद क्षेत्र के पटेल नगर स्लम एरिया की माताओ ओर बहनो को माँ गंगा स्नान के लिए हरिद्वार तीर्थ यात्रा पर भेजा। विपुल गोयल ने बताया कि छठ पूजा से पहले महिलाएं गंगा जल ग्रहण कर पूजा अर्चना करती है ऐसी परम्परा वर्षो से चली आ रही है तो इसी वजह से छठ पूजा से पहले पूर्वांचल समाज की माताओं ओर बहनों को माँ गंगा स्नान के लिए भेजा गया है। इससे पहले भी पूर्व मंत्री विपुल गोयल अब तक हजारों बसे तीर्थ धामों पर अपने क्षेत्र से निशुल्क भेज चुके हैं ओर फरीदाबाद क्षेत्र की जनता को धार्मिक जगहों पर तीर्थ यात्राएं करवाने के लिए अभी भी हरिद्वार, शिरडी साईं धाम, वैष्णो देवी, पटना साहेब आदि जगहों पर निशुल्क भेजा जा रहा है। पूर्व मंत्री विपुल गोयल यह सेवा काफी वर्षो से निशुल्क करवाते आ रहे है जोकि नमो तीर्थ यात्रा के नाम से जानी जाती हैं। इस बारे जब विपुल गोयल से बातचीत की तो उन्होंने बताया की कार्तिक का पावन महीना शुरू हो गया है ओर इस माह में माँ गंगा स्नान का विशेष महत्व वेदों पुराणों में बताया गया है ओर वह स्वयं चाहते है की उनका क्षेत्र उनका परिवार है ओर इस नाते उनके परिवारिक लोग भी इसका लाभ ले ओर पुण्य के भागीदार बने। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि जाने वाले तीर्थ यात्रियों का रहने, खाने- पीने का पूरा प्रबंध उनकी तरफ से ही रहता है ओर जो भी व्यक्ति तीर्थ स्थानों पर जाना चाहता है वो उनके कार्यालय मे निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

पूर्व मंत्री ने सभी माताओ को भेजते हुए उनकी मंगल यात्रा की कामना की ओर लोगो से क्षेत्र की प्रगति ओर खुशहाली की कामना माँ गंगा से करने के लिए कहा। इस मोके पर पंडित मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी, नरेश नंबरदार निवर्तमान पार्षद नगर निगम, विजय शर्मा, बाबू खान, पंडित सुरेंद्र बबली, सुभाष भगत, सीमा भारद्वाज, दीपक शाक्य, पार्थ पाराशर, सोनू शर्मा, बंसी लाल, बलराज कुमार, संजय शाह व अन्य काफी लोग उपस्थित थे।

# सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में हुई गोवर्धन महाराज की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर एक नंबर में गोवर्धन पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में गोवर्धन भगवान प्रतिमा बनाकर उसकी पूजा अर्चना की गई और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना मुख्यातिथि के रूप में पधारे संजीव ग्रोवर द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ की गई।



इस अवसर पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि भारत देश त्यौहारों का देश है और सभी त्यौहार हमें आपसी भाईचारे व एकता का संदेश देते है इसलिए सभी त्यौहारों को हमें मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पर्व भी हिन्दु समाज का एक प्रमुख त्यौहार है इसलिए भगवान गोवर्धन की पूजा होती है और कढ़ी बाजरे का प्रसाद वितरित किया जाता है। श्री भाटिया ने गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना करते हुए शहर के लोगों के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना करी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजा महोत्सव हर साल धूमधाम से मनाया जाता है और इस बार भी इस पर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर तिकोना पार्क के प्रधान राकेश कुमार रक्कू, अजय शर्मा, रिंकल भाटिया, प्रवेश अरोड़ा जतिन गाँधी प्रेम बब्बर, विकास भाटिया, सचिन भाटिया, आशु अरोड़ा, रविंद्र गुलाटी, भारत कपूर, सतीश बांगा, रमन तिवारी, अरविन्द शर्मा, गौरव गुलाटी, अमित नरूला, अनुज, विरिंदर सिंह, अमर बजाज, पवन माटोलिया, जतिन मालिक, प्रदीप भाटिया, पंकज भाटिया आदि अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना सेक्टर-17 और पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने मार्किट में आमजन को पटाखो से होने वाले प्रदुषण, नशा के दुष्परिणाम के प्रति किया जागरुक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-17 प्रभारी सुरेन्द्र और पुलिस चौकी सेक्टर-16 प्रभारी नरेश कुमार ने अपनी टीम के साथ सब्जी मंडी सेक्टर 16 फरीदाबाद में प्रवासी कामगारों को पटाखों से होने वाले प्रदुषण, नशा के दुष्परिणाम के प्रति जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-17 व पुलिस चौकी सेक्टर-16 प्रभारी ने अपनी टीम के साथ सब्जी मंडी सेक्टर-16 में आमजन को पटाखो से होने वाले प्रदुषण, महिला विरुद्ध अपराध और नशा के संबंध में जागरुक किया है। साथ ही पुलिस टीम ने नशा के मामले में संलिप्त आरोपियो की भी चेतावनी दी, नशा ना बेचने की हिदायत देते हुए आमजन को कहा की अगर कोई व्यक्ति नशा बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पटाखे बेचने वालो के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पटाखे ना चलाने के लिए आमजन से अपील की है। इसके साथ महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जगरुक करते हुए लोगो को बताया कि अगर किसी भी महिला/लडकी का रास्ते में आते जाते समय किसी के द्वारा पिछा, छेडछाड या भद्दे कमेंट पास करता है तो तुरंत पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर डायल 112 पर सूचना दे। आपकी तुरंत पुलिस के द्वारा सहायता की जाएगी। अगर आपके आस पास कोई व्यक्ति या औरत नशा तस्करी करती है तो नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना दे।

### डा. अमित आर्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में सीएम के मीडिया सलाहकार रहे अमित आर्य को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। श्री आर्य को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 9 सालों तक मीडिया सलाहकार रहे अमित आर्य केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सुझाव भी देंगे। श्री आर्य का कार्यक्षेत्र हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और जम्मू कश्मीर रहेगा। केंद्र में अपनी नियुक्ति पर श्री आर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसे वे पूरी निष्ठा व लग्न से निर्वहन करेंगे। गुरुग्राम निवासी डा. अमित आर्य के मीडिया में लंबे अनुभवों का सरकारी योजनाओं को ग्रास रूट तक पहुंचाने में लाभ मिलेगा। श्री आर्य केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सुझाव भी देंगे। 2014 में हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अमित आर्य ने करीब नौ साल तक हरियाणा सरकार में बतौर मीडिया एडवाइजर सेवाएं दी हैं।

डा. अमित आर्य का लगभग बीस वर्ष तक राष्ट्रीय मीडिया में सक्रिय योगदान रहा है। वे कई न्यूज चैनलों में बतौर संपादक अपनी भूमिका निभा चुके हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार रहते हुए श्री आर्य ने मीडियाकर्मियों के लिए काफी प्रशंसनीय कार्य कराए हैं।

### घर के सामने पोटाश बजाने से मना करने पर पीट डाला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

नजदीकी गांव ढंढूर में घर के सामने पोटाश बजाने से रोकने पर होमगार्ड जवाब को कुछ युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव के लिए होमगार्ड जवान के मौसा को भी युवकों ने पीट डाला। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने पथराव किया और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर किए।

अस्पताल में उपचाराधीन होमगार्ड जवान अजय ने बताया कि सोमवार रात को ड्यूटी से घर पहुंचा था। उस समय घर के सामने गांव पीरावाली निवासी फौजी, जग्गी, संदीप उर्फ बिट्टू, प्रतिम उर्फ प्रति, गांव का ही लखविंदर, गुरप्रीत, संजू और विक्की पोटाश बजा रहे थे।

# गोवर्धन पूजन देता है सुख-समृद्धि के साथ बेहतर स्वास्थ्य : गिरीश भारद्वाज

**गोवर्धन पूजा**

**8 इस दौरान कई स्थानों पर कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहें।**

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** 14 नवंबर को उदयातिथि होने के चलते बल्लभगढ़ शहर की कॉलोनियों में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कई स्थानों पर कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहें। इस दौरान गिरीश भारद्वाज ने अपने पिता रामनारायण भारद्वाज के साथ पहुंच कर गोवर्धन प्रसाद का वितरण किया। और उपस्थित लोगों को पर्व की महत्वत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि धर्मग्रंथों के अनुसार, गोवर्धन पूजा उस दिन से होती है, जब भगवान कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत के नाम से जाने जाने वाले पूरे पर्वत को उठा लिया था। कृष्ण ने अपने साथी ग्रामीणों को भगवान इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए पर्वत उठाया था, जो ग्रामीणों से क्रोधित थे और इसलिए उन्होंने गांव में लगातार सात दिनों तक बारिश की बौछारें की थीं। वहीं पूजा का महत्व बताते हुए रामनारायण भारद्वाज ने कहा कि सनातन धर्म के लोगों के लिए गोवर्धन पूजा का बड़ा ही महत्त्व होता है क्योंकि इस दिन विशेष तौर पर गौ माता का पूजन किया जाता है। अलग-अलग जगहों में इस पूजा की कई मान्यताएं और भी हैं जैसे कई अन्य जगहों पर यह पूजा परविार की सुख-समृद्धि, अच्छी सेहत और लंबी उम्र की कामना के लिए भी की जाती है। लेकिन मूल रुप से इस दिन गौ माता का पूजन, लाडले कन्हैया का पूजन बड़े ही धूम धाम से गाय के गोबर का गोर्वधन पर्वत बना कर किया जाता है। इस क्रम में मंदिरों में गोवर्धन बनाएं व भगवान श्री कृष्ण को छप्पनभोग व अन्नकूट भोग लगाया जाएगा। पिछले कई सालों से मंदिरों में अन्नकूट पर इस तरह की प्रथा का चलन है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज, रामनारायण भारद्वाज, सूबेदार चंदसिहं छाबड़ी, पंडित टेकचंद शर्मा, पवन शर्मा,अल्केश यादव, बीपी सिंह, मनीष अरोड़ा, संतराम वशिष्ठ, सुनील भारद्वाज, हबीब प्रधान, डीडी भारद्वाज, भूपेश गुप्ता, दीपक,लोकचंद, सुनील, विजय,दिनेश शर्मा के अलावा अन्य कॉलोनी के लोग उपस्थित !



# दो बेसहारा बुजुर्गो का सहारा बना ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बुजुर्गो को सहारा देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति( रजि0 ) ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम 2डी-ब्लॉक ने आज फिर दो बेसहारा बुजुर्गो को आश्रम में सहारा देकर ना केवल सामाजिक कार्य किया है ब्लकि दो अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। दरअसल समिति के संचालक कृष्ण लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता ने फोन पर सूचना दी कि दो वृद्व बादशाह खान अस्पताल के सामने लावारिस हालत में बैठे है। कृष्ण लाल बजाज बिना समय गंवाए अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उन्हें उठाकर वृद्वाश्रम में लेकर आए और खानपान दिया। पूछताछ करने पर एक वृद्व ने अपना नाम अमृत कुमार दुनेजा पुत्र धोवतरम दुनेजा आयु लगभग 70 वर्ष है और दूसरे ने अपना नाम जसविन्द्र कुमार पुत्र तरसेम लाल बताया।



### रोहतक: दुकान पर पथराव कर चलाई गोली, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

माता दरवाजा चौक स्थित एक दुकानपर पर पथराव कर गोली चलाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाबरा मोहल्ला निवासी सन्नी ने बताया कि माता दरवाजा चौक पर उसकी कपडे की दुकान है। शाम को वह और उसका भाई अंकित अपनी गली के काने पर खड़े थे, उसी दौरान राहुल निवासी गढी मोहल्ला अपने 15 साथियों के साथ आया और झगडा करने लगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में भारत देश का परचम लहराया : अजय भट्ट



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कहते है कि देश आगे तभी बढ़ेगा, जब देश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ कार्य होंगे। भारत सरकार के रक्षा एवं टूरिज्म के केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने आज मंगलवार को स्थानीय आईएम के जेवी माइक्रोनिक वैज्ञानिकों को सम्मानित कर उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि जेवी माइक्रोनिक रेडियो थिकवैन्शी का बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर रही है। भारतीय इसरो वैज्ञानिकों ने चन्द्रयान बनाकर विश्व स्तर पर ऐतिहासिक कार्य किया है। वहीं कोरोना काल विश्व में चिकित्सकों ने वैक्सीन तैयार कर-के अन्य देशों में सप्लाई देकर देश की आर्थिक स्थिति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुदृढ़ बनाने का काम किया है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सेनाओं ने थल, जल और नभ में अभूतपूर्व अचीवमेंट से विश्व के दूसरे देशों को हैरानी होती है। विश्व स्तर पर आज भारत किसी भी क्षेत्र में पिछे नहीं है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हम 8 लाख करोड़ के मोबाइल आयत करते थे और आज तीन लाख करोड़ के मोबाइल हम दुनिया को निर्यात करते है। 2014 से पहले मोबाइल का इंटरनेट 20 जीबी डाटा पांच से छह हजार रुपये में आता था और आज सिर्फ पांच सौ से छह सौ रुपये खर्च करते पड़ते है। हर भारतीय के मोबाइल का पांच से छह हजार का महीने का खर्चा मोदी जी ने बचाया।

पहले देश में बिजली की बहुत जायदा समस्या थी मोदी जी ने पूरे भारत को वन नेशन वन ग्रिड से जोड़ा है। आज देश में बिजली की कोई कमी नहीं है हम दुनिया के दूसरे देशो को भी बिजली देते है। भारत एक विकसित देश के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के पथ पर चलते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित देखना सरकार का लक्ष्य है।

# 55 वर्षीय व्यक्ति को पुलिस ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-3 ने गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति 30 अक्टूबर को अपने घर से बिना बताए निकल गया था। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया। जो व्यक्ति के नही मिलने पर गुमशुदी की सूचना पुलिस चौकी सेक्टर-3 में दी गई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी सेक्टर 3 उप निरीक्षक सीमा के द्वारा व्यक्ति के गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया। तुरंत व्यक्ति की तलाशी के लिए बिना किसी देरी के गुमशुदा सुनील को ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी। स्पेशल टीम गठित की जिसमें प्रधान सिपाही नरेंद्र सिंह, सिपाही सुमित कुमार को शामिल किया गया। गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन ग्रुप और ग्राम/वार्ड प्रहरियों, एनजीओ संस्थाओं की मदद ली गई। गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, और बस स्टैंड पर तलाश किया गया। गुमशुदा व्यक्ति के जगह-जगह इश्तिहार लगवाए गए। रिहायशी क्षेत्रों में गुमशुदा व्यक्ति की मुनादी करवाई गई। काफी तलाशी के बाद 13 नवम्बर को गुमशुदा व्यक्ति को फरीदाबाद एरिया से तलाश किया गया है। परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए गुमशुदा व्यक्ति को परिजों के हवाले किया है। गुमशुदा व्यक्ति के परिजनो के द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गाया है।



# कांग्रेस ने दलित समाज का हमेशा किया शोषण, समझा केवल वोट बैंक : पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय जनता पार्टी ह्लअटल कमलह्व जिला कार्यालय पर भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई । इस बैठक में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा कृष्णलाल पंवार, कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, बडखल विधायक सीमा त्रिखा, तिगांव विधायक राजेश नागर, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पूर्व विधायक पृथला टेकचन्द शर्मा, निवर्तमान मेयर सुमनबाला, जिला उपाध्यक्ष मानसिंह, बिजेन्द्र नेहरा, जिला सचिव भारती भाकुनी, पुनीता झा, जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, प्रदेश कार्यालय मंत्री व मिडिया प्रभारी डॉ.दिनेश शास्त्री, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश नम्बरदार, जिला महामंत्री जगदीश कुमार, अमित कुमार, राजपाल यादव, भवानी प्रसाद, धर्मवीर प्रधान, मास्टर नारायण सिंह, वीरांगना झलकारी बाई सेवा समिति के जिला अध्यक्ष बलराज माहौर, भाजपा जिला पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे। बैठक में राज्य सभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने वीरांगना झलकारी बाई देवी का जीवन दर्शन कार्यकताओं के सामने रखने हुए कहा कि वीरांगना झलकारी बाई झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की नियमित सेना में, महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति थीं। वे लक्ष्मीबाई की हमशक्ल भी थीं इस कारण शत्रु को गुमराह करने के लिए वे रानी के वेश में भी युद्ध करती थीं। उन्होंने प्रथम स्वाधीनता संग्राम में झाँसी की रानी के साथ ब्रिटिश सेना के विरुद्ध अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए ब्रिटिश सेना के कई हमलों को विफल किया था। अपने अंतिम समय में भी वे रानी के वेश में युद्ध करते हुए अंग्रेजों के हाथों पकड़ी गयीं और रानी को किले से भाग निकलने का अवसर प्रदान किया। पंवार ने कहा कि कांग्रेस ने कभी दलित समाज को सम्मान नहीं दिया अपितु हमेशा से ही दलितों का शोषण व प्रयोग किया है और हमेशा सिर्फ वोट बैंक ही समझा है ।जबकि इसके विपरीत ही भारतीय जनता पार्टी ने दलितों का हमेशा ही मान व सम्मान किया और दलितों को सशक्त करने और मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है । भाजपा ने बाबा साहब अम्बेडकर व दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति को मजबूत करने और लाभ पहुँचाने का कार्य किया है ।



# हाईकोर्ट के सिटिंग जज करें नकली शराब घोटाले की जांच: करणवीर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**

आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष करणवीर लौट ने मंगलवार को बयान जारी कर यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब से हुई 22 लोगों की मौत को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में सरकार की सांठगांठ से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इस केस में कांग्रेस नेता मांगेराम मारूपुर और जेजेपी नेता के बेटे की गिरफ्तारी दिखाती है कि इनकी सांठगांठ से शराब का कारोबार चल रहा था।



उन्होंने कहा कि हरियाणा में बड़े स्तर पर शराब घोटाला हो रहा है। यह शराब घोटाला हजारों करोड़ रुपए का है। नकली शराब से अभी तक दो जिलों के लोग प्रभावित हुए हैं। अभी देखना है कि कितने जिलों में मौत का कारोबार चल रहा था। शराब घोटाले में मृत लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसको संगठित तरीके से अंजाम दिया गया था।उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खुलेआम नकली शराब बिक रही है, नकली शराब की होम डिलीवरी तक हो रही है। इससे पहले भी सोनीपत और पानीपत के मामले को हरियाणा की भाजपा सरकार ने दबाने का काम किया था। खट्टर सरकार युवा पीढ़ी को नशे में डूबा रही है और प्रदेश की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 15 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## नमामि गंगे की मूर्तियों को इको-फ्रेंडली विसर्जित करने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**पांच** दिवसीय दीप पर्व के तीसरे दिन मंगलवार को नमामि गंगे ने आमजन से मूर्तियों का इको-फ्रेंडली विसर्जन की अपील की है। मंगलवार को नमामि गंगे के काशी क्षेत्र संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि दीपावली पर्व पर लगभग हर घर में श्री गणेश और लक्ष्मी जी की नई मूर्तियों की पूजा होती है लेकिन, पुरानी मूर्ति का क्या होगा ? ज्यादातर लोग मूर्तियों को गंगा में प्रवाहित कर देते हैं। कुछ लोग पेड़ के नीचे रख देते हैं। हमारा लोगों से विनम्र निवेदन है कि एक टब पानी में थोड़ा गंगा जल डाल कर इन मूर्तियों को उसमें रख दें। एक-दो दिन में मूर्ति स्वत: उस में घुल जाएगी। मूर्ति घुले जल को किसी गमले या पेड़ की जड़ में डाल सकते हैं। आपका यह प्रयास मूर्ति का सम्मानजनक विसर्जन तो होगा ही मां गंगा सहित अन्य नदियों को स्वच्छ रखने को उठाया गया सार्थक कदम भी होगा। राजेश शुक्ला ने अपने सहयोगियों के साथ मणिकर्णिका तीर्थ रत्नेश्वर महादेव के सामने गंगा की तलहटी से काफी मात्रा में मूर्ति, ईश्वर की फोटो फ्रेम तस्वीरें, धार्मिक वस्तुएं, पुराने कपड़े निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रखा।

## 'आईएनडीआईए के चाहने से समाप्त नहीं होगा सनातन'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**राज्यसभा सांसद** डॉ. दिनेश शर्मा ने मध्य प्रदेश के चुनाव प्रचार से लखनऊ लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंन मंगलवार को कहा कि आईएनडीआईए ने सनातन संस्कृति को समाप्त करने की बात कही थी। विपक्ष के गठबंधन के चाहने से सनातन समाप्त नहीं होगा।

डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद से भारत देश चल रहा है। आगे भी हमारा देश इसी तरह से चलता रहेगा। इतिहास में देश के सनातनी विचार को समाप्त करने की तमाम बातें हुई हैं। फिर आज तक भारत की संस्कृति को कोई कमजोर नहीं कर सका है। बल्कि संस्कृति और मजबूत ही हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में कांग्रेस के नेताओं के बयान बेतुके आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी में शामिल स्वामी प्रसाद जैसे नेता तो उटपटांग बयान के लिए ही जाने जाते हैं। वर्तमान समय में स्वामी प्रसाद मौर्य जिस पार्टी में शामिल हैं, वहां ऐसी ही बातें करके सुर्खियां बटोरते रहते हैं। स्वामी के बयान के पीछे उनके पार्टी के लोग हैं।

## लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मी को नियमित नहीं करने पर मांगा जवाब

**जयपुर:** राजस्थान हाईकोर्ट ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से प्लेसमेंट एजेन्सी के जरिए कार्यरत संविदा कर्मियों को नियमित नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, वित्त सचिव और सीकर सहित दो जिलों के सीएमएचओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि यदि ये संविदाकर्मी संतुष्टिजनक तरीके से काम कर रहे हैं तो उसे सेवा से नहीं हटाया जाए।

# 'यूपी में माफिया दूसरे लोक की यात्रा पर चले गए'

## योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में तीसरे दिन भाजपा के आठ प्रत्याशियों के लिए मांगा जनसमर्थन

धुआंधार प्रचार

**ß यूपी विधानसभा में हाथ की दो और हाथी की एक सीट, मप्र में नहीं खुलना चाहिए इनका खाता: योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/रीवा/छतरपुर/भिंड**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मध्य प्रदेश में धुआंधार जनसभा चल रही है। योगी आदित्यनाथ मंगलवार को तीसरे दिन यहां पहुंचे और आठ प्रत्याशियों के पक्ष में विकास के लिए कमल खिलाने की अपील की। सीएम योगी ने जहां शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की दौलत भाजपा को वोट देने की अपील की तो वहीं कांग्रेस के जनविरोधी क्रियाकलापों पर तंज भी कसा। सीएम ने कहा कि जो कांग्रेस सुरक्षा व विकास नहीं कर सकती, उस बोझ को ढोने का क्या फायदा। सीएम बसपा पर भी हमलावर रहे। उन्होंने लोगों से पूछा कि खजुराहो से लखनऊ जाते समय कहीं वसूली तो नहीं होती- मध्यप्रदेश की जनता ने एक सुर से कहा-नहीं। उन्होंने इसी सुशासन के बलबूते यहां फिर से कमल खिलाने का आह्वान किया। सेमरिया में सीएम योगी ने कई लोगों को भाजपा जॉइन कराई।

**मप्र में नहीं खुलना चाहिए हाथ और हाथी का खाता:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सेमरिया से विधायक व भाजपा उम्मीदवार केपी त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगा। सीएम ने पूछा कि अयोध्या का दीपोत्सव अच्छा लगा? कांग्रेस होती तो न दीपोत्सव मन पाता और न ही राम मंदिर बन पाता। कांग्रेस सुरक्षा व विकास नहीं कर सकती तो फिर इस बोझ को सिर पर ढोने से क्या फायदा है

### 'शिवराज सिंह चौहान ने विकास को बढ़ाया'

**पीएम** मोदी व 20 वर्ष में शिवराज सिंह चौहान ने विकास को बढ़ाया है, उसी का परिणाम है कि मध्य प्रदेश बीमारू से उठकर विकसित राज्य की ओर अग्रसर हुआ है। कोल समाज के पूर्वजों ने संकट के समय भगवान राम के सहयोगी बनकर चित्रकूट में शरण दी थी, भगवान राम ने 12 वर्ष तक रहकर उस क्षेत्र को अभय प्रदान किया। कांग्रेस ने कोल, थारू, चेरू, वनवासी व गिरवासी को सिर्फ गुमराह किया। पहली बार समाज के हर तबके के लिए बिना जाति-मजहब देखे पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास किया। सीएम ने कहा कि हाथ का पंजा दिखाकर कांग्रेस ने देश को बेवकूफ बनाने का कार्य किया है और बहन जी की हाथी का पेट इतना बड़ा है कि यह मध्य प्रदेश को हजम कर जाएगा।

### 'जो 70 वर्ष में नहीं हो पाया, वह आजादी के अमृत महोत्सव में पूरा हो गया'

**टीम एक्शन इंडिया/ग्वालियर**

सीएम योगी ने ग्वालियर साउथ से श्रीनारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर पूर्व से माया सिंह व ग्वालियर से प्रद्युम्न सिंह तोमर के लिए जनसमर्थन मांगा। सीएम ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन की बात आती है तो राजमाता विजया राजे सिंधिया का स्मरण हो उठता है। कोई आंदोलन नहीं था, जिसमें उनकी सक्रिय भूमिका न रही हो। मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। आपका आह्वान करने हिंदुत्व की आधारभूमि ग्वालियर में विशेष रूप से आया हूं। सीएम योगी ने कहा कि ग्वालियर का एयरपोर्ट भव्य बन रहा है। एक समय यहां 15 सौ यात्री बैठ सकते हैं। रामायण में हम पढ़ते थे कि श्रीराम जी पुष्पक विमान से अयोध्या वापस आए थे। आज हर व्यक्ति को पुष्पक विमान में बैठने का अवसर मिल रहा है। आजादी के 70 वर्षों में यह नहीं हो पाया था, लेकिन देश जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तब यह सपना भी साकार हो रहा था। इसे साकार होते हम सबने देखा है। हवाई चप्पल पहनने वाला भी अब हवाई यात्रा कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम का नाम लेने पर समाज जोड़ने का संकल्प इससे जुड़ा होता है। वनवासियों व जनजातियों के सहयोग से राक्षसी ताकतों को नेस्तनाबूद कैसे किया जा सकता है, यह ताकत भी श्रीराम ने शबरी के जूठे बेर में देखे थे।

## 'कांग्रेस ने जनता के हर वर्ग के साथ धोखा किया'



**टीम एक्शन इंडिया/फलोदी / जोधपुर**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता के हरवर्ग के साथ धोखा किया है। राजस्थान की जनता इसे उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। शेखावत ने जनता से फलोदी से भाजपा प्रत्याशी पब्बाराम विश्नोई को पिछले चुनाव में जिताने के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस चुनाव में भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का आह्वान करते हुए सघन चुनावी जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने करीब एक दर्जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वादे खूब किए, लेकिन एक भी वादा समय पर पूरा नहीं किया। इस सरकार ने किसानों के ऋण माफ करने का वादा किया, उसे पूरा नहीं किया। बेरोजगारों को भत्ता नहीं दिया। युवकों को नौकरियां नहीं दी। उल्टे पेपर लीक माफिया पनप गए, जिससे युवकों में निराशा है। महिलाओं

भारी बहुमत

**ß कांग्रेस ने जनता के हरवर्ग के साथ धोखा किया है। जनता इसे उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है: शेखावत**

के प्रति अपराधों में राजस्थान को अव्वल बना दिया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब भाजपा सरकार प्रदेश में थी, वह केन्द्र की हर योजना में प्रथम था, लेकिन कांग्रेस सरकार आते ही पिछड़ गया। अब जब प्रदेश को घर-घर पानी पिलाने का काम आया। राजस्थान इसमें भी पिछड़ गया। जल जीवन मिशन में लाइन डालने के काम में भी भेदभाव किया। जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार हो रहा है। फलोदी विधानसभा क्षेत्र में शेखासर, जैमला, सिहड़ा, टेकरा सहित अनेक स्थानों पर चुनावी चौपाल में शामिल होने का सौभाग्य मिला।

## सीएजी की स्थापना दिवस पर मनेगा ऑडिट सप्ताह

**प्रयागराज:** सीएजी की स्थापना दिवस (16 नवम्बर) के उपलक्ष्य में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग 16 से 23 नवम्बर तक ऑडिट सप्ताह मनायेगा। इसमें प्रयागराज स्थित सभी सीएजी के अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके परिवारों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

यह जानकारी प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा प्रथम) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) भारतीय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रहरी है, जो भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारत की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## 'कांग्रेस वादे करती है और चुनाव जीतने के बाद भूल जाती है'

### बेटियों को केजी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होने तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी: राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/रतलाम/सिवनी मालवा/हरदा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा जो कहती है, उसका पालन करती है। लेकिन चुनाव आते ही कांग्रेस नारे देती है, वादे करती है और चुनाव जीतने के बाद भूल जाती है। राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जावरा, सिवनी मालवा और हरदा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को केजी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होने तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। कमलनाथ सरकार ने 15



महीनों की सरकार में जनहितैषी योजनाओं को बंद कर दिया, लेकिन अब यह नहीं होने वाला क्योंकि अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार बन रही है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार और अधिक बहुमत के साथ बनने जा रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में पिछले साढ़े नौ वर्षों से भाजपा की सरकार है और नीति आयोग कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं।

उपलब्धि

**ß नीति आयोग कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए**

आज भारत को कमजोर भारत नहीं माना जाता, पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जाता था और आज विश्व सुनता है। पहले भारत की जीडीपी विश्व में 11 स्थान पर थी और आज भारत 5वें स्थान पर आ गया है।



बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न स्कूलों के बच्चों से मिलती हुई।

## सुख-समृद्धि के लिए घरों व मंदिरों में मनाया अन्नकूट महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**

**पांच** दिवसीय दीपावली पर्व के चौथे दिन जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में विधि-विधान के साथ सुख-समृद्धि के लिए घरों व मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। गोवर्धन भगवान की पूजा की गई। घरों और मंदिरों में प्रसाद चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। इससे चहुंओर भक्तिमय माहौल बना रहा। घर के बुजुर्गों ने बच्चों को दक्षिणा देकर परंपरा निभाई। इस मौके पर घरों में तैयार छप्पन भोग पकवानों का लोगों ने आनंद लिया। मुरादाबाद में गीता ज्ञान मंदिर कोठीवाल नगर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर बुद्धि विहार, राधा कृष्ण मंदिर दिल्ली रोड, माता मंदिर लाइनपार, शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार, सत्य श्री शिव व शनि मंदिर आवास विकास, पुलिस लाइन मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर साहू मोहल्ला, श्री दुर्गा मंदिर नवीन नगर, ओम शिव हरी

सुख-समृद्धि

**ß गोवर्धन भगवान की पूजा की गई। घरों और मंदिरों में प्रसाद चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की गई**

मनोकामना मंदिर रामगंगा विहार, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कॉलोनी, राम मंदिर कटघर, संकट मोचन मंदिर विजयनगर सहित मुरादाबाद के अनेकों मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण जी को छप्पन भोग लगाए गए और भंडारे का आयोजन हुआ।

शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार के पुरोहित पंडित हेमंत भट्ट ने बताया कि दीपावली की अगले दिन कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा होती है।

## ओटीएस के बहाने बड़े बिजली चोरों को छूट, सीबीआई जांच की उठी मांग

### विद्युत उपभोक्ताओं को एक मुस्त समाधान योजना की आड़ में बिजली चोरी में 65 प्रतिशत तक छूट दिया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**राज्य विद्युत** उपभोक्ता परिषद ने एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के माध्यम से बिजली चोरी का छूट दिये जाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही इसकी सीबीआई जांच की मांग की है। इस आरोप का कारण है, बिजली चोरी एक किलो वाट की हो, 1000 किलोवाट की हो या उससे ज्यादा, सभी कैटेगरी के विद्युत उपभोक्ताओं को एक मुस्त समाधान योजना की आड़ में बिजली चोरी में 65 प्रतिशत तक छूट दिया जा रहा है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने विद्युत



नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मिलकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 का खुला उल्लंघन हो रहा है। आयोग तत्काल कार्रवाई करे। इसका खामियाजा प्रदेश के आदर्श विद्युत उपभोक्ता भुगतेंगे। उपभोक्ता परिषद

जांच की मांग

**ß जारी आदेश में बिजली चोरी को 65 प्रतिशत तक छूट दिए जाने के आदेश में एक नया मोड आ गया है**

अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने संडीला में लगभग तीन करोड 87 लाख की बिजली चोरी और नोएडा में एक करोड की बिजली चोरी का आंकडा जारी करते हुए सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन बताए कि क्या इन्हें बिजली चोरी में छूट दिया जाना सही है ? पांच किलो वाट के ऊपर पूरे प्रदेश में लगभग 53011 विद्युत चोरी के मामले, जिन पर 1250 करोड का राजस्व निर्धारण है। उत्तर प्रदेश में बिजली चोरों को छूट दिए जाने का मामला काफी उलझता जा रहा है।

पावर कॉरपोरेशन की तरफ से एक मुस्त समाधान योजना के लिए जारी आदेश में बिजली चोरी को 65 प्रतिशत तक छूट दिए जाने के आदेश में एक नया मोड आ गया है।

## स्वामी प्रसाद-अखिलेश ने हिन्दुओं को अपमानित करने का बनाया है एजेंडा: नन्दी

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने माता लक्ष्मी पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य पलटवार किया है। नन्दी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि सनातन विरोधी सोच और हिन्दुओं को अपमानित करने के कुत्सित प्रयासों का माकूल जवाब उत्तर प्रदेश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में देगी। मंत्री नन्दी ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर कहा कि स्वामी



प्रसाद मौर्य लगातार सनातन आस्था और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। उनकी जहरीली जबान पर लगाम लगाना तो बहुत दूर की बात है। अखिलेश यादव उनके आपत्तिजनक बयानों का न तो खण्डन करते हैं, न ही निन्दा। दोनों ने मिलकर हिन्दुओं को अपमानित करने का यह एजेण्डा निर्धारित किया है। नन्दी ने आगे लिखा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के लिए भस्मासुर हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने सपा को समाप्त करने की सुपारी ली है। इसीलिए बची-खुची सपा का अस्थि विसर्जन करने पर उतारू हैं। जनता सब देख और समझ रही है। सनातन विरोधी सोच और हिन्दुओं को अपमानित करने के कुत्सित प्रयासों का माकूल जवाब उत्तर प्रदेश की जनता वोट के माध्यम से देगी और 80 की 80 सीटों से सपा का सूपड़ा साफ होना तय है।

कार्रवाई

### धोखाधड़ी में लोगों ने कमाया दो करोड़ प्रोफिट, दो को न्यायिक हिरासत में भेजा

## क्रिप्टो ठगों की सात गाड़ियां जब्त, एसआईटी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**क्रिप्टो** करंसी ठगी मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसआईटी ने करोड़ों की ठगी मामले में आरोपियों की सात गाडियां जब्त की हैं। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में एसआईटी की कार्रवाई लगातार जारी है। करोड़ों के क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में एसआईटी ने अब तक चार पुलिस कर्मियों समेत 18 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इसके आलावा एसआईटी ने अब तक 12 करोड़ की प्रॉपटी फ्रीज की है, जिसमें क्रिप्टो करंसी ठगी मामले के मास्टरमाइंड सुभाष शर्मा की तीन करोड़ प्रॉपटी मंडी और जीरकपुर में फ्रीज की गई है। डीजीपी ने बताया कि



करोड़ों की इस ठगी में कई सरकारी कर्मचारी और पुलिस कर्मी शामिल हैं। एसआईटी की जांच में पता चला है कि पुलिस कर्मी पहले इन्वेस्टर बने और फिर एजेंट बन गए। क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी सुनील स्याल भी इस ठगी का किंग पिन है। एसआईटी ने क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में वेबसाइट डीकोट कर ली गई हैं, जिसमें कई ट्रांजेक्शन मिले हैं। डीजीपी संजय कुंडू ने बताया कि शातिर बाहरो-बाहर लोगों को पैसा वापस कर रहे हैं।डीजीपी ने कहा कि विदेश में फरार हुए सुभाष का वीजा खत्म होने

क्रिप्टो करंसी ठगी

**ß फोरेक्स टेडिंग घपले के तीन आरोपी दुबई फरार, पुलिस ने दिया लुक आउट नोटिस**

वाला है और उसका लुकआउट नोटिस भी दे दिया गया है। डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि एसआईटी क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में लोगों से दो करोड़ से ज्यादा ठगने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि 70 से 80 लोगों ने दो करोड़ से अधिक लाभ कमाया है। डीजीपी ने बताया कि एसआईटी ने अब आरोपियों की सात गाडि?ां जब्त की हैं। डीजीपी ने कहा कि क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में राम कुमार की किया सोननेट कार, कृष्ण दत्त की मारुति स्विफ्ट, ज्योति देवी की किया सोननेट कार, बलबीर की टाटा नेक्सॉन, हेमराज की आईटेन ग्रैंड, परस राम की क्रेटा और संजय कुमार की फॉर्चूनर गाड़ी जब्त की है। डीजीपी संजय कुंडू ने कहा कि ठगी मामले में एसआईटी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। डीजीपी ने कहा कि ठगी मामले से जुड़े लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।